# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    भोपाल, शनिवार 18 जुलाई 2026


आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

**उनसे सवाल था**
**आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?**

# उनका जवाब:भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की जातियों के कुल 20 हजार वोट, दलित-पिछड़ों के पौने दो लाख वोट, समझ लीजिए कौन जीतेगा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव का कहना है कि दतिया की जनता जानती है कि भाजपा-कांग्रेस को वोट नहीं देना है तो दामोदर यादव के रूप में एक ऐसा व्यक्ति है जो अधिकारियों की आंख में आंख डालकर हमारे काम करा सके। इसलिए, जनता के टेस्ट पर खरा उतरा हूं। 30 साल से मेहनत कर रहा हूं। दतिया की जनता ने पहले आजमा लिया, आज विश्वास करने को तैयार है। आप चारों ब्लॉक में सर्वे कराके पूछवा लीजिए कहीं कोई मुकाबला नहीं है। जनता जानती है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का काम दामोदर यादव करता है। जनता कह रही है कि मैं बेस्ट हूं मैं नहीं कह रहा। दतिया का चुनाव अगड़ा और पिछड़ा का चुनाव बन चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जो प्रत्याशी दिए हैं उनकी जातियों के मिलाकर कुल 20 हजार वोट हैं और दलित और पिछड़ों को मिलाकर पौने दो लाख वोट हैं।

यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

दतिया का दम

### यह भी बोले दामोदर यादव

- पहली बार अगड़ा और पिछड़ा के आधार पर वोट डलेंगे
- राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है
- देश के लोग कांग्रेस से निराश और भाजपा से नाराज हैं




**प्रश्नः अवधेश नायक क्या कर रहे हैं?**
उत्तरः उनकी कोर टीम के 90 प्रतिशत लोग मुझे समर्थन देने को तैयार नहीं है इसलिए मैं उनसे अपने लिए कोई मदद नहीं मांग रहा हूं। इसलिए मैं उन्हें इस धर्म संकट में नहीं डालना चाहता हूं कि वे मेरी मदद करें। उनका पुराना घर भाजपा है। मुझे पूरा विश्वास है वो भाजपा में जाते तो टिकट पा जाते।

### उनसे सीधी बातचीत

**प्रश्नः किस उम्मीद के साथ आप दतिया उप चुनाव में हैं?**
उत्तरः इस क्षेत्र की जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए आया हूं। मध्यप्रदेश के अंदर एक नई राजनैतिक शक्ति को खड़ा करने के लिए आया हूं और उसी के सेमीफाइनल के रूप में दतिया का उप चुनाव हो रहा है। और जब भाजपा और कांग्रेस के बीच यहां घमासान चल रहा था तब करीब 100 दिन का चुनाव हम लड़ चुके हैं। गांव-गांव जाकर देखेंगे तो यहां त्रिकोणीय नहीं एक कोणीय संघर्ष है। भाजपा और कांग्रेस में से दूसरे नंबर पर कौन आएगा यह तय नहीं है।

**प्रश्नः आपकी पार्टी को ढाई साल पहले हुए चुनाव में बमुश्किल 450 वोट मिले थे और आज आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?**
उत्तरः देश और प्रदेश की राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है। और लगभग 30 से 40 प्रतिशत वोट ऐसा होता है जो इन ▶▶ शेष पेज 11 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कोहेफिजा थाने के टीआई शुक्ला निलंबित



**भोपाल।** कोहेफिजा थाने में पदस्थ टीआई उपनिरीक्षक केजी शुक्ला को डीसीपी (जोन-3) आयुष गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शुक्ला पर लंबे समय से भ्रष्टाचार, अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने और अपराधियों को संरक्षण देने की गंभीर शिकायतें मिल रही थीं। कई अनियमितताओं की पुष्टि के बाद कार्रवाई की गई।

### पोते ने लाठी से पीटकर अपने दादा को मार डाला



**रीवा।** पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम चौर में शराब के नशे में धुत शिवम कोल नाम के युवक ने अपनी दादी चंद्रकली से गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब दादा नंदलाल बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपी ने उन पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण नंदलाल की मौत हो गई।

### अनुराग बने दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर



**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसी आईबी के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर और 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार भी संभाल लिया है। उन्होंने आईपीएस सतीश गोलछा का स्थान लिया है।

भारत में ऐतिहासिक शुरुआत....पटरियों पर अब 'हाइड्रोजन युग'

**पीएम मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

# भारत यह तकनीक हासिल करने वाला दुनिया का 5वां देश बना



*अब तक जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन व चीन के पास ही थी यह तकनीक*

*ट्रेन के पहले सफर में करीब 200 स्कूली छात्रों को यात्रा करने का मौका मिला, जिन्हें खुद प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर यात्रा पर रवाना किया*

हरियाणा के 89 किलोमीटर जींद-सोनीपत रूट पर दौड़ी पर्यावरण अनुकूल ट्रेन



हरी झंडी दिखाते पीएम

एजेंसी ▶▶ जींद/सोनीपत

भारत ने शुक्रवार को ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन की दिशा में एक नया इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे रूट पर चलाई गई है। इस ऐतिहासिक शुरुआत के साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में शामिल हो गया है, जिनके पास हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक है। भारत से पहले दुनिया में केवल चार देशों के पास ही सक्रिय रूप से हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने की क्षमता थी। अब भारत इस एलीट क्लब में शामिल होने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है। जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, चीन के बाद अब भारत भी इसमें शामिल हो गया है। ट्रेन को रवाना ▶▶ शेष पेज 4 पर

***99% रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण और दुनिया की सबसे ताकतवर ट्रेन***

***मुख्यमंत्री सैनी ने पीएम मोदी को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया***

### पीएम ने 75 अमृत भारत स्टेशनों का किया शुभारंभ

2 नई एक्सप्रेस ट्रेनों को भी दिखाई हरी झंडी

**जालंधर।** पीएम मोदी ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से देश को एक बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे को रफ्तार देते हुए प्रधानमंत्री ने जालंधर में 5,470 करोड़ रुपए से अधिक की रेल और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया है। इस भव्य कार्यक्रम में दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई, जिससे कई राज्यों के यात्रियों का सफर अब बेहद आसान हो ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### पीएम मोदी के संबोधन की 4 बड़ी बातें

1. **2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी** भारत खेल जगत में बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश साल 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रयास जारी हैं। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री पर काम शुरू हो चुका है।
2. **हरियाणा को 14,000 करोड़ की सौगात** हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा पीएम मोदी ने राज्य को 14 हजार करोड़ से अधिक के हाईवे, रेलवे, विरासत से जुड़े प्रोजेक्ट्स और दो नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात दी।
3. **स्वच्छता को बनाएं संस्कारः** सोशल ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी ने जालंधर से अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया वर्चुअल शुभारंभ

## प्रदेश के 13 अमृत भारत स्टेशन जनता को समर्पित



टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण करते सीएम

***मुख्यमंत्री टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल***

***सीएम ने कहा कि नए अमृत भारत स्टेशन मप्र को नई पहचान, नया सम्मान और विकास की नई दिशा देंगे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन से देश के 20 राज्यों में विकसित किए गए 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ किया। इनमें मध्यप्रदेश के पुनर्विकसित टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो के प्रवेश द्वार तरिचर, हरपालपुर, सांची, अशोकनगर, बालाघाट, ब्यौहारी, छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, नैनपुर जंक्शन, विदिशा, शिवपुरी एवं भिंड सहित कुल 13 अमृत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीएम बोले प्रधानमंत्री मोदी का आभार

सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश को 13 अमृत भारत स्टेशन के रूप में ऐतिहासिक सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि 75 अमृत भारत स्टेशनों का एक साथ शुभारंभ भारतीय रेल के ▶▶ शेष पेज 4 पर

बहराइच में दिल दहला देने वाली वारदात

**चाचा के सामने तड़पता रहा अनाथ बच्चा**

## नदी किनारे हाथ-पैर धो रहे 12 साल के मासूम को जिंदा ही निगल गया मगरमच्छ

एजेंसी ▶▶ बहराइच



सुनील

बहराइच जिले से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां घाघरा नदी किनारे हाथ-पैर धो रहे 12 वर्षीय सुनील को एक विशालकाय मगरमच्छ ने अपना शिकार बना लिया। मामला जिला मुख्यालय से 28 किमी दूर बौंडी थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव का है। गुरुवार शाम करीब 6 बजे सुनील अपने चाचा विजय राज के साथ खेत में धान की रोपाई के बाद नदी पर हाथ-मुंह धोने गया था। तभी अचानक नदी से निकले मगरमच्छ ने सुनील के पैर को अपने जबड़े में दबोच लिया। चाचा और पास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए ईंट-पत्थर मारकर बच्चे को बचाने की कोशिश की, लेकिन मगरमच्छ ने मासूम को ▶▶ शेष पेज 4 पर

5 घंटे की मशक्कत के बाद नदी से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव



हमले का वीडियो

ओबीसी आरक्षणः हाईकोर्ट में सामान्य वर्ग की तीखी दलीलें

## इंदिरा साहनी फैसले का सरकार ने नहीं किया पालन पिछड़ा वर्ग आयोग से राय न लेने पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़े करीब 100 मामलों की सुनवाई के तीसरे दिन शुक्रवार को तीखी कानूनी बहस हुई। इस दौरान आरक्षण के विरोध में खड़े सामान्य वर्ग और यूथ फॉर इक्वालिटी के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ फैसले को मुख्य आधार बनाया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी और गोपाल शंकर नारायण ने अपनी बहस पूरी करते हुए बड़ा तर्क यह रखा कि इंदिरा साहनी मामले के फैसले के पैरा 810 का पालन करते हुए मप्र सरकार ने कोई जमीनी काम नहीं किया। 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने से पहले बदली परिस्थितियों का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। ओबीसी वर्ग के वकीलों की आपत्ति के बाद कोर्ट रूम की कार्यवाही का यूट्यूब लाइव प्रसारण दोबारा शुरू किया गया, जो पिछले दो दिनों से बंद था। अब इस हाईप्रोफाइल मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।



***वकीलों के विरोध के बाद दोबारा शुरू हुआ लाइव प्रसारण***

### पिछड़ा वर्ग आयोग की अनदेखी का आरोप

सामान्य वर्ग की ओर से यह भी दलील दी गई कि 50% की अधिकतम सीमा को पार करते हुए आरक्षण का दायरा बढ़ाने से पहले सरकार ने नेशनल बैकवर्ड कमीशन से कोई राय नहीं ली। यह कदम संविधान के अनुच्छेद 338-बी का उल्लंघन है, जिससे 2019 का यह संशोधन कानून पूरी तरह निरस्त किए जाने योग्य है।

यूसीसी पर सीएम डॉ. यादव का बड़ा बयान

**इसी विधानसभा सत्र में कानून लाएगी सरकार**


## एक शादी करने वालों को ही मिलेगा यहां रहने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी/भोपाल

मप्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कटनी जिले के स्लीमनाबाद में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साफ शब्दों में कहा कि प्रदेश में एक प्रदेश, एक विधान लागू होगा और अलग-अलग धर्मों के लिए अलग कानून नहीं चलेंगे। इसी महीने विधानसभा सत्र में यूसीसी कानून का प्रस्ताव आने वाला है। मप्र में जो एक शादी करेगा, कानूनन उसी को रहने का अधिकार मिलेगा। एक से अधिक शादी करने वालों का प्रदेश में कोई स्थान नहीं होगा।

सीएम ने हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानूनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सभी नागरिकों के लिए एक समान नियम होना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रस्तावित यूसीसी कानून राज्य में कानून-व्यवस्था, सुशासन और सामाजिक समानता को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस ऐतिहासिक कदम के लिए उन्हें जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है।

**सामाजिक समानता की दिशा में बड़ा कदम**




कांग्रेस के जीतू, भाजपा के आशुतोष भी कर चुके हैं नायक से मुलाकात

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने नामांकन के दिन कहा था कि अवधेश अपने परिवार के ही**

## मनाने पहुंचे कांग्रेस के पूर्व मंत्री, अवधेश ने कहा- मैं नाराज, सबसे बात कर लूंगा फैसला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



अवधेश नायक

दतिया उप चुनाव के मैदान में भाजपा से आशुतोष तिवारी और कांग्रेस से घनश्याम सिंह मैदान में हैं लेकिन दोनों दलों के लिए पूर्व विधायक अवधेश नायक महत्वपूर्ण हो गए हैं। वजह है टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस से उनकी नाराजगी। अवधेश ने अपनी नाराजगी छिपाई भी नहीं। उन्होंने कहा है कि टिकट कटने से मैं नाराज हूं लेकिन परिवार और क्षेत्र के लोगों से चर्चा कर दतिया के हित में फैसला लूंगा। शुक्रवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक प्रवक्ता साथियों के साथ उनसे मिलने पहुंचे। दोनों के बीच लगभग आधा घंटे बातचीत हुई। अवधेश से कांग्रेस के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने अभी कोई फैसला नहीं लिया।



ट्रेन में खंडेलवाल के साथ जीतू

### ट्रेन में हो गई हेमंत-जीतू के बीच मुलाकात

दतिया उप चुनाव के बीच सियासी हल्कों में वायरल एक फोटो चर्चा का विषय है। इसमें भाजपा-कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जीतू पटवारी एक ही ट्रेन वंदेभारत में आमने-सामने बैठ कर गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। दोनों उप चुनाव के लिए दतिया जा रहे थे। दोनों का टिकट झांसी के लिए था। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भाजपा-कांग्रेस के अन्य नेता भी कर रहे कोशिश

प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा के आशुतोष तिवारी भी अवधेश के घर जाकर अपने लिया समर्थन मांग चुके हैं। अवधेश कह चुके हैं कि आशुतोष मेरे छोटे भाई जैसे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नामांकन के दिन कहा था कि अवधेश अपने परिवार के ही हैं। हमारी विचारधारा एक है। इसलिए कोई समस्या नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और पीसी शर्मा भी उनके घर जाकर उन्हें मना चुके हैं। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने तो नामांकन रैली में मंच से अवधेश से माफी मांगी थी। साफ है कि दतिया उपचुनाव के लिहाजा से अवधेश का फैसला भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। ऐसे में उनकी अगली घोषणा पर सभी की नजर है।

## खबर संक्षेप



### गुरुनानक टेकरी द्वार एवं सड़क का किया लोकार्पण

**भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने शुक्रवार को ईदगाह हिल्स क्षेत्र में बने श्री गुरुनानक टेकरी द्वार एवं सड़क का लोकार्पण किया। गुरुनानक टेकरी द्वार एवं सड़क निर्माण पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद सरोज आसेरी के अलावा नेहा बग्गा, राकेश कुकरेजा, यतेन्द्र मकवाना, विक्रम सिंह, पम्मी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं गुरुद्वारा गुरुनानक टेकरी प्रबंध समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

### महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने शुक्रवार को सांई बाबा नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यहां करीब 14 लाख रुपए की लागत से सड़क एवं नाली का निर्माण कराया जा रहा है। भूमिपूजन के अवसर पर जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, पार्षद अरविंद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पुष्य नक्षत्र पर 105 बच्चों को मिला स्वर्ण प्राशन संस्कार



**भोपाल।** एम्स भोपाल के आयुष विभाग ने पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयुर्वेद बाह्य रोगी विभाग में निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया, जिसमें 105 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 78 पुराने और 27 नए बच्चों का पंजीकरण हुआ। एक से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को डॉ. रंजना पांडे (आयुर्वेद चिकित्साधिकारी) ने स्वर्ण प्राशन कराया। डॉ. रंजना पांडे ने बताया कि आयुर्वेद में स्वर्ण प्राशन को बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, शारीरिक विकास, मानसिक एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता के लिए लाभकारी माना जाता है।

### सड़कों के शोल्डर बनाना भूले, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी भोपाल के अरविंद विहार, हमीदिया रोड एवं त्रिलंगा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान संबंधित विभाग द्वारा सड़कों के शोल्डर नहीं बनाने और इस कारण तीन लाख से अधिक लोगों को आवाजाही करने में कई तरह की परेशानी का सामना करने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि अरविंद विहार, हमीदिया रोड एवं त्रिलंगा क्षेत्र में विगत छह महीने पहले सड़क बन चुकी है, लेकिन इसके जिम्मेदार सड़क पर ढलान नहीं बनाई गई है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

### विद्युत वितरण कंपनी की बिजली वेंडर मीट 21 को

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 21 जुलाई को गोविंदपुरा स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में वेंडर मीट का आयोजन किया जा रहा है। वेंडर मीट में मौजूदा के साथ नए वेंडर को आमंत्रित किया गया है। यह वेंडर मीट 63 केव्हीए से 315 केव्हीए वितरण ट्रांसफॉर्मर, कंडक्टर, सभी प्रकार की केबल, इन्स्ट्रुमेंट ट्रांसफार्मर, एबी स्विच तथा लाइटनिंग अरेस्टर के आपूर्तिकर्ताओं के लिए आयोजित की जा रही है।

## निगम और जिला प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

# फायर सेफ्टी को लेकर कोचिंग सेंटरों का औचक निरीक्षण नोटिस का जवाब न देने पर उड़ान आईएएस एकेडमी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने और पूर्व में जारी नोटिसों का जवाब नहीं देने पर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को इन्द्रपुरी स्थित उड़ान आईएएस एकेडमी को सील कर दिया।

वहीं क्षेत्र की अन्य कोचिंग संस्थाओं और लाइब्रेरी का भी औचक निरीक्षण कर फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी मिलेगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर फायर ब्रिगेड, नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने इन्द्रपुरी और निजामुद्दीन कॉलोनी क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थानों एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया।

टीम ने फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास, अग्निशमन योजना और पूर्व में जारी नोटिसों के अनुपालन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान इन्द्रपुरी सी-सेक्टर स्थित उडान आईएस एकेडमी के संचालक द्वारा नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर टीम ने तत्काल संस्थान को सील करने की कार्रवाई की।



नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम कार्रवाई करती



इंस्टीट्यूट का निरीक्षण करते अधिकारी।

### पहले ही जवाब जमा कर दिया

एबसुल्यूट इंग्लिश इंस्टीट्यूट के निरीक्षण में संचालक ने बताया कि भवन स्वामी पहले ही नोटिस का जवाब जमा कर चुका है। जांच में यह तथ्य सही पाया गया। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर के कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सीलिंग सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



उड़ान एकेडमी को किया सील।

### जरूरी दस्तावेज जमा किए

एलसीएम लाइब्रेरी में निरीक्षण के दौरान प्रारंभिक रूप से फायर प्लान और नोटिस का जवाब उपलब्ध नहीं मिला, लेकिन संचालक ने शुक्रवार दोपहर आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए। इसके बाद टीम ने दस्तावेजों का परीक्षण किया।

**जवाब देने के लिए मांगा समय:** अनिल गुप्ता कोचिंग क्लासेस का निरीक्षण किया गया। यहां फायर एग्जिट की व्यवस्था मिली, जबकि संचालक ने नोटिस का जवाब देने के लिए एक दिन का समय मांगा। संयुक्त टीम ने उसे एक दिन की मोहलत प्रदान की।

## पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र ने संतोष को 285 मतों से हराकर चुनाव जीता

# जिला अभिभाषक संघ चुनाव में देवेंद्र रावत दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला अभिभाषक चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए । इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र रावत ने संतोष शर्मा को 285 मतों से हराकर यह चुनाव जीता है। देवेंद्र रावत को 1151 और संतोष शर्मा को 866 मत प्राप्त हुए। पुरुष उपाध्यक्ष के पद पर सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी विजयी घोषित किए गए हैं, उन्हें 1084 मत प्राप्त हुए हैं। उन्होंने एबी खान को 386 मतों से हराया। एबी खान को मत प्राप्त हुए।

महिला आरक्षित उपाध्यक्ष के पद पर मीरा चरार को विजयी घोषित किया गया हैं, उन्हें 1675 मत प्राप्त हुए। उन्होंने हेमांगी अरोरा को हराया। हेमांगी को 1597 मत मिले। सचिव पद पर मुकेश नागपुरे को 1671 मत प्राप्त हुए। उन्होंने शुभम मीना को 173 मतों से पराजित किया। सह सचिव के पद पर बारिज गुप्ता ने 1116 मत प्राप्त कर विजय पताका फहराई। उन्होंने राजू खान को 341 मतों से पराजित किया। राजू खान को 775 मत प्राप्त हुए। महिला के लिए आरक्षित कोषाध्यक्ष के पद पर अनीता पाराशर विजयी हुई हैं उन्होंने शशी जोशी को 32 मतों से पराजित किया।



जिला अभिभाषक चुनाव जीतने के बाद प्रमाण पत्र दिखाते विजेता टीम के सदस्य।

### प्रतीक जैन ने अब्दुल खालिक को से 2 मतों से हराया

अनीता पाराशर को 991 और शशि जोशी को 859 मत प्राप्त हुए। पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर प्रतीक जैन ने करीबी मुकाबले में अब्दुल खालिक को से 2 मतों से पराजित किया। प्रतीक को 1029 और खालिक को 1027 मत प्राप्त हुए। मतगणना शुक्रवार को सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई थी। दोपहर 12 बजे से मतगणना के रुझान आना शुरू हो गए थे। मतगणना की जानकारी लोगों को मुहैया कराने जिला न्यायालय परिसर में 2 बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गई थीं।



विजेता प्रत्याशी खुशियां मनाते हुए।

### अधिवक्ताओं की सेवा सुरक्षा के लिए काम करेंगे : देवेंद्र

जिला अभिभाषक संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर देवेंद्र रावत ने कहा कि वह बार एवं अधिवक्ता हित के लिए सदैव काम करेंगे। जिला न्यायालय परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था को व्यवस्थित कराएंगें। पुलिस द्वारा किसी भी अधिवक्ता के विरुद्ध केस दर्ज करने से पहले बार के अध्यक्ष, सचिव को सूचना देनी होगी। इसके लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। देवेंद्र रावत ने कहा कि वह पहले भी जिला अभिभाषक संघ के सचिव और अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके हैं।

### टीईटी की वजह से नहीं रुकेगी शिक्षकों की पदोन्नति

**भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के चलते नौकरी जाने की चुनौतियों से जूझ रहे शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। टीईटी की वजह से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं रुकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने टीईटी परीक्षा को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी सामान्य जानकारी चाही गई है, इस मांगी गई जानकारी का संबंध पदोन्नति से नहीं है। संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल ने 16 जुलाई को जारी पत्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के अंतर्गत पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए भोपाल संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे।

### आईईएचई में प्री-मैरिटल काउंसलिंग पर विशेषज्ञों ने दिए सफल दांपत्य के मंत्र

**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में शुक्रवार को मनोबल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विशेषज्ञों के साथ संवाद : प्री-मैरिटल काउंसलिंग जागरुकता सत्र का सफल आयोजन संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को विवाह-पूर्व परामर्श (प्री-मैरिटल काउंसलिंग) के महत्व, स्वस्थ वैवाहिक संबंधों की आधारशिला, प्रभावी संवाद, भावनात्मक परिपक्वता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था।



नीलम पार्क स्थित छोटे तालाब किनारे मरी हुई मछली।

## निगम अब तक तालाब से निकलवा चुका है दो लाख से अधिक मृत मछलियां

# बीस दिन बाद फिर नीलम पार्क किनारे तालाब में बड़ी संख्या में मरीं मछलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के छोटे तालाब में मछलियों के मरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब 20 दिन पहले बड़े पैमाने पर हुई मछलियों की मौत के बाद अब नीलम पार्क किनारे एक बार फिर बड़ी संख्या में मरी मछलियां पानी की सतह पर तैरती और किनारे पर जमा मिलीं। तालाब किनारे अब तक दो लाख से अधिक मरी मछलियां निकलवाई जा चुकी हैं।

नीलम पार्क क्षेत्र में तालाब के किनारे मरी हुई मछलियों के ढेर लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते मछलियों को पानी से बाहर निकलवाना चाहिए अन्यथा दुर्गंध फैलना शुरू हो जाती है। पूर्व में मछलियों के मरने के बाद तालाब में ऑक्सीजन का स्तर कम होना मछलियों की मौत का मुख्य कारण माना जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि तालाब के विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने लेकर परीक्षण कराया जा रहा है। यदि किसी प्रकार के प्रदूषण या सीवेज मिश्रण की पुष्टि होती है तो संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। झील संरक्षण प्रकोष्ठ के अधिकारियों के अनुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) को भी मामले की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। बोर्ड की टीम पानी के नमूनों की जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद मछलियों की मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे। जहां से मछलियों के मरने की जानकारी मिली है वहां स्वास्थ्य अमला मछलियों को किनारे से निकलवाने के लिए भेज दिया गया है।

**ऑक्सीजन की कमी के चलते मर रहीं हैं मछलियां**

## 21 से 23 जुलाई तक होगा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# नैक की तर्ज पर मप्र में सैक की शुरुआत 341 संस्थानों को मिलेगा प्रशिक्षण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ (स्टेट लेवल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन सेल-सैक) का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एनएएसी की तर्ज पर स्थापित यह प्रकोष्ठ राज्य के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की प्रक्रिया को सुदृढ़ कर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। एसएएसी के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 341 शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 21, 22 एवं 23 जुलाई 2026 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### उच्च शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

22 जुलाई 2026 को आयोजित सैक प्रशिक्षण कार्यशाला में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे सैक का विधिवत उदघाटन करते हुए सैक के लोगों का अनावरण करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग की इस महत्वपूर्ण पहल पर प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता सुधार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्राथमिकताओं से अवगत कराएंगे।

### अब तक 96 हजार 178 ग्रामीण उपभोक्ताओं ने लिया मात्र 5 रुपए में घरेलू नवीन विद्युत कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण उपभोक्ताओं को मात्र 5 रुपए में स्थायी घरेलू कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। दिसंबर 2024 से शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 96 हजार 178 ग्रामीणों को लाभ मिल चुका है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि भोपाल रीजन के 8 जिलों के 9 हजार 305 गावों में 63 हजार 610 उपभोक्ताओं ने तथा ग्वालियर रीजन के 8 जिलों के 7 हजार 284 गावों में 32 हजार 568 ग्रामीण उपभोक्ताओं ने 5 रुपए में नवीन कनेक्शन योजना का लाभ उठाया है। कंपनी ने कहा है कि आवेदक 5 रुपए में नवीन कनेक्शन के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र अथवा कंपनी के कॉल सेन्टर नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन घरेलू स्थायी विद्युत कनेक्शन का आवेदन सरल संयोजन पोर्टल (saralsanyojan.mpcz.in:8888/home) के माध्यम से करना होगा ।

## भोपाल टॉकीज से शाम 4 बजे शुरू होगी यात्रा

# पटेल नगर इस्कॉन मंदिर से आज निकलेगी श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री श्री गौर राधा वल्लभ मंदिर इस्कॉन, पटेल नगर, द्वारा शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की तेरहवीं वार्षिक भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। यह दिव्य महोत्सव भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलराम एवं माता सुभद्रा की रथ यात्रा का शुभारंभ सायं 4:00 बजे भोपाल टॉकीज से होगा। जोकि हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल एवं न्यू मार्केट से होती हुई प्लेटिनम प्लाजा पर इसका समापन होगा। इसमें देश-विदेश से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। वहीं भगवान जगन्नाथ के लिए ड्रेस वृंदावन से पहुंच गई।

### खटलापुरा से रथ यात्रा वापस पहुंची

*कमला पार्क श्यामला हिल्स जगदीश मंदिर से गुरुवार को निकली जगन्नाथ रथ यात्रा खटलापुरा पहुंची थी। वहां रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को दोपहर रथ यात्रा की वापसी हो गई। दूसरी ओर उत्कल समाज के जवाहर चौक मंदिर की रथ यात्रा झरनेश्वर मंदिर बाणगंगा पहुंची थी। यह यात्रा अभी यहीं रुकी हुई है। यहां पर भगवान 9 दिनों तक मौसी के घर आराम करेंगे।*

## नगर निगम की चेतावनी का असर

# रेलवे ने खुद हटाई यूरिनल के सामने बनाई गई दीवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम की सख्ती के बाद पश्चिम-मध्य रेलवे ने ऐशबाग रोड स्थित बरखेड़ी क्षेत्र में निगम द्वारा बनाए गए सार्वजनिक यूरिनल के सामने बिना अनुमति निर्मित सीमा दीवार को स्वयं हटा लिया।

इसके साथ ही निगम स्वामित्व की भूमि भी अतिक्रमण से मुक्त हो गई और आम नागरिकों के लिए यूरिनल तक पहुंच का रास्ता फिर से खुल गया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया था निर्माण

नगर निगम के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत ऐशबाग रोड-बरखेड़ी क्षेत्र में निगम की भूमि पर यूरिनल का निर्माण कराया गया था। यहां पश्चिम-मध्य रेलवे ने बिना निगम की अनुमति के सीमा दीवार खड़ी कर दी, जिससे न केवल यूरिनल तक पहुंच बाधित हो गई, बल्कि निगम की भूमि पर भी अतिक्रमण की स्थिति बन गई। इस मामले में निगम प्रशासन ने रेलवे को पत्र लिखकर दीवार हटाने और मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की बात कही थी। निगम की चेतावनी के बाद रेलवे ने स्वयं सीमा दीवार हटा दी।

## प्रभात चौराहे के वर्षों पुराने ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

परियोजना की 44 करोड़ रुपए की स्वीकृत लागत बढ़कर करीब 72 करोड़ हुई

# प्रभात चौराहा फ्लाईओवर में हो रही देरी पर नाराज हुए मंत्री विश्वास, लोनिवि अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के सबसे व्यस्त यातायात मार्गों में शामिल प्रभात चौराहे पर निर्माणाधीन डबल-डेकर फ्लाईओवर परियोजना में हुई देरी और लागत में भारी वृद्धि को लेकर मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर परियोजना में बरती गई लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की और निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। करीब 650 मीटर लंबे डबल-डेकर फ्लाईओवर का निर्माण प्रभात चौराहे (काली मंदिर पुलिया) से लाला लाजपत राय कॉलोनी तक किया जा रहा है। इस परियोजना को वर्ष 2022 में स्वीकृति मिली थी, जबकि 2023-24 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।



डबल-डेकर फ्लाईओवर परियोजना के संबंध में अधिकारियों से बात करते मंत्री सारंग।

निर्माण के दौरान मेट्रो परियोजना और लोनिवि के बीच पेयजल एवं सीवरेज लाइन शिफ्टिंग को लेकर समन्वय की कमी और प्रशासनिक विवाद के कारण कार्य लंबे समय तक बाधित रहा। अधिकारियों की लापरवाही के चलते समय पर समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिससे परियोजना की प्रगति रुक गई। परिणामस्वरूप, परियोजना की 44 करोड़ रुपए की स्वीकृत लागत बढ़कर करीब 72 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। वर्ष 2025 में संशोधित लागत की स्वीकृति के लिए प्रशासनिक स्तर पर फाइल भेजी गई, जो लंबे समय तक लंबित रही।

### सफर अधिक सुगम होगा

यह डबल-डेकर फ्लाईओवर पूरा होने के बाद प्रभात चौराहे पर वर्षों से लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से भोपाल रेलवे स्टेशन की ओर आने-जाने वाले यात्रियों का सफर अधिक सुगम और तेज होगा। वर्तमान में इस चौराहे पर प्रतिदिन भारी यातायात का दबाव रहता है, जिससे लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता है।

### सात दिन के भीतर सडकें सुधारें

मंत्री श्री सारंग ने निर्माण स्थल के आसपास की सभी सर्विस रोडों को अगले सात दिनों के भीतर दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को होने वाली परेशानी कम की जा सके।

भोपाल
शनिवार, 18 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 107
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

## अब सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

एसआईटी को मिला 15 दिनों का अतिरिक्त समय 15 जुलाई को समाप्त



एजेंसी ▸▸ अयोध्या/नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी। जांच के कुछ अहम बिंदुओं पर विस्तृत पड़ताल अभी बाकी है, इसलिए एसआईटी ने अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से और समय मांगा है। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की खंडपीठ ने स्वतंत्र जांच ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बद्रीनाथ मंदिर दान मामले में पूर्व अधिकारी भी गिरफ्तार

*देहरादून। बद्रीनाथ मंदिर दान घोटाले की जांच कर रही एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर के ही एक पूर्व अधिकारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद यह* ▸▸ शेष पेज 4 पर

राज्य सरकार ने लागू की सख्त कॉस्ट कटिंग नीति

# मोहन सरकार ने विदेश यात्राओं, नए कॉन्ट्रैक्ट्स और वीआईपी कल्चर पर तत्काल लगाई 'रोक'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में वीआईपी कल्चर और फिजूलखर्ची से जुड़े कई बड़े खर्चों पर रोक लगा दी गई है।

अब बेहद अनिवार्य मामलों को छोड़कर राज्य सरकार या उसके उपक्रमों के खर्च पर होने वाली सभी विदेश यात्राओं पर आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। इसके साथ ही नए साल या अन्य उत्सवों पर छपने वाले महंगे सरकारी कैलेंडर, डायरी के मुद्रण और वीआईपी उपहारों व स्वागत समारोहों के खर्च को भी पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों के हवाई सफर को लेकर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकारी कार्यों के लिए, इकोनॉमी क्लास के अलावा किसी भी अन्य श्रेणी में यात्रा करने पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

सभी निगमों, मंडलों और सरकारी उपक्रमों को निर्देश-वे अपने लाभांश (डिविडेंड) की अधिकतम संभव राशि सीधे राज्य शासन के खाते में जमा कराएं



### कार्यशाला, बैठकों व प्रशिक्षण पर रोक

प्रदेश में शासकीय बैठकों और कार्यालयों के रखरखाव में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। अब होटलों या व्यावसायिक केंद्रों में होने वाली महंगी कार्यशालाओं, बैठकों और ट्रेनिंग प्रोग्राम्स पर रोक लगा दी गई है। इनके स्थान पर शासकीय भवनों के उपयोग या वर्चुअल माध्यम व वेबिनार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कार्यालयों में होने वाले आंतरिक साज-सज्जा के गैर-जरूरी खर्चों को भी रोक दिया गया है।

### व्हीकल पूलिंग नीति होगी अनिवार्य

परिवहन व्यवस्था को लेकर सरकार ने 'व्हीकल पूलिंग' नीति को अनिवार्य किया है। इसके तहत यदि किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है, तो उस पद के वाहन को किसी अन्य पात्र अधिकारी को स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि किराए के वाहनों का खर्च कम हो सके। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनुबंधित गाड़ियों की संख्या सीमित करें। दो या दो से अधिक अधिकारियों के बीच एक ही वाहन आवंटित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की नई परामर्श सेवाओं (कंसल्टेंसी सर्विसेस) के अनुबंध पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

---

## खबर संक्षेप

### जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में ट्रेन रोककर यात्रियों से लूट



**गुना।** बुधवार देर रात छबड़ा-गुगोर स्टेशन के आगे रूठियाई जंक्शन के आउटर पर बदमाशों ने जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस को रोक लिया। इसके बाद 24 से अधिक नकाबपोश बदमाश स्लीपर कोच एस 5 और एस 6 में घुस गए। बदमाशों ने यात्रियों को आतंकित कर मोबाइल, नगदी और गहने छीन लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने पथराव शुरू कर दिया, बदमाश एक महिला से 2 तोला सोने की चेन झपट ले गए।

### पाखंडी कथावाचक को अंतिम सांस तक जेल



**सागर।** जिले की खुरई अदालत ने 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। पाखंडी कथावाचक गोविंद दास और उसके साथी ढोलक वादक राधे को जीवनकाल के अंतिम समय तक जेल में रहने की कठोर सजा सुनाई है। फरवरी 2025 में मालथौन क्षेत्र के एक गांव में धार्मिक कथा के दौरान आरोपियों ने किशोरी को अपने जाल में फंसाया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीब से देखा स्लीमनाबाद टनल ड्रीम प्रोजेक्ट

1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि होगी पूरी तरह सिंचित

# जलसुरंग....विंध्य और महाकौशल क्षेत्र के लिए बनेगी बड़ी 'अमृतधारा'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र का इंजीनियरिंग मार्वल यानी चमत्कार 'स्लीमनाबाद जल टनल करीब-करीब तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में टनल का निरीक्षण किया। यह टनल मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस टनल से जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा और पन्ना के करीब 1450 गांवों की 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी।

इस तरह पूरे विंध्य-महाकौशल क्षेत्र की खेती की तस्वीर और तकदीर ही बदल जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को स्लीमनाबाद टनल के करीब 99 फीसदी कार्य पूरा होने के बाद निरीक्षण किए, इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टनल का कॉन्ट्रैक्ट वर्ष 2008 में हुआ। उस वक्त इसकी शुरुआती लागत 799 करोड़ रुपए ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि यह विज्ञान का चमत्कार है कि मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी

### जहां हर मिनट उफनता था 25 हजार लीटर पानी, वहां बनी टनल



सीएम टनल का निरीक्षण करते हुए

- 100 साल तक जैसी बनी है वैसी रहेगी टनल, भूकंप का नहीं होगा असर
- अब तक इस पर 1610.47 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके
- सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया

### जमीन न बेचें किसान, बघेलखंड-बुंदेलखंड क्षेत्र पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगा

डॉ. यादव ने कहा कि सोन कछार को 152 क्यूबिक डिस्चार्ज से सतना जिले में 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, मैहर जिले में 54 हजार 227 हेक्टेयर, कटनी जिले में 21 हजार 823 हेक्टेयर, रीवा जिले में 3 हजार 532 हेक्टेयर और पन्ना जिले में 448 हेक्टेयर सहित कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड ▸▸ शेष पेज 4 पर



यहां से खेतों तक जाएगा पानी

### विज्ञान का चमत्कार है यह टनल

मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से परिपूर्ण है, लेकिन कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। यह टनल कटनी, रीवा और सतना सहित 5 जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, किंतु यह विज्ञान का चमत्कार है कि मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से ▸▸ शेष पेज 4 पर

### केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि दी

स्लीमनाबाद टनल की लगभग 12 किमी लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण से भीषण भूकंप ने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है। मुख्यमंत्री ने टनल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त ▸▸ शेष पेज 4 पर

ई-कैबिनेट की तैयारियां

## बस से जगदीशपुर जाएंगे सीएम मंत्रिमंडल सदस्य और ब्यूरोक्रेट्स

कलेक्टर और एसपी ने कलेक्टोरेट से लिया बस का ट्रायल



निरीक्षण करते अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के नजदीक जगदीशपुर में पहली बार ई-कैबिनेट रखी गई है, जिसके लिए पिछले एक हफ्ते से तैयारियां चल रही हैं। शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा देहात एसपी के साथ कलेक्टोरेट से जगदीशपुर बस से पहुंचे, जहां उन्होंने रास्ते को बारीकी से देखा। दरअसल रविवार को जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट में सीएम, मंत्रिमंडल और ब्यूरोक्रेट्स के पहुंचने के प्लान में बदलाव किया गया है। जिसके तहत रविवार को सीएम ▸▸ शेष पेज 4 पर

अभी कागज के नोट छापने का खर्च बहुत ज्यादा

## प्लास्टिक नोट लाने की तैयारी में सरकार पॉलीमर शीट की सप्लाई की मंगाई बोलियां



कागज पर नोट छपाई का खर्च वित्त वर्ष 2024-25 में 6,372 करोड़ रुपए था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में जल्दी ही प्लास्टिक के नोट देखने को मिल सकते हैं। आरबीआई ने नोटों की छपाई के लिए ओपेसिफाइड पॉलिमर सब्सट्रेट शीटों के निर्माण तथा आपूर्ति के लिए कंपनियों से वैश्विक स्तर पर निविदाएं आमंत्रित ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 60 देशों में चलते हैं प्लास्टिक नोट

अभी 60 से ज्यादा देश प्लास्टिक के नोट यूज होते हैं। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया में इसकी शुरुआत हुई थी। इसके अलावा कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और रोमानिया में भी पॉलीमर करेंसी चलती है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश पूरी तरह से पॉलीमर करेंसी अपना चुके हैं। वहीं, कई अन्य देशों ने इसे आंशिक रूप से अपनाया है।

---

### टिकट न मिलने पर भी देना होगा मुआवजा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि ट्रेन हादसे में मृत यात्री के पास टिकट न मिलना, उसके परिवार को मुआवजा देने से इनकार करने का आधार नहीं हो सकता। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मप्र हाई कोर्ट और रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के पुराने आदेशों को खारिज कर दिया। एक व्यक्ति की पत्नी लता को 8 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया।

धार भोजशाला विवादः शुक्रवार को नमाज नहीं पढ़ी गई

## प्रशासन की चिन्हित जमीन करीब 1 किमी दूर, मुस्लिम पक्ष ने नमाज से किया इनकार

मुस्लिम पक्ष चाहता है कि परिसर के आंगन में या परिसर से सटी हुई किसी जगह पर ही नमाज पढ़ने की व्यवस्था होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

धार में भोजशाला मामले में कोर्ट के आदेश के बाद धार प्रशासन ने मुस्लिम पक्ष की नमाज के लिए जो जगह तय की थी, समुदाय के लोगों ने वहां नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल, प्रशासन ने परिसर से करीब एक किलोमीटर दूर 40 पीर के पास नमाज की जगह चिन्हित की थी। वहीं मुस्लिम पक्ष तय की हुई जमीन से संतुष्ट नहीं हुआ और उस जमीन पर नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अगली सुनवाई यानी 1 अगस्त तक शुक्रवार को नमाज के लिए जगह चिन्हित करने का सुप्रीम कोर्ट ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया था। इससे पहले मुस्लिम ▸▸ शेष पेज 4 पर



इस जगह का विकल्प दिया गया

### कोर्ट के तरीके को गलत तरीके से किया गया पेश

मुस्लिम पक्ष चाहता है कि परिसर के आंगन में या परिसर से सटी हुई किसी जगह पर ही नमाज पढ़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, हम नमाज नहीं पढ़ेंगे, कोर्ट के आदेश का गलत तरीके से पेश किया गया है, हम कोर्ट में अपनी बात रखेंगे, हमारे साथ सौतेला व्यवहार हो ▸▸ शेष पेज 4 पर

सतना में खौफनाक घटना...नरबलि या जानवर के हमले का शक

## 24 घंटे से लापता 9 वर्षीय मासूम का क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला

मासूम का सिर और हाथ एक जगह मिले, जबकि धड़ उससे दूर था और पेट का हिस्सा गायब था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना



जिले के पिंडरा गांव में बुधवार शाम से लापता 9 वर्षीय नितिन यादव का शव गुरुवार शाम को गांव से 500 मीटर दूर पहाड़ी के पास जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिला।

मासूम का सिर और हाथ एक जगह मिले, जबकि धड़ उससे दूर था और पेट का हिस्सा गायब था। नितिन पांचवीं कक्षा का छात्र था और बुधवार शाम स्कूल से लौटने के बाद घर के बाहर हैंडपंप पर हाथ-मुंह धोने गया था, जिसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने बच्चे के अपहरण के बाद हत्या की आशंका जताई है, जबकि शुरुआती जांच में पुलिस और वन विभाग जंगली जानवर के हमले की आशंका भी मान रहे हैं। घटना कथित नरबलि की तरफ भी इशारा कर रही है। मामले की ▸▸ शेष पेज 4 पर

### शाजापुर में चौथी क्लास के छात्र की गला रेतकर हत्या

**शुजालपुर।** जिले के कालापीपल (नांदनी) में 10 वर्षीय प्रियांशु मेवाड़ा की धारदार हथियार से गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह बिजली कंपनी के पावर ग्रिड के पास एक खाली मैदान से उसका खून से सना शव बरामद हुआ। प्रियांशु शुक्रवार शाम 5 बजे से ▸▸ शेष पेज 4 पर

---

20 से पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश की उम्मीद

## आखिरकार, उम्मीद की बूंदें गिरी सीधी और मंडला में 'झमाझम'

भोपाल व इंदौर में 4 डिग्री पारा बढ़ा



भोपाल में बादल छाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में लंबे ब्रेक के बाद शुक्रवार को मानसून मेहरबान रहा, जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में जमकर बारिश हुई। सीधी जिले में सबसे अधिक 46 मिलीमीटर पानी गिरा। इसके अलावा मंडला में 17, बालाघाट ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कहां कितनी बारिश?

| शहर | मिलीमीटर |
|---|---|
| खजुराहो : | 6.0 |
| शिवपुरी : | 4.0 |
| उमरिया : | 4.0 |
| छिंदवाड़ा : | 2.0 |
| जबलपुर : | 2.0 |

डिजिटल मूल्यांकन से छात्रों को परेशानी की आशंका पर शीर्ष अदालत ने जताई चिंता

याचिका में मांगः उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक 75% अंकों की अनिवार्यता में प्रभावित छात्रों को अस्थायी छूट दी जाए

## सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, केंद्र सरकार से मांगी विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) यानी डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर उपजे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। छात्रों के भविष्य और मूल्यांकन में गड़बड़ी की आशंकाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इस संबंध में एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कुछ ऐसी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनकी गहराई से जांच की आवश्यकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से छात्रों में भारी निराशा और असंतोष है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



### क्या है पूरा मामला और ओएसएम सिस्टम?

यह मामला राकेश बिंजोला द्वारा दायर एक जनहित याचिका से जुड़ा है। सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली के तहत परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं की मूल (फिजिकल) कॉपी की जगह कंप्यूटर स्क्रीन पर उनकी स्कैन की गई डिजिटल कॉपियों को जांचते हैं। हालांकि, याचिका में आरोप लगाया गया है कि डिजिटल मूल्यांकन की तकनीकी खामियों और स्पष्ट नियमों के अभाव के कारण छात्रों के अंकों पर विपरीत असर पड़ रहा है। याचिका में इस पूरी व्यवस्था की निगरानी और सुधार के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाने की मांग की गई है। याचिका में कोर्ट से प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक हित की रक्षा के लिए मांग की गई है कि यदि तकनीकी गड़बड़ी साबित होती है, तो छात्रों का साल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### केंद्र सरकार का पक्ष

### समीक्षा के लिए आयोग गठित

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त किया कि कई व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान पहले ही किया जा चुका है। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने इस डिजिटल प्रणाली की समीक्षा करने और कमियों को सुधारने के लिए एस. राधा चौहान की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को अब तक उठाए गए सुधारात्मक कदमों की पूरी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने दतिया में किया मीडिया एवं सोशल मीडिया सेंटर का उद्घाटन

# आज मीडिया व सोशल मीडिया जनसंचार के सबसे प्रभावशाली माध्यम, सत्य तथ्य व विश्वसनीय जानकारी को समाज तक पहुंचाना सभी की साझा जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को दतिया उपचुनाव के लिए होटल प्राक्षी में बनाए गए मीडिया एवं सोशल मीडिया सेंटर का उद्घाटन कर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की बैठक को संबोधित किया।

**सूचना और विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है मीडिया व सोशल मीडियाः हेमंत**



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते खंडेलवाल। साथ में उपस्थित डॉ. सिंह व अग्रवाल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए स्थापित मीडिया एवं सोशल मीडिया सेंटर संगठन, मीडिया और जनता के बीच प्रभावी संवाद, समन्वय तथा तथ्यपरक सूचना के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यालय का उद्घाटन नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी संवाद तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आज के डिजिटल युग में मीडिया और सोशल मीडिया जनसंचार के सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुके हैं।

तकनीक ने सूचनाओं के प्रसार को तेज और व्यापक बनाया है, लेकिन इसके साथ कई नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। ऐसे समय में सत्य, तथ्य और विश्वसनीय जानकारी को समाज तक पहुंचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने उपस्थित पत्रकारों एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया, राजलखन सिंह एवं सोशल मीडिया संभाग प्रभारी आयुष सुरेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हमें संगठन को निरंतर मजबूत बनाना हैः शिवप्रकाश

हम सभी कार्यकर्ता एक विचार और एक उद्देश्य के लिए कार्य करते हैं। हमें संगठन को निरंतर मजबूत बनाना है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा, उपचुनाव प्रभारी भारत सिंह कुशवाह, भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने होटल रतन रॉयल में बनाए गए दतिया उपचुनाव कार्यालय का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।




**भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता को अवसर मिलता हैः खंडेलवाल**

खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा विचारधारा और कार्यकर्ताओं का संगठन है। भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता को अपनी मेहनत और क्षमता के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

**भाजपा सरकारों ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दियाः डॉ. सिंह**

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन के साथ विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिमा बागरी को क्लीन चिट पर सवाल, हाईकोर्ट जाएगी कांग्रेस

**भोपाल।** राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र को राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति द्वारा वैध घोषित किए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं शिकायतकर्ता प्रदीप अहिरवार ने समिति के फैसले पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि जांच निष्पक्ष नहीं हुई और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की अनदेखी की गई। उन्होंने इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती देने तथा जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट तक जाने की घोषणा की है। भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अहिरवार ने दावा किया कि उनकी शिकायत पूरी तरह दस्तावेजों और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित थी, लेकिन राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति ने 1950 के संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, जनगणना अभिलेखों और ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीआरआई) की रिपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्यों पर पर्याप्त विचार नहीं किया। अहिरवार के अनुसार संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 के समय प्रतिमा बागरी का परिवार जिस क्षेत्र में निवास करता था, वहां बागरी समुदाय अनुसूचित जाति सूची में शामिल नहीं था।

### कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक अगले सप्ताह होगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस की महासचिव निधि चतुर्वेदी को जारी कारण बताओ नोटिस पर अब पार्टी अगले सप्ताह फैसला ले सकती है। प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक अगले सप्ताह प्रस्तावित है, जिसमें निधि चतुर्वेदी समेत चार नेताओं के मामलों पर विचार किया जाएगा। समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अंतिम निर्णय लेंगे। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने निधि चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके जवाब में निधि चतुर्वेदी ने विस्तृत लिखित उत्तर देते हुए सवाल उठाया था कि डॉ. कामले ने उन्हें किस वैधानिक अथवा संवैधानिक अधिकार के तहत नोटिस जारी किया। उन्होंने अपने जवाब में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों का भी उल्लेख किया था।

बुंदेलखंड के किसानों ने पानी का अभाव झेला, हम इसे बनाएंगे समृद्ध

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-टीकमगढ़ में बनेगा सर्व सुविधायुक्त मेडिकल कॉलेज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है बुंदेलखंड के किसानों ने पानी के अभाव में गरीबी झेली और कई कठिनाइयां उठाईं। लेकिन अब हम केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के जरिए बुंदेलखंड को समृद्ध बनाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। परियोजना पूरी होने पर यह क्षेत्र खेती के मामले में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विशाल परियोजना से टीकमगढ़ जिले की हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे किसानों के खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचेगा और उनकी आय में ऐतिहासिक वृद्धि होगी।

डॉ. यादव शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले के खरगापुर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले को 189 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 72 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 102.45 करोड़ रूपए के 33 कामों का लोकार्पण और 86.66 करोड़ रुपए के 39 कामों का भूमिपूजन शामिल है। डॉ. यादव ने घोषणा की कि टीकमगढ़ में सर्वसुविधायुक्त भव्य मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। इसका भूमिपूजन भी शीघ्र ही किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

**189 करोड़ के 72 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

**विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी किए वितरित**





आयोजन को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। दूसरी फोटो में उपस्थित नागरिक।

### एक करोड़ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टीकमगढ़ जिले के जतारा और बड़ागांव धसान में सर्वसुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय भवनों और सोलह विद्यालयों में विभिन्न श्रेणी के नव-निर्माण कार्यों का उपहार मिला है। युवाओं और खिलाड़ियों के लिए हॉकी सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम और बास्केटबॉल कोर्ट का भी लोकार्पण हुआ है। खरगापुर में 40 करोड़ रूपए से बनने वाले नए सांदीपनि विद्यालय भवन का भूमिपूजन भी हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 तक सिंचाई का रकबा मात्र 7.50 लाख हेक्टेयर था। हमारी सरकार में प्रदेश की सिंचित भूमि का रकबा बढ़कर अब 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। हम एक करोड़ हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार लाड़ली बहनों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर सौगात दे रही है। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री एवं जतारा के वर्तमान विधायक हरिशंकर खटीक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया झिंझरी और बहोरीबंद सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात दे रही हैं। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय सर्वसुविधा युक्त गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का माध्यम बन रहे है। इसी का परिणाम है कि विद्यार्थी निजी विद्यालयों से निकलकर शासकीय सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं। डॉ. यादव स्लीमनाबाद कटनी में सांदीपनि विद्यालयों के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। झिंझरी का सांदीपनि विद्यालय 38 करोड़ 61 लाख रुपए तथा बहोरीबंद का सांदीपनि विद्यालय 35 करोड़ 63 लाख रुपए से अधिक लागत से बनकर तैयार हुआ। यहां उपलब्ध सुविधाएं गुरुकुल की गरिमा और डिजिटल युग की दक्षता का समन्वय प्रस्तुत करती हैं।

### पढ़ाई के लिए बच्चों को दिए जा रहे साधन एवं सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय शालाओं में बच्चों की पढ़ाई के लिए सभी साधन और सुविधाएं प्रदान कररही है। उन्हें निःशुल्क पुस्तकें और साइकिलें प्रदान की जा रही है। बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और अगर कोई विद्यार्थी स्कूल में टॉप करता है तो उसे स्कूटी दी जा रही है। राज्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए कुलगुरु संबोधन की परंपरा शुरू की गई है।

अमृत भारत स्टेशन योजना से पुनर्विकास

## विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी व सांची रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल पटेल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित सांची, विदिशा, अशोकनगर एवं शिवपुरी रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुआ। वहीं मप्र के 13 स्टेशनों पर भी आयोजन हुए। इस लोकार्पण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह जुड़े रहे।

इस अवसर पर चारों स्टेशनों पर आयोजित समारोहों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों, यात्रियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में सांची स्टेशन पर राज्यपाल मंगु भाई पटेल, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी सांची, पमरे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, डीआरएम पंकज त्यागी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया एवं अन्य अधिकारियों ने समारोह में सहभागिता की।

**अमृत भारत स्टेशन योजना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन**

विदिशा में रजनीश अग्रवाल सांसद राज्यसभा, मुकेश टंडन विधायक विदिशा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। अशोकनगर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। शिवपुरी में विधायक देवेन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। स्टेशन भवनों में यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है। प्लेटफॉर्मों पर नए एवं विस्तृत शेड, आरामदायक बैठने की व्यवस्था तथा उच्च गुणवत्ता वाली प्लेटफॉर्म सतह विकसित की गई है।

223 ध्यानाकर्षण, 1756 सवाल और चार स्थगन प्रस्ताव

## 20 जुलाई से मानसून सत्र, यूसीसी समेत कई विधेयकों पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का चार दिवसीय मानसून सत्र सोमवार, 20 जुलाई से शुरू होगा। सत्र के लिए अब तक सीमित संख्या में ही विधेयक विधानसभा सचिवालय पहुंचे हैं।

रविवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सहित कई विधेयकों के मसौदों को मंजूरी मिलने के बाद उन्हें विधानसभा में पेश किए जाने की संभावना है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, अब तक सदस्यों की ओर से 223 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, 1756 प्रश्न और चार स्थगन प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी की है। सत्र के लिए अब तक 64 शून्यकाल सूचनाएं, नियम-139 के तहत एक सूचना और 18 याचिकाएं भी विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुई हैं। विधायकों ने कुल 1756 प्रश्न लगाए हैं, जिनमें 900 तारांकित और 856 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इनमें 1091 प्रश्न ऑनलाइन और 665 प्रश्न ऑफलाइन हैं। इससे पहले कैबिनेट बैठक में प्रथम अनुपूरक अनुमान सहित कई विधेयकों के मसौदों पर चर्चा हो चुकी है।

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

## मप्र पुलिस सेवा के सात अफसरों को मिला आईपीएस कैडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नति का लाभ मिल गया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर सेलेक्ट लिस्ट-2025 के तहत इन अधिकारियों की आईपीएस में नियुक्ति को मंजूरी दे दी।

राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद सभी अधिकारियों को मध्यप्रदेश कैडर आवंटित किया गया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्तियां भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 तथा भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के तहत की गई हैं। नियुक्त सभी अधिकारी प्रारंभिक तौर पर एक वर्ष की प्रोबेशन पर रहेंगे। इस दौरान उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (प्रोबेशन) नियम, 1954 के तहत निर्धारित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आईपीएस कैडर में शामिल किए गए अधिकारियों में निमिषा पांडे, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक सोनी, सुमन गुर्जर, सब्यसाची सराफ और समर वर्मा शामिल हैं। सभी अधिकारियों को मध्यप्रदेश कैडर आवंटित किया गया है।

प्रबुद्ध नागरिकों, समाजसेवियों तथा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा भी की

## दतिया में कांग्रेस पार्टी एकजुट है, भाजपा का भ्रम फैलाने का प्रयास विफल होगाः नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा है कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत और एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भ्रम और अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसके प्रयास सफल नहीं होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ दतिया प्रवास पर पहुंचे मुकेश नायक ने विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम के पक्ष में समर्थन मांगा। प्रवास के दौरान मुकेश नायक ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक के निवास पर भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि अवधेश नायक ने भाजपा द्वारा उनके कांग्रेस छोड़ने या भाजपा के लिए काम करने संबंधी प्रचार को पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताया है।



**सक्रियता से चुनाव प्रचार**

मुकेश नायक के अनुसार, अवधेश नायक ने कहा कि पिछली बार टिकट नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने पूरी निष्ठा से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में काम किया था और इस बार भी कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में पूरी सक्रियता से चुनाव प्रचार करेंगे। मुकेश नायक ने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है और दतिया की जनता कांग्रेस के पक्ष में समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि उपचुनाव में कांग्रेस को जीत मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी में चीफ इंजीनियर बनाने नहीं हो सका स्क्रीनिंग कमेटी में निर्णय

# डीई चल रही है तो फिर सीआर आउट स्टैंडिंग कैसे? मुख्य सचिव ने फाइल रोकी, नहीं मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अधीक्षण यंत्री से चीफ इंजीनियर के 23 पदों पर पदोन्नति देने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। मुख्य सचिव ने इंजीनियरों की फाइल देखी तो बेहद नाराज हो गए।



उन्होंने कहा-जब कुछ अधिकारियों की डीई चल रही है तो फिर सीआर आउट स्टैंडिंग क्यों लिखी गई। उन्होंने प्रमुख सचिव से कहा कि पुनः परीक्षण के बाद फाइल प्रस्तुत की जाए। इससे पीडब्ल्यूडी में हड़कंप मच गया है। पीडब्ल्यूडी में सब इंजीनियर से लेकर अधीक्षण यंत्री (प्रभारी मुख्य अभियंता) को मिलाकर करीब 160 इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। इसमें से सब इंजीनियर से लेकर कार्यपालन यंत्री (ईई) तक की पदोन्नति जारी हो चुका है। कई दागी इंजीनियरों को पदोन्नति दी जा चुकी है। अधीक्षण यंत्री के मामले में पदोन्नति स्क्रीनिंग कमेटी से मंजूरी मिलने के बाद होती है। इसमें सीआर प्रमुखता से देखा जाता है। बताते हैं कि अधीक्षण यंत्री से मुख्य अभियंता के लिए जब सीआर लिखने की बारी आती है, तो अधिकारी उसे आउट स्टैंडिंग लिखवा लेते हैं। ऐसे पांच अधीक्षण यंत्रियों के विरुद्ध डीई चल रही हैं। सरकार ने इन्हें चीफ इंजीनियर और प्रमुख अभियंता का प्रभार दे रखा है।

**मुख्य सचिव ने नाराज होकर लौटा दी फाइल**

सूत्रों ने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में जब पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के सीआर और डीई का मामला रखा गया तो मुख्य सचिव नाराज हो गए। उन्होंने कहा-जिन अधिकारियों के विरुद्ध डीई चल रही है, उनकी सीआर एक्सीलैंस कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा-एक बार फिर विभाग इंजीनियरों की सीआर और अन्य मामलों की जांच कर परीक्षण कर लें, इसके बाद प्रस्ताव लेकर आए। मुख्य सचिव की सख्ती को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बिना डीपीसी वापस लौट गए। वैसे कुछ इंजीनियरों की फाइल का फोल्डर भी बड़ा था। जिसके परीक्षण में समय लग रहा था। इस वजह से भी स्क्रीनिंग में दिक्कत हो रही थी।

**इन इंजीनियरों में से पांच पर सवाल**

जिन इंजीनियरों के नाम पर प्रमोशन किया जाना है, उनमें अधीक्षण यंत्री एवं ईएनसी पीआईयू एसएल बघेल, केपीएस राणा, आशाराम सिंह, सूपति लाल सूर्यवंशी, रामलाल वर्मा वर्तमान में ईएनसी का प्रभार, वीके आरख, योगेंद्र सिंह बागोले, गोपाल सिंह, सुरेश चंद्र वर्मा, संजय कुमार खांडे, संजय कुमार मस्के, सुरेंद्र राव गोरखडे, आनंद प्रकाश राणे, पीसी वर्मा, बीपी बोरासी, राजेश कागरा, जिले सिंह बघेल, जीपी वर्मा, भगवान सिंह मीणा, चंद्रपाल सिंह तथा केशव सिंह यादव का नाम शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि इनमें से एसएल सूर्यवंशी, संजय मस्के, संजय खांडे, पीसी वर्मा तथा जीपी वर्मा के खिलाफ (डीई) विभागीय जांच चल रही हैं। जब डीई चल रही है तो सीआर में एक्सीलैंस कैसे लिखी गई हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी में एसीएस जल संसाधन डॉ. राजेश राजोरा, प्रमुख सचिव आदिम जाति गुलशन बामरा के अलावा प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह भी शामिल हुए।

अंतिम दिन शादाबुद्दीन और बघेल ने नाम वापस लिए

## दतिया में 22 प्रत्याशी मैदान में हर बूथ पर लगेंगी दो ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। अंतिम दिन शादाबुद्दीन और मेहरबान सिंह बघेल ने अपने नाम वापस ले लिए।

इससे पहले केशव यादव भी चुनावी मैदान से हट चुके थे। अब नोटा सहित कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो बैलेट यूनिट वाली ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार एक बैलेट यूनिट में नोटा सहित अधिकतम 16 उम्मीदवारों के नाम ही दर्ज किए जा सकते हैं। ऐसे में शेष उम्मीदवारों के नाम दूसरी बैलेट यूनिट में प्रदर्शित होंगे। मतदान के दौरान मतदाता दोनों यूनिट में उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिह्न देख सकेंगे। नामांकन की जांच और वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला प्रशासन ने अंतिम सूची भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी है। देर रात तक चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया जारी रही। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

## पीएम ई-बस सेवा: चार्जिंग डिपो का महापौर मालती ने किया निरीक्षण

# हाईटेक बसों का ट्रायल, मेयर हुईं सवार, पहले चरण में दो रूट तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की सड़कों पर जल्द ही दौडने वाली हाईटेक बसों का शुक्रवार को महापौर मालती राय की मौजूदगी में शुक्रवार को डिपो परिसर में ट्रायल किया गया। वे बस में सवार हुईं और व्यवस्थाएं देखीं। संत हिरदाराम नगर स्थित ई-बस चार्जिंग डिपो के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहर को मिली नई इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन करते हुए उनके बेहतर संचालन, नियमित रखरखाव और चार्जिंग डिपो की व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। पहले चरण में इनका संचालन शहर के दो रूटों पर किया जाएगा।

महापौर राय को अधिकारियों ने बताया कि पीएमई-बस सेवा के तहत मिलीं 25 सीटर बसें वातानूकुलित हैं और इसमें ऑटोमेटिक गेट के साथ ही दिव्यांगजन के लिए बस में चढ़ने के लिए विशेष हाईड्रोलिक प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है तथा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत बसों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

पूरी तरह से एसी हैं 25 सीटर बसें, ऑटोमेटिक गेट, दिव्यांगजन के लिए विशेष हाईड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी

*रखरखाव और यात्री सुविधाएं बेहतर बनाने के दिए निर्देश*

*इन ई-बसों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे भी*



### बसों में व्यवस्था और संचालन की प्रक्रिया समझी

महापौर ने ई-बसों का आंतरिक एवं बाह्य अवलोकन किया और संचालन की प्रक्रिया, यात्री क्षमता सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने ई-बस चार्जिंग डिपो के कार्यों को भी जाना और कर कहा कि पीएमई-बस सेवा के तहत ई-बसों का बेहतर ढंग से संचालन सुनिश्चित किया जाए। राय ने बसों एवं डिपो का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर सहित निगम व बीसीएलएल के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बस में सीटों का कंफर्ट परखतीं महापौर।

*मेट्रो की स्पीड बढ़ेगी, गति, इमरजेंसी ब्रेक सिग्नलिंग सिस्टम की हो रही टेस्टिंग*

## सीएमआरएस की मेट्रो को ओके-टू-रन को मंजूरी कभी भी, तीन दिन से देर रात ट्रायल, मेट्रो प्रशासन तैयार

मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन ने शहर में बीते सात माह से एक ट्रेक पर एक ही मेट्रो के संचालन के बाद अब दूसरे ट्रेक पर मेट्रो चलाने को लेकर स्पेशल टेस्टिंग शुरू कर दी है। बीते तीन दिन से देर रात ट्रायल चल रहा है। हालांकि मेट्रो प्रशासन का कहना है कि अभी सीएमआरएस की ओके-टू-रन की रिपोर्ट नहीं आई है। यह रिपोर्ट कभी भी आ सकती है। इसे देखते हुए मेट्रो प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन के बीच 7 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कारिडोर में तीन-तीन मेट्रो ट्रेनें एक के बाद एक ट्रैक पर चलाकर टेस्टिंग की जा रही है। इन्हें 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से चलाया जा रहा है। सीएमआरएस की रिपोर्ट आने के बाद मेट्रो प्रशासन नया शैडयूल जारी करेगा। मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि सीएमआरएस की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। जैस ही आएगी मेट्रो का दूसरे ट्रेक पर संचालन शुरू हो जाएगा।



देर रात मेट्रो ट्रेन का संचालन कर टेस्टिंग की जा रही है।

### इसलिए पहले से तैयारी

मेट्रो प्रबंधन ने नया शेड्यूल जारी होने से पहले ट्रैक की क्षमता जांचने के लिए यह स्पेशल टेस्टिंग कर रहा है। प्रबंधन का मकसद यह तय करना है कि जब ट्रैक पर एक साथ एक से ज्यादा ट्रेनें चलाई जाएं तो सिस्टम में कोई दिक्कत न आए।

### कंट्रोल सेंटर से तीनों ट्रेनों की पल-पल की हलचल पर नजर

टेस्टिंग के दौरान सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि कई हाई-टेक सुरक्षा इंतजामों को परखा जा रहा है। लाइव मॉनिटरिंग के साथ कंट्रोल सेंटर से तीनों ट्रेनों की पल-पल की हलचल देखी जा रही है। इसके बाद आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन और इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग नेटवर्क और पाइंट मशीनों की कार्यप्रणाली को चेक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 25 जून को हुआ सीएमआरएस की टीम ने प्रायोरिटी कारिडोर में दूसरे ट्रेक पर सिंग्नलिंग सिस्टम की जांच की थी।






# बावड़िया कलां में अतिक्रमण अमले से झूमाझटकी के साथ बहस और जमकर हंगामा, कब्जे जमींदोज

## लोगों ने किया विरोध, ईंटे फेंकने की कोशिश, पुलिस बल मौके पर पहुंचा

**नर्मदा कॉलोनी के पास नाले पर बने कब्जे को हटाने पहुंची थी टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बावड़िया कला स्थित नर्मदा कॉलोनी के पास शुक्रवार को नाले पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अमले और कुछ लोगों के बीच तीखी बहस, झूमाझटकी और हंगामा हो गया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि कार्रवाई कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी। सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित कर दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कराई।

नगर निगम के अनुसार गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र का अतिक्रमण अमला शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे नर्मदा कॉलोनी के समीप नाले पर किए गए अस्थायी कब्जे को हटाने पहुंचा था। इसी दौरान अतिक्रमण करने वाले कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने निगम कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, धक्का-मुक्की की और मारपीट करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने ईंटें उठाकर अमले पर फेंकने की भी कोशिश की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### निगम के अमले ने पुलिस की मौजूदगी में हटाए अस्थाई अतिक्रमण



अतिक्रमण दस्ते पर ईंट से हमला करता एक कब्जाधारी।

हंगामे की सूचना मिलने पर शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने विरोध कर रहे लोगों को हटाकर स्थिति को सामान्य किया, जिसके बाद नगर निगम की टीम ने नाले पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई पूरी की। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शासकीय कार्य में बाधा डालने, शासकीय कर्मचारियों से अभद्रता करने और कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने के मामले में शाहपुरा थाने में प्रकरण दर्ज करवाया दिया गया है।

### अतिक्रमण अधिकारी ने शाहपुरा थाने में दर्ज करवाई एफआईआर

निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के साथ अभद्र व्यवहार (गाली-गलौच) धक्का-मुक्की, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न वाले रामपाल एवं उनके अन्य साथियों के विरुद्ध अतिक्रमण अधिकारी शैलेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा थाना शाहपुरा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना शाहपुरा द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने अभद्र व्यवहार (गाली-गलौच) धक्का-मुक्की, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने पर भारतीय न्याय संहित (वी.एन.एस.2023 की धारा) 296बी, 221, 132, 324 (4), 351 (2), 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




कब्जे तोड़ने की कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

## करीब 3 लाख यात्रियों को राहत

# आरकेएमपी पर पानी की पाइप लाइन ने रोकी भोपाल से चलने वाली 8 प्रमुख ट्रेनों की शिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति स्टेशन पर पानी की पाइप लाइन नहीं होने से भोपाल स्टेशन से संचालित करीब 8 ट्रेनों का शिफ्टिंग का मामला अटक गया है। दरअसल, आरकेएमपी पर अभी 1 व 2 प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेनों में पानी भरने की सुविधा है। तो वहीं 3,4 व 5 पर यह सुविधा नहीं है। इसके चलते भोपाल की ट्रेनों को आरकेएमपी पर शिफ्टिंग का मामला रुका हुआ है। ऐसे में यहां पर पानी की पाइप लाइन डाली जाएंगी। इसके बाद ट्रेनों को शिफ्टिंग का काम किया जाएगा। रेलवे के अनुसार जल्द ही नई पानी की पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके बाद भोपाल स्टेशन का दबाव कम करने राजधानी के मुख्य स्टेशन से चलने वाली करीब 8 प्रमुख ट्रेनों (जैसे- राज्यरानी एक्सप्रेस, ग्वालियर इंटरसिटी और विंध्याचल एक्सप्रेस) को भोपाल स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन पर शिफ्ट किया जाएगा। रेलवे के इस कदम से नए शहर के करीब तीन लाख यात्रियों को लाभ मिलेगा तो वहीं भोपाल स्टेशन पर रेल यातायात का दबाव कम होने से आउटर पर ट्रेनों को रोकने की समस्या दूर होगी।




फाइल फोटो।

### ट्रेनों में पानी चढ़ाए जाने नई पाइप लाइन डाली जानी है

रानी कमलापति को विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले स्टेशन के रूप में विकसित किया है। वर्तमान में अभी यहां से करीब 120 ट्रेनें ठहराव लेकर चलती हैं। आने वाले समय में यहां ठहराव लेने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी है, जिसके लिए संसाधनों को भी बढ़ाया जा रहा है। इसी के तहत यहां पर ट्रेनों में पानी चढ़ाने के लिए नई पाइप लाइन डाली जानी है। अभी आरकेएमपी स्टेशन की वजह भोपाल स्टेशन से अधिकांश ट्रेनों में पानी भरा जाता है। इसके चलते कई बार ट्रेनों को आउटर पर भी रोकना पड़ता है। रेल अधिकारियों के अनुसार, इन आठ ट्रेनों से प्रतिदिन करीब 13,000 यात्री एक तरफ से यात्रा करते हैं। हालांकि इस नई व्यवस्था से आंशिक तौर पर नर्मदापुरम रोड, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, गुलमोहर, बावड़िया कला में रहने वाले करीब 3 लाख यात्रियों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

### भोपाल स्टेशन से ये 8 ट्रेनें होंगी शिफ्ट

- 19323/19324 भोपाल-डॉ. आंबेडकर नगर इंटरसिटी
- 12197/12198 भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी
- 22161/22162 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस
- 14813/14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस
- 19711/19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस
- 19303/19304 भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस
- 12711/12712 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस
- 61631/61632 भोपाल-बीना मेमू

### चौक बाजार को मिली 1.76 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल।** पुराने शहर के व्यस्ततम चौक बाजार क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों को शुक्रवार को 1 करोड़ 76 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली। सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने वार्ड-21 के तहत सुभाष चौक पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि पुराने शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं, महापौर मालती राय ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों से नागरिकों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी।

## हॉस्टल नंबर-9 और 11 के 21 छात्रों के फूड पाइजनिंग के बाद टीम ने मारा छापा

# आठ सौ छात्रों के हॉस्टलों में पिलाया जा रहा था गंदा पानी, गंदगी के बीच किचन में मिले मकड़ी के जाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरु नगर स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट के हॉस्टल नंबर-9 और 11 में रहने वाले करीब आठ सौ छात्रों में से दो दर्जन छात्रों को फूड पाइजनिंग हो गई, जिसके बाद छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मैनिट के दोनों हॉस्टलों की जांच की है, जहां से पानी, दाल, छोला चना, घी समेत अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि फूड पाइजनिंग को देखते हुए मैनिज के दोनों हॉस्टलों की मेस, रसोईघर, भोजन निर्माण प्रक्रिया, पेयजल व्यवस्था, आरओ प्लांट और पानी की टंकियों की जांच की गई है।



हॉस्टल के किचन की जांच करते खाद्य अधिकारी।

### टंकियों में मिली गंदगी, आरओ में मिले काले कण

टीम ने छात्रों के उल्टी-दस्त को लेकर हॉस्टलों के मैस की पानी स्टोर टंकियां और आरओ सिस्टम की भी जांच की। जिसमें बताया गया कि 11 जुलाई को टंकियों की सफाई कराई गई थी। जबकि आरओ प्लांट के फिल्टर भी बदले गए थे। जबकि जांच में टंकियों में गंदगी मिली। आरओ सिस्टम में सूक्ष्म काले कण पाए मिलने पर टंकियों और आरओ वॉटर पानी के सैंपल लिए गए हैं। जिनकी माइक्रो बायोलॉजिकल जांच कराई जाएगी। हालांकि पानी की टीडीएस लेबल 118 मिला है।

### हॉस्टल-9 से तुअर दाल, 11 से लिए घी के सैंपल

*टीम ने जांच के दौरान मैनिट के हॉस्टल नंबर 9 से तुअर दाल, काबुली चना और हॉस्टल नंबर-11 से घी, पंपकिन सीड्स, इमली समेत मेस में उपयोग की जा रही अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए हैं। दोनों हॉस्टल में वैभव फूड्स द्वारा बिना लाइसेंस के मैस का संचालन किया जा रहा था। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं मिले।*

### मैस के किचन में मिले मकड़ी के जाले

टीम ने जब हॉस्टलों के मैस की जांच की तो उसे कई जगहों पर मकड़ी के जाले और गंदगी मिली। यहां पर पेस्ट कंट्रोल नहीं कराने से कॉकरोच और अन्य कीट भी नजर आए। किचन में गंदगी मिलने के बाद संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

## हमीदिया अस्पताल: बच्चे को सांस लेने और कुछ भी निगलने में हो रही थी परेशानी

# पांच साल के मासूम के गले फंस गया था टूटा हुआ टूथब्रश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक पांच साल के मासूम जो बोल और सुन नहीं सकता था, सुबह ब्रश करने के दौरान उसके गले में टूथ ब्रश का टूटा हुआ हिस्सा फंस गया। धीरे-धीरे टूथब्रश का हिस्सा बच्चे तालू के पीछे जाकर फंस गया और उसका नुकीला हिस्सा टॉन्सिल में धंस गया था। इससे बच्चे को सांस लेने और कुछ भी निगलने में दिक्कत होने लगी। ब्रश करते समय टूथ ब्रश टूट गया और उसका ऊपरी हिस्सा बच्चे के गले में चला गया। परिजन उसे कई घंटे बाद हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। तब तक उसके तालू में सूजन आ चुकी थी। मुंह में खून और लार भरी थी। बच्चा कुछ भी निगल नहीं पा रहा था और लगातार लार टपक रही थी। उसकी हालत तेजी से बिगड़ रही थी। बच्चे की स्थिति देख ईएनटी विभाग के डॉक्टरों ने गले में बिना चीरा लगाए ऑपरेशन कर टूथब्रश का हिस्सा निकाल कर मामूम की जान बचा ली। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल अवस्थी पूरी प्रक्रिया के दौरान ऑपरेशन थिएटर में मौजूद रही। वहीं डॉ. वंदना ने अत्यंत सावधानी और कुशलता से बच्चे का सफल इंट्यूबेशन किया।

### ईएनटी और एनेस्थीसिया रेजिडेंट्स ने भी निभाई अहम भूमिका



हमीदिया अस्पताल की चिकित्सकीय टीम, जिसने बच्चे की जान बचाई।

इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ. कीर्ति वाईके, डॉ. स्मिता सोनी, डॉ. सोनल अवस्थी, डॉ. वंदना के साथ ईएनटी विभाग और एनेस्थीसिया विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### टॉन्सिल में आड़े फंसे टूथब्रश को घुमाकर निकाला

सर्जरी के दौरान पता चला कि टूथब्रश का टूटा हुआ हिस्सा गले में आड़ा फंसा हुआ था और उसका नुकीला सिरा टॉन्सिल में धंसा था। उसे सीधे बाहर निकालने पर गंभीर रक्तस्राव और ऊतकों को नुकसान पहुंच सकता था। ऐसे में ईएनटी टीम ने पहले टूथब्रश के टुकड़े को सावधानीपूर्वक धीरे-धीरे घुमाकर सीधी (वर्टिकल) स्थिति में लाया और फिर मुंह के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



### बेहोश करने में भी था सबसे बड़ा जोखिम

बच्चे के मुंह में खून और लार भरी होने के कारण उसे एनेस्थीसिया देना बेहद चुनौतीपूर्ण था। यदि इंट्यूबेशन के दौरान थोड़ी भी चूक होती तो सांस की नली बंद हो सकती थी और जान का खतरा पैदा हो जाता। विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता सोनी के मार्गदर्शन में केस पर चर्चा कर ऑपरेशन का निर्णय लिया। बच्चे की जान बचाते हुए बेहद मुश्किल सर्जरी सफलतापूर्वक की।

**डॉ. कीर्ति वाईके, असिस्टेंट प्रोफेसर, ईएनटी विभाग**

## जैकेट का शेष

### भारत यह तकनीक ...

करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन 3200 हॉर्सपावर की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन है। इसे पूरी तरह से भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और मेक इन इंडिया के तहत भारतीय कंपनी ने ही इसका निर्माण किया है। पीएम मोदी ने पिछले 12 वर्षों में भारतीय रेलवे के कायाकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि 1925 से 2014 तक देश में सिर्फ 30% रेलवे का बिजलीकरण हुआ था, जो अब बढ़कर 99% हो चुका है। इससे ईंधन संकट के समय भी भारतीय रेल बिना रुके निरंतर चलती रहेगी। उद्घाटन के विशेष मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। ट्रेन के पहले सफर में करीब 200 स्कूली छात्रों को यात्रा करने का मौका मिला, जिन्हें खुद प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर यात्रा पर रवाना किया।

### पीएम ने 75 अमृत भारत ...

जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए इन 75 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को अब आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। पीएम मोदी ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से वर्चुअली इन सभी स्टेशनों का शुभारंभ किया। इस दौरान पंजाब के विकास को रफ्तार देने के लिए 5,470 करोड़ से ज्यादा की लागत वाले रेल और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की सौगात दी गई, जिससे क्षेत्र में व्यापार और परिवहन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### पीएम मोदी के ...

मीडिया पर जींद के सफाई अभियान की तारीफ करते हुए पीएम ने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता को किसी के आने का इंतजार किए बिना अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएं।

4. जींद से पुरानी यादें: पीएम ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि वे दशकों पहले संगठन के काम से जींद आते थे। उन्होंने यहाँ के मुर्रा भैंस के दूध-दही, घी, देसी बूरा और घेवर का स्वाद याद करते हुए कहा कि जींद का स्वाद वही है, लेकिन अब विकास के तेवर बदल गए हैं।

### प्रदेश के 13 अमृत ...

भारत रेलवे स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सीएम बोले ...

आधुनिकीकरण और विकसित भारत के संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पुनर्विकसित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र के विकास, पर्यटन और जनसुविधाओं का नया केंद्र बनेगा। नए अमृत भारत स्टेशन मप्र को नई पहचान, नया सम्मान और विकास की नई दिशा देंगे। हमारे लिए यह स्टेशन समृद्ध और गौरवशाली विरासत का प्रतिबिंब हैं।

### नदी किनारे हाथ-पैर धो ...

हवा में उछालकर पानी में पटका और गहरे पानी में खींच ले गया। देखते ही देखते मगरमच्छ बच्चे के आधे शरीर को निगल गया। रात में टॉर्च की रोशनी में ग्रामीणों ने तलाशी अभियान चलाया। करीब 5 घंटे बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर सुनील का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। वन विभाग के अनुसार, मगरमच्छ बच्चे का दाहिना पैर और कमर के नीचे का हिस्सा खा चुका था। सुनील के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी और वह अपने चाचा के सहारे ही जी रहा था। इस खौफनाक हादसे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसकी पुलिस ने पुष्टि की है।

### ट्रेन में ...

हालांकि, सीटें अलग-अलग थीं लेकिन पटवारी को जैसे ही पता चला कि खंडेलवाल भी इसी ट्रेन में हैं, वे उठकर उनके पास पहुंचे और लगभग आधा घंटे तक बातचीत की। हालांकि, उनके बीच चर्चा का ब्यौरा नहीं मिल सका।

## पेज 1 का शेष

### मोहन सरकार ने विदेश...

लगा दी गई है। देश व राज्य में वित्तीय प्रबंधन और सरकारी खर्चों में पारदर्शिता को लेकर राज्य सरकार अब बेहद सख्त रुख अपना रही हैं। इसे लेकर राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। यह नियम सभी सरकारी विभागों, निगमों, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों पर अनिवार्य रूप से लागू होगा। वित्त विभाग से जारी दिशा-निर्देश अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 और आगामी वर्ष 2027-28 के बजट आवंटन को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। राज्य के खजाने को मजबूत करने के लिए राज्य शासन ने एक और महत्वपूर्ण वित्तीय कदम उठाया है। इसके तहत सभी निगमों, मंडलों और सरकारी उपक्रमों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने लाभांश (डिविडेंड) की अधिकतम संभव राशि सीधे राज्य शासन के खाते में जमा कराएं।

### अब सोमवार को सुप्रीम...

की मांग वाली जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था। साथ ही, कोर्ट ने यूपी सरकार द्वारा गठित एसआईटी से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। एसआईटी को मिला 15 दिनों का अतिरिक्त समय 15 जुलाई को समाप्त हो चुका है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़े इस हाईप्रोफाइल मामले की अंतरिम रिपोर्ट में मंदिर की व्यवस्थागत कमियों और ट्रस्ट से जुड़े कुछ जिम्मेदार लोगों की भूमिका को लेकर बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

### बद्रीनाथ मंदिर दान ...

*गिरफ्तारी की। आरोपी राजेंद्र चौहान हाल ही में 30 जून को मंदिर परिसर से रिटायर हुए थे। एसआईटी ने जांच के दौरान 22 जून की सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां देखी थीं, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। चौहान को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले एसआईटी बद्रीनाथ-केदारनाथ समिति के अध्यक्ष के निजी सचिव प्रमोद नौटियाल को भी गिरफ्तार कर चुकी है।*

### जलसुरंग....विंध्य और...

आंकी गई थी। जब काम शुरू हुआ तो खतरनाक जमीनी चुनौतियों, जानलेवा जल रिसाव को रोकने लेटेस्ट तकनीक का इस्तेमाल करना पड़ा। अब तक इस पर 1610.47 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। आज इस पूरे अनुबंध का 96.66 प्रतिशत काम हो चुका है। परियोजना के तहत आने वाली 12.135 किमी लंबी ओपन कट नहर और 11.952 किमी लंबी मुख्य टनल का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस मौके पर स्थानीय मंत्री, जनप्रतिनिधि व अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा विशेष तौर पर मौजूद थे।

### जमीन न बेचें किसान...

एरिया में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही नहरों के निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनल परियोजना में एक ओर जहां टनल के माध्यम से नर्मदा नदी बहेगी तो दूसरी ओर ऊपर से कटनी नदी प्रवाहित होगी। यह टनल परियोजना बुंदेलखंड और बघेलखंड के लिए बड़ी सौगात है, जो जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति करेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन न बेचें। यह क्षेत्र भविष्य में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा।

### विज्ञान का चमत्कार...

गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी। किसानों और क्षेत्र के व्यापारियों के लिए यह टनल एक वरदान की तरह है।

### केंद्र सरकार ने लगभग...

किया। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए 1600 करोड़ रुपए की राशि में केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ की राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि टनल तैयार होने का असंभव जैसा है। पर राज्य सरकार ने बार-बार कठिन चट्टानों की चुनौतियां आने के बावजूद नर्मदा टनल को पूरा करने के संकल्प के साथ काम करती रही।

### बस से जगदीशपुर...

हाउस से सीएम मोहन यादव, मंत्रिमंडल के सदस्य और अधिकारी दो बसों से जगदीशपुर के लिए रवाना होंगी। कैबिनेट बैठक के लिए लांबाखेड़ा बाइपास से जगदीशपुर तक नई सड़क का निर्माण भी कर दिया गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कत नहीं हो। शुक्रवार को भी कलेक्टर अपने अमले के साथ चमन महल पहुंचे, जहां उन्होंने सुरक्षा और अन्य इंतजामों को लेकर बैठक रखी।

### प्लास्टिक नोट लाने की...

की हैं। यह कंपनी आरबीआई और नोट छापने तथा सिक्के ढालने वाली सरकारी कंपनी एसपीएमसीआईएल का ज्वॉइंट वेंचर है। ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीट एक तरह का प्लास्टिक बेस मटीरियल है। इसे इस तरह बनाया जाता है कि यह रोशनी को आर-पार जाने से रोकता है और साथ ही बहुत मजबूत भी रहता है। सेंट्रल बैंक सुरक्षित करेंसी छापने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। ये नोट लंबे समय तक चलते हैं और छपाई खराब नहीं होती। साथ ही ये नोट पानी और गंदगी में सुरक्षित रहते हैं और इनकी नकल करना भी काफी मुश्किल है। आरबीआई के ताजा डेटा के मुताबिक करेंसी नोट छापने पर होने वाला खर्च वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6,372 करोड़ के टॉप पर पहुंच गया था। इसके बाद वित्त वर्ष 2025-26 में यह घटकर 4,875 करोड़ रह गया। साथ ही नोटों के खराब होने की समस्या भी है।

### प्रशासन की चिन्हित ...

पक्ष के लोग जिला कलेक्टर पहुंचे और उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराई, जिसमें उनका तर्क था कि उन्हें नमाज से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन नमाज का स्थान भोजशाला से कम से कम 300 मीटर दूर होना चाहिए। प्रशासन का कहना है कि हमनें मुस्लिम पक्ष को नमाज के लिए चिन्हित किए गए स्थान की जानकारी दे दी है और दोपहर करीब 1:45 पर मुस्लिम पक्ष को इस बारे में जानकारी दे दी गई है, अब वहां पर नमाज पढ़नी है या नहीं यह मुस्लिम पक्ष के लोगों को तय करना है।

### कोर्ट के तरीके को ...

रहा है और हमारे नमाज के अधिकार को चुना गया है और हमें जगह के बारे में देर से जानकारी दी गई। धार के एडिशनल एसपी विजय कुमार डावर ने बताया कि शहर में पूरे तरीके से शांति स्थापित है, पुलिस किसी भी अपनी घटना को रोकने के लिए पूरे शहर में तैनात की गई है। शांति व्यवस्था बनी हुई है। पिछले लगभग दो महीनों से सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना लगातार चल रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी यह व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी।

### 24 घंटे से लापता ...

गंभीरता को देखते हुए पुलिस, डॉग स्क्वॉड, साइबर सेल और वन विभाग की संयुक्त टीम जांच में जुटी है। असल कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।

### शाजापुर में चौथी क्लास...

लापता था और आखिरी बार उसे इसी मैदान के पास देखा गया था। जांच में सामने आया है कि वारदात से पहले किसी ने प्रियांशु से गुटखा मंगवाया था। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन लड़कों को हिरासत में लिया है। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब 20 मिनट तक चक्काजाम किया।

### आखिरकार, उम्मीद की...

के मलाजखंड में 16, सतना व सिवनी में 13 और दमोह में 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर और शिवपुरी समेत कई अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई है। अब 20 जुलाई से पूरे प्रदेश में तेज बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्वी क्षेत्रों में जहां शुक्रवार को बारिश ने तरबतर कर दिया, वहीं राजधानी समेत पश्चिमी इलाकों में बादलों की आवाजाही के बावजूद तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक का उछाल आ गया। भोपाल में पारा सामान्य से चार डिग्री बढ़कर 34.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल दिखे। इंदौर में भी तापमान 33.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि शनिवार को प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। जबकि 19 जुलाई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से 20 जुलाई को पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होने की उम्मीद है।

### क्या है पूरा मामला...

बर्बाद नहीं होना चाहिए। जिन छात्रों को प्रोविजनल एडमिशन मिल चुका है, उनकी पात्रता सुरक्षित रखी जाए। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक 75% अंकों की अनिवार्यता में प्रभावित छात्रों को अस्थायी छूट दी जाए।


**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर**
दूसरा एवं तीसरा तल, BSNL भवन, मुख्य डाक घर के पास, सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001
***सम्मन***
सब सैक्शन 4 अंतर्गत सैक्शन 19 ऑफ ऐक्ट साथ में उपनियम 2 ए ऑफ रूल 5 ऋण उसूली अधिकरण (प्रोसीजर) नियम 1993
ओ.ए. 410 ऑफ 2025
बैंक ऑफ बड़ौदा.................... आवेदक
Vs
मैसर्स श्री मल्हार एसोशीएट एवं अन्य .................... प्रतिवादीगण
**1. मैसर्स श्री मल्हार एसोशीएट, द्वारा पार्टनर श्रीमती जयश्री गरूनगालकर एवं श्रीमती मानया vats**
HIG 210, बागमुगलिया, अरविंद विहार भोपाल- 462043
**2. श्रीमती जयश्री गरूनगानकर पत्नी श्री जसवंत राव,**
निवास-HIG 210 बागमुगलिया अरविंद विहार, भोपाल 462043
**3. श्रीमती मानया vats पत्नी श्री प्रतीक Vats**
10 ,A जानकी नगर, चुनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल-462016
**श्रीमान पीठासीन अधिकारी के समक्ष OA No. 410 ऑफ 2025 दिनांक 06.06.25 को सूचीबद्ध किया गया।**
यह कि माननीय अधिकरण, ऐक्ट की धारा 19 (4) के अंतर्गत, यह सम्मन / नोटिस, उपरोक्त ओ.ए., जिसकी प्रति मय दस्तावेजों के साथ संलग्न है, जो आपके विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया है द्वारा आपके द्वारा लिए गए कर्जों में दिनांक 08.03.2025 तक बकाया रुपये 1,23,60,668.00 (एक करोड़, तेईस लाख, साठ हजार छे सौ अड़सठ केवल), की वसूली हेतु प्रेषित है, जिस पर दिनांक 09.03.2025 से ऋण की पूर्ण वसूली होने तक ब्याज, दांडिक ब्याज एवं खर्चे देय होंगे।
**यह कि ऐक्ट कि धारा 19 कि उप धारा (4) के अनुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि :**
i) सम्मन कि तामिली के 30 दिनों के भीतर कारण बताए कि आवेदक को मांगी गई राहत क्यों ना प्रदान की जाए।
ii) टेबल 3A में दर्शाई संपतियों एवं assets के अतिरिक्त उन सभी संपतियों एवं assets का विवरण प्रस्तुत करें जो कि प्रतिवादीगणों से संबंधित हो।
iii) आपको प्रतिबंधित किया जाता है कि आप आवेदन की सुनवाई एवं निपटान लंबित होने तक सुरक्षित परिसंपतियों (Secured Assets) एवं अन्य परिसंपतियों जो कि आवेदन के क्रम 3A टेबल में दर्शाई गई है, का कोई लेनदेन या बेचे नहीं।
iv) यह कि आप अधिकरण कि अनुमति/अनुमोदन के बिना उन संपतियों जिन पर सुरक्षा हित (Security Interest) बनाए गए है और या मूल आवेदन के पैरा 3A के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य संपतियों / परिसंपतियों बिक्री / पट्टे या अन्य माध्यम से (सामान्य व्यवसायिक कार्यों के अलावा) हस्तांतरित नहीं करेंगे।
v) यह कि आप व्यवसाय में सामान्य क्रम बेची गए सुरक्षित परिसंपतियां (Secured Assets) एवं अन्य परिसंपतियों की राशि, आवेदक बैंक जिसके सुरक्षा हित उत्पन्न हुए है, के खाते में जमा करने हेतु बाध्य होंगे।
vi) आपको निर्देशित किया जाता है कि अपना जवाब, आवेदक को कॉपी देते हुए प्रस्तुत करें एवं माननीय अधिकरण के सम्मुख दिनांक 21.09.2026 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होये, पालन ना किए जाने पर आवेदन पर सुनवाई कि जाकर निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
दिनांक 13/07/26 को अधिकरण की सील एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।
(सील) अधिकृत अधिकारी-ऋण वसूली अधिकरण



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
// आम सूचना //
अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक 154 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा 1) श्रीमती गुलाब बाई पत्नी स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल 2) श्री नयन सिंह (उर्फ नैनसिंह चंदेल) आत्मज स्व. श्री गुलाव सिंह चंदेल 3) श्री सूरज सिंह चंदेल आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 1421-25 दिनांक 11/05/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05/09/2003 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती गुलाब बाई पत्नी स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल (माता जी) की दिनांक 13/04/2021 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्रगण श्री नयन सिंह (उर्फ नैनसिंह चंदेल) आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल एवं श्री सूरज सिंह चंदेल आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल के संयुक्त नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 246 दिनांक 20/05/2026 को नामान्तरित किया गया है। श्री सूरज सिंह चंदेल आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल द्वारा भवन का हक त्याग विलेख पत्र का पंजीयन दिनांक 19/06/2026 को पंजीकृत कराकर संपत्ति श्री नैनसिंह चंदेल आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल के नाम पर हस्तान्तरण हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, हक त्याग विलेख पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किये है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री नैनसिंह चंदेल आत्मज स्व. श्री गुलाब सिंह चंदेल के नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्त-राधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**



**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
खुली निविदा, दिनांक 15.07.026
ई. निविदा कमांक डिप्टीसीईसीएच, क्यू-01/R
उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, ई-निविदा नोटिस कमांक डिप्टीसीईसीएच, क्यू-01/R के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्तनिविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी।, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे की निर्माण परियोजनाओं के अंतर्गत 105 नग ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार की आपूर्ति, स्थापना और कमिशनिंग के संबंध में।, **निविदा का सुनमानित मूल्य** : रु. 10,92,57,325.20, **बयाना राशि (रुपयें मे)**: रु. 6,96,300.00, **कार्य समापन अवधि (माह)** : 60 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय**: दिनांक 05/08/2026 को 15-00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें।, निविदाकर्ताओ से अनुरोध है, कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रो हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इस निविदा के लिए लागू होगा। हस्ता.
उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पूर्व मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2026/5
दानापुर, दि. 14.07.2026
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :- **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** DRM ऑफिस (DNR) और दानापुर स्टेशन के संबंधित ऑफिस में सभी IT एप्लीकेशन के वर्कलोड को संभालने और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए फाइबर-बेस्ड नेटवर्क (Gigabit Passive Optical Network - GPON) के जरिए रेल-नेट कनेक्टिविटी को अपग्रेड करना; रेल आश्रय करबिगहिया, पटना के पास अतिरिक्त सुविधाओं के निर्माण के साथ ऑडियो-विज़ुअल सिस्टम की व्यवस्था करना; और दानापुर डिवीजन में UTN नेटवर्क पर PRS आधुनिकीकरण के लिए पैन-इंडिया रोल-आउट से संबंधित टेलीकॉम का काम करने संबंधी कार्य। **2. अनुमानित रकम :** रूपये 36735618.79, **3. बयाना राशि :** रूपये 734700.00, **4. निविदा पस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 07.08.2026 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 07.08.2026 को 15:00 बजे। **6. वेबसाईट विवरण : www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जता सकती है :** वरीय मंडल संकेत दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।
**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
**मं० सं० एवं दूर सं० अभि०, पूर्व मध्य रेल/दानापुर**
**पीआर/0562/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26-27/44**



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षों का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm





Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6290



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6289 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 6300

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6299 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### भारत का पहला 'छोटा भीम कैफे' हैदराबाद में खुला

**हैदराबाद।** भारत के लोकप्रिय एनिमेटेड किरदार 'छोटा भीम' की दुनिया अब वास्तविक रूप में बच्चों और परिवारों के लिए खुल गई है। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने ईबीजी ग्रुप के साथ मिलकर हैदराबाद के जुबली हिल्स में देश का पहला छोटा भीम कैफे शुरू किया है। यह कैफे बच्चों के लिए एक ऐसा वेलनेस डेस्टिनेशन है, जहां पौष्टिक भोजन, खेल, सीखने और मनोरंजन का अनोखा अनुभव एक ही स्थान पर मिलेगा। कैफे में बच्चों को छोटा भीम, चुटकी, राजू, जग्गू और धोलकपुर की थीम पर आधारित आकर्षक माहौल मिलेगा।

### सैमसंग के फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे पतले

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा कि जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है।

### श्रीराम ऑटोमॉल का अशोक लेलैंड से करार

**चेन्नई।** श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (सामिल) ने हिंदुजा ग्रुप की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी कमर्शियल वाहन निर्माता अशोक लेलैंड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग का मकसद सर्टिफाइड पुराने अशोक लेलैंड कमर्शियल वाहनों के लिए एक व्यवस्थित, पारदर्शी और कुशल मार्केटप्लेस बनाना है, जिससे देश भर के ग्राहकों के लिए क्वालिटी मोबिलिटी समाधान ज्यादा आसानी से उपलब्ध हो सकें।

---

कमजोर मानसून और घटते स्टॉक का असर : त्योहारी सीजन में पहले में शक्कर में ऐतिहासिक उछाल

सितंबर तक चीनी का क्लोजिंग स्टॉक भी घटकर 10 से 15 लाख टन रहने का अनुमान

# शक्कर के भाव में महंगाई की कड़वाहट घुली, पहली बार 50 रुपए किलो के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

कमजोर मानसून और घटते स्टॉक के बीच चीनी (शक्कर )ने ऊंची छलांग लगाई है। अब तक के इतिहास में पहली बार राजधानी भोपाल में चीनी के थोक भाव 50 रुपए प्रति किलो बोला गया और आने वाले त्यौहारी सीजन में चीनी के भाव में और महंगाई की कड़वाहट घुलेगी। स्थानीय भोपाल के हनुमानगंज और जुमेराती बाजार स्थित तेल-शक्कर ब्रोकर और शक्कर व्यापारी देवानंद सचदेवा ने बताया कि त्योहारी सीजन के पहले चीन के दाम ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। पहली बार चीनी के एक्स फैक्टरी भाव 5,000 रुपए प्रति क्विंटल (50 रुपए प्रति किलो) खुला। इसका असर थोक बाजार पर भी पड़ा और आगे भी पड़ेगा। स्थानीय थोक बाजार में शक्कर 55 रुपए किलो के पार पहुंचने की संभावना है।



चीनी की कीमत 50 रुपए किलो के ऊपर बनी रहेगी

विशेषज्ञों का कहना है कि कम कैरीओवर स्टॉक, मानसून की अनिश्चितता और अगले सीजन के उत्पादन को लेकर चिंता कीमतों को समर्थन दे रहे है। हालांकि, चीनी की कीमतें 50 रुपए किलो के ऊपर लंबे समय तक बनी रहेंगी या नहीं, यह जुलाई-अगस्त में मानसून की स्थिति और नए सीजन के उत्पादन अनुमान पर निर्भर करेगा।

### भोपाल सहित देश में हर महीने करीब 22 से 25 लाख टन चीनी की जरूरत

व्यापारियों के अनुसार कमजोर मानसून के कारण गन्ना उत्पादन पर असर और पुराने स्टॉक में कमी कीमतों में तेजी के प्रमुख कारण हैं। त्योहारी सीजन में मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के साथ चीनी की कीमतों में और बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। व्यापारियों के अनुसार चालू सीजन में एथनॉल के लिए चीनी आवंटन में बदलाव के बाद उत्पादन अनुमान पहले 300 लाख टन से अधिक लगाया गया था, लेकिन अब इसके घटकर 280 से 285 लाख टन रहने की संभावना है। सितंबर तक चीनी का क्लोजिंग स्टॉक भी घटकर 10 से 15 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि देश में हर महीने करीब 22 से 25 लाख टन चीनी की जरूरत होती है।

---

एमपीआईडीसी और अमेजन के बीच एमओयू

# मप्र के एमएसएमई को मिलेगा अब ग्लोबल मार्केट का रास्ता

वाणिज्य डेस्क ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्यमियों, डी2सी ब्रांड्स, निर्माताओं, बुनकरों, कारीगरों और उत्पादकों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से अमेजन इंडिया और एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के बीच एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस साझेदारी के तहत अमेजन ग्लोबल सेलिंग के माध्यम से प्रदेश के व्यवसायों को अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स बाजार तक पहुंचाने के लिए, जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण और नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समझौते के तहत राज्य के लिए एक ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। यह पहल वर्ष 2030 तक भारत के 200–300 अरब अमेरिकी डॉलर के ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में भी सहायक मानी जा रही है। एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक एवं मध्य प्रदेश सरकार के एक्सपोर्ट कमिश्नर चंद्रमौली शुक्ला ने कहा कि भारत के निर्यात में मध्य प्रदेश का योगदान लगातार बढ़ रहा है और राज्य के एमएसएमई तथा विविध उत्पाद श्रेणियां इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।




### मप्र में ग्राहकों और विक्रेताओं ने बनाया नया रिकॉर्ड

इस बार 10वां प्राइम डे अमेजन इंडिया कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन साबित हुआ। मध्य प्रदेश समेत देशभर में प्राइम सदस्यों ने बढ़-चढ़कर खरीदारी की, जबकि राज्य के हजारों विक्रेताओं को भी इसका बड़ा लाभ मिला। कंपनी के अनुसार, इस बार पिछले सभी प्राइम डे आयोजनों की तुलना में सबसे अधिक ग्राहकों ने हिस्सा लिया और 70 प्रतिशत से अधिक नए प्राइम सदस्य टियर-2 और टियर-3 शहरों एवं कस्बों से जुड़े। तीन दिवसीय प्राइम डे सेल के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्राहकों ने स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, ग्रॉसरी, फर्नीचर और बड़े घरेलू उपकरणों की जमकर खरीदारी की।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

खुली ई–निविदा सूचना सं॰–टीआरडी–ओ॰टी॰–12–आईएनएस–कोट–26–27

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है : 1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में ओएचई के साथ कम क्लीयरेंस वाले ओवरलाईन स्ट्रक्चर के नीचे कम्पोजिट हाई वोल्टेज इंसुलेटेड कोटिंग/इंसुलेटिंग शीट की सप्लाई और उसे लगाने का काम, 2. अनुमानित रकम : 3,47,14,554.29, 3. बयाना राशि : 6,94,300/–, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयःदिनांक 06.08.2026 को 15.00 बजे तक, 5. वेबसाईट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क॰वि॰/
पूमरे/प दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0569/डीडीयू/टीआडी/टी/26–27/24


---

690 से अधिक अंक हासिल करने वाले टॉप-138 अभ्यर्थियों में 63 एलन स्टूडेंट्स शामिल

# नीट यूजी 2026 में एलन का दबदबा, टॉप टेन में 5 और टॉप 100 में 46 स्टूडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोटा

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए टॉप रैंक में बड़ी संख्या दर्ज कराई है।

परिणामों के अनुसार टॉप-10 में एलन के 5 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जबकि टॉप-100 में 46 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। नीट-यूजी 2026 में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल किए। टाइब्रेकर नियमों के आधार पर आर्यन गुप्ता को ऑल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया। पंशुल एलन के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट हैं, जबकि आर्यन डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हुए हैं। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-4 हासिल की। वहीं एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7 और क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह ने एआईआर-9 हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया।



आर्यन दुबे आर्यन गुप्ता आयुष भालोटिया गौरव सिंह पंशुल बंसल

### पैशन और क्वालिटी स्टडी से मिली सफलताः पंशुल

फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी पंशुल बंसल ने नीट-यूजी 2026 में ऑल इंडिया रैंक-2 हासिल की है। पंशुल ने बताया कि शुरुआत से उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना था। उन्होंने 10वीं और 12वीं में 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने बताया कि एलन में पढ़ाई के दौरान उन्हें प्रतियोगिता का स्तर समझने का मौका मिला।

### अनुशासन और निरंतर मेहनत से मिली मंजिलः आयुष

बिहार के नवादा जिले के निवासी आयुष भालोटिया ने नीट में 710 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-4 प्राप्त की। आयुष एलन के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं।

### फैकल्टी के निर्देशों का पालन बना सफलता का मंत्रः गौरव

राजस्थान के अलवर जिले के गाडुवास गांव निवासी गौरव सिंह ने नीट-यूजी 2026 में 705 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-9 प्राप्त की। गौरव पिछले सात वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट रहे हैं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1**
**राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

| सं. क्रं. | टेन्डर नं. | निविदा क्रं. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ CPA_ 519856_1 | 44/SAC dt. 07.07.26 | गैस राहत उपसंभाग क्रमांक-2, रा.प.प्र., लोनिवि भोपाल के अधीन शासकीय रिहायसी भवनों का वार्षिक रख रखाव, विशेष मरम्मत एवं व्हाईट वाशिंग का कार्य | Rs. 60.00 | Rs. 60000.00 | Rs. 12500/- | 24.07.2026 |
| 2 | 2026_ CPA_ 519867_1 | 45/SAC dt. 07.07.26 | गैस राहत उपसंभाग क्रमांक-2, रा.प.प्र., लोनिवि भोपाल के अधीन शासकीय अरिहायसी भवनों का वार्षिक रख रखाव, विशेष मरम्मत एवं व्हाईट वाशिंग का कार्य | Rs. 60.00 | Rs. 60000.00 | Rs. 12500/- | तदैव |
| 3 | 2026_ CPA_ 520071_1 | 46/SAC dt. 08.07.26 | गैस राहत उपसंभाग क्रमांक-2, रा.प.प्र., लोनिवि भोपाल के अधीन विविध स्थानों पर बेरीकेटस का प्रदाय, स्थल की सफाई, मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य | Rs. 30.00 | Rs. 50000.00 | Rs. 5000/- | तदैव |
| 4 | 2026_ CPA_ 520072_1 | 47/SAC dt. 08.07.26 | गैस राहत उपसंभाग क्रमांक-2, रा.प.प्र., लोनिवि भोपाल के अधीन शासकीय रिहायसी भवनों पर वाटर प्रूफिंग, मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य | Rs. 30.00 | Rs. 50000.00 | Rs. 5000/- | तदैव |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24-07-2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1
राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
0755-2464382

G-15765/26 " स्वच्छता ही सेवा "


---

## बिजनेस न्यूज

### एसबीआई भोपाल मंडल का आयोग के अध्यक्ष ने किया का दौरा, किया पौधरोपण



**भोपाल।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया।इस दौरान एसबीआई भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि, महाप्रबंधक (नेटवर्क-1) भरत कुमार मिश्रा, सेवा संगठन के पदाधिकारी, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर अंतर सिंह आर्य ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। उन्होंने एसबीआई और सेवा संगठन द्वारा समाजहित, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणादायी बताया।

### सिस्टेक में कार्यशाला संपन्न, विद्यार्थियों ने सीखी भविष्य की एआई तकनीकें

**भोपाल।** सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) में आयोजित एक सप्ताह की जेनरेटिव एआई एवं एजेंटिक एआई कार्यशाला का सफल समापन हुआ। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस) विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यशाला का संचालन कॉर्पोरेट एआई विशेषज्ञ इरफान खान ने किया। सात दिनों तक चले प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जेनरेटिव एआई, एजेंटिक एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, एआई ऑटोमेशन, इंटेलिजेंट एजेंट्स और एआई आधारित वर्कफ्लो की विस्तृत जानकारी दी गई। लाइव डेमो, केस स्टडी और प्रैक्टिकल सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने वास्तविक समस्याओं के एआई आधारित समाधान विकसित करना सीखा और उद्योग में एआई के बढ़ते उपयोग को करीब से समझा। समापन समारोह में सिस्टेक के प्राचार्य डॉ. मनीष बिल्लोरे और एआई एंड डीएस विभागाध्यक्ष डॉ. वसीमा खान उपस्थित रहे।



### एलएनसीटी विवि में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान



**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से युवाओं ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया और लोगों से मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भोपाल जोन के इंस्पेक्टर विवेकानंद ने विशेष व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे की तस्करी, साइबर माध्यमों से जुड़े अपराधों और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नरेंद्र कुमार थापक, कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार सोनी, विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वरेण्यम मोटर कार में टाटा सिएरा ईवी की भव्य लॉन्चिंग, शुरुआती कीमत 18.79 लाख रुपए

**भोपाल।** टाटा मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी सिएरा.ईवी को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। भारत की सबसे सुरक्षित और दमदार इलेक्ट्रिक एसयूवी में शामिल सिएरा.ईवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 18.79 लाख रुपए रखी गई है। इस अवसर पर वरेण्यम मोटर कार की ओर से गैमन मॉल, न्यू मार्केट, भोपाल में सिएरा.ईवी का भव्य लांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक, ऑटोमोबाइल प्रेमी और शहरवासी शामिल हुए। टाटा मोटर्स के रीजनल मैनेजर (सेल्स) विपिन सिंह और वरेण्यम मोटर कार के मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल जौहरी ने कहा कि सिएरा.ईवी डिजाइन, तकनीक, सुरक्षा और प्रदर्शन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि यह वाहन आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू में हाफीज कॉन्ट्रैक्टर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर की शुरुआत

**पुणे।** डॉ. विश्वनाथ कराड एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू) ने देश में वास्तुकला शिक्षा को नया आयाम देने के उद्देश्य से 'हाफीज कॉन्ट्रैक्टर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर' की स्थापना की घोषणा की है। यह नया संस्थान देश के प्रख्यात वास्तुकार और पद्म भूषण से सम्मानित आर्किटेक्ट हाफीज कॉन्ट्रैक्टर के सम्मान में स्थापित किया गया है। हाफीज कॉन्ट्रैक्टर पिछले चार दशकों से भारत के शहरी परिदृश्य को बदलने वाली कई आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत और टाउनशिप परियोजनाओं का नेतृत्व कर चुके हैं। उनकी आधुनिक डिजाइन शैली और नगर नियोजन में विशेषज्ञता को देखते हुए यह स्कूल छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप और भविष्य-केंद्रित शिक्षा प्रदान करेगा।



### पीएनबी का डिजिटल इंडिया भाषिणी से करार

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने ग्राहकों को उनकी पसंदीदा भारतीय भाषा में डिजिटल बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता नई दिल्ली स्थित पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में संपन्न हुआ। समझौते के तहत भाषिणी की अत्याधुनिक बहुभाषी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) तकनीक को पीएनबी के डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। इसके बाद ग्राहक आवाज और टेक्स्ट दोनों माध्यमों से कई भारतीय भाषाओं में आसानी से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।

### भारत-ब्रिटेन सीईटीए वैश्विक विकास का नया द्वार उद्योग और निर्यात को मिलेगी नई गतिः आडवाणी




**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच हुए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। भारतीय उद्योग परिसंघ पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष एवं ब्लू स्टार लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वीर एस.आडवाणी ने इसे केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि भारत के निर्यातकों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप्स, विनिर्माण क्षेत्र, पेशेवरों और कृषि क्षेत्र के लिए वैश्विक विस्तार का नया अवसर बताया। आडवाणी ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार एवं निवेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा तथा भारतीय उद्योगों की वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक विकास यात्रा को और अधिक गति देगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा इस समझौते से जुड़े हितधारकों को बधाई दी। आडवाणी ने कहा कि यह समझौता स्पष्ट संदेश देता है कि भारतीय उद्योग अब बड़े लक्ष्य तय करें, वैश्विक स्तर पर सोचें और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएं।

### गौरव पांडे नियुक्त हुए क्रीमलाइन डेयरी सीईओ

**मुंबई।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने क्रीमलाइन डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में गौरव पांडे की नियुक्ति की घोषणा की। वह कंपनी के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे। उनका मुख्य फोकस बाजार में कंपनी की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करना, कारोबार में बदलाव की गति तेज करना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा प्रमुख बाजारों में ब्रांड की मौजूदगी का विस्तार करना होगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा**

क्रमांक / 4032 to 4035, 4102 to 4106 लोक निर्माण शाखा/2026 — विदिशा, दिनाँक 16/07/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4032 | 2026_UAD_ 522125_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 30 hemant yadav to Shri Ram Dangi Vidisha | I Call | 700566.00 | 7006.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 2 | 4033 | 2026_UAD_ 522127_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 30 karan singh thakut to dangi and other streets vidisha | I Call | 1119351.00 | 8395.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 3 | 4034 | 2026_UAD_ 522133_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 33 mirzapur various streets and keshav dangi to Rajesh dangi vidisha | I Call | 2060818.00 | 15456.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 4 | 4035 | 2026_UAD_ 522144_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 33 acharya colony thakur ata chakki various streets vidisha | I Call | 1279964.00 | 9600.00 | 2000.00 | 06 months | 19/08/2026 |
| 5 | 4102 | 2026_UAD_ 522147_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 02 ayodhya nagar various streets khub singh house to doulat and rajawat house to rajkumar | I Call | 576355.00 | 5764.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 6 | 4104 | 2026_UAD_ 522154_1 | Construction work of RCC drain at ward no 17 jhulanpeet abdul auto to glamour parlor vidisha | I Call | 164777.00 | 3296.00 | 1000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 7 | 4105 | 2026_UAD_ 522166_1 | Constuction work of RCC drain at ward no 02 laxmi nagar raju josaf to ganesh house vidisha | II Call | 1419171.00 | 10644.00 | 2000.00 | 03 months | 07/08/2026 |
| 8 | 4106 | 2026_UAD_ 522167_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 30 peetalmeel hameer lodhi house to khariphatak bridge vidisha | I Call | 4515525.00 | 33866.00 | 5000.00 | 06 months | 19/08/2026 |

1. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

चिंतन

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।



विक्रम-1 रॉकेट
महेन्द्र तिवारी

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती



है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी।

( लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## अपने रूप-रंग या गुण पर घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

एक समय की बात है, एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ मांस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दांत को देख रहे हो, कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था, जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दांत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुंह में आप सब दांत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो, लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे, पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें, चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

सटाका





## आज की पाती

### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्धेनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। - **दिनेश, सोनीपत**

ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के ज़रिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### बेहतर सेवाएं मिलेंगी



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाज़ों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति चुराना गलत



जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

## यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत



यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे ज़्यादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी।

ऑफ बीट

## भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## पटवा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने की भव्य अगवानी

# आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का औबेदुल्लागंज में मंगल प्रवेश

**मुनिश्री विमल सागर महाराज सहित तीन मुनिराजों के संघ से गुरु-शिष्य मिलन हुआ**

**नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर समाज के लोगों ने आचार्यश्री का किया भव्य स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में शुक्रवार को नवाचार्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का 20 मुनिराजों के विशाल संघ के साथ प्रथम मंगल प्रवेश अत्यंत भव्य, ऐतिहासिक एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रातः बरखेड़ा रोड स्थित विंध्याचल ढाबा पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, नगर के गणमान्य नागरिकों तथा हजारों श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की मंगल अगवानी की।

नर्मदापुरम से विहार करते हुए पधारे आचार्य श्री समय सागर महाराज का एक दिन पूर्व रेहटी मार्ग से आए मुनिश्री विमल सागर महाराज सहित तीन मुनिराजों के संघ से गुरु-शिष्य मिलन हुआ। जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश जैन एवं राजीव जैन ने बताया कि इस अवसर पर नवाचार्य श्री ने मुनिश्री विमल सागर महाराज को आशीर्वाद प्रदान किया।

### श्रद्धालुओं ने 2 किलोमीटर लंबी आकर्षक रंगोली बनाई

अगवानी समारोह में भोपाल, मंडीदीप, सुल्तानपुर, बाड़ी ,बरेली सहित एक दर्जन से अधिक नगरों के जैन समाज के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। औबेदुल्लागंज की राजुल बालिका मंडल द्वारा बरखेड़ा रोड पर लगभग 2 किलोमीटर लंबी आकर्षक रंगोली बनाई गई। मुनिसंघ की आगवानी में आगे-आगे पार्श्वनाथ सेवा दल का दिव्य घोष दल चल रहा था, मुनि संघ के साथ श्रद्धालु जयघोष करते हुए आचार्य श्री के पीछे-पीछे श्री दिगंबर जैन महावीर पारमार्थिक ट्रस्ट मंदिर पहुंचे। नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि त्रिलोचन सिंह बिट्टू पिछले दिनों से आचार्य श्री के विहार में अपनी सहयोगिता प्रदान कर रहे थे, जिसकी समाज ने प्रशंसा की।





मंदिर में विधायक सुरेंद्र पटवा मुनिसंघ का स्वागत करते हुए।



मुनि संघ को आहारचर्या के लिए पड़गाहन करते जैन धर्मलंबी

### मंदिर परिसर में धर्मसभा आयोजित

मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री समय सागर महाराज ने धर्म, संयम, अहिंसा एवं आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए सदाचार, संयम और आध्यात्मिक चिंतन आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मुनिसंघ का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### इन्हें मिला आचार्यश्री के सेवा का मौका

मंदिर परिसर में आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज मंदिर का उद्घाटन सुखनंदन-विमला जैन एवं राजीव जैन परिवार द्वारा किया गया। वहीं पूर्व जैन समाज अध्यक्ष तरुण-इंदिरा जैन, संभव-सुप्रिया-संयम परिवार को आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री का आहार कराने का सौभाग्य विजय-अनीता, शुभम-रिनी जैन परिवार को मिला। समाज के सुनीत तामोट, मुकेश जैन, अरुण जैन, विजय जैन, अनिल जैन, प्रदीप भंडारी, टोनी जैन, अनुराग नीति जैन, वैभव, अनिकेत, रितेश पवन जैन, प्रदीप, पार्श्वनाथ सेवा दल के हर्ष, संयम, शुभम, अनुज, सम्यक एवं अर्पित सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### दोपहर लगभग 3 बजे मंडीदीप की ओर किया प्रस्थान

दोपहर लगभग 3 बजे आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का संघ विहार करते हुए मंडीदीप की ओर प्रस्थान कर गया। वहीं मुनि श्री विमल सागर महाराज अपने तीन मुनिराजों के संघ सहित आगामी चातुर्मास के लिए बरेली की ओर विहार कर गए।

### भोपाल के हबीबगंज जैन मंदिर में होगा चातुर्मास

समाजजनों ने बताया कि आचार्य श्री समय सागर महाराज का इस वर्ष का चातुर्मास भोपाल के एमपी नगर स्थित निर्माणाधीन श्री विद्योदय तीर्थ हबीबगंज जैन मंदिर में होगा। इसकी महाअगवानी 19 जुलाई को प्रातः 6:30 बजे नारायण नगर से प्रारंभ होकर चातुर्मास स्थली तक पहुंचेगी।

### अगवानी में ये लोग रहे उपस्थित

मंगल अगवानी में विधायक सुरेंद्र पटवा, भूपेंद्र नगर, ओमप्रकाश मीणा, नमिता बागीश अग्रवाल, सुरजीत सिंह गिल, मनोज-हेमलता चौरसिया, नीरज चावला, राजेश दीक्षित,अमीर ममनून, सुरजीत सिंह बिल्ले, जयप्रकाश शर्मा, राम अग्रवाल, रमेश गौर, त्रिलोचन सिंह बिट्टू सहित नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विहार के दौरान पुलिस प्रशासन ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

बरखेड़ा से लेकर औबेदुल्लागंज नगर तक राष्ट्रसंत नवाचार्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज की मंगल अगवानी एवं विहार के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की उत्कृष्ट जिम्मेदारी निभाई। एसडीओपी शीला सुराना एवं थाना प्रभारी भारत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा।



सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंडीदीप की ओर विहार करते मुनिसंघ।

## पहली बार मंडीदीप पहुंचे आचार्य श्री समय सागर महाराज

**जयघोष, धर्मध्वज के साथ आचार्य श्री की भव्य अगवानी की**

**मंडीदीप।** विद्याकुल शिरोमणि, परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज ससंघ का शुक्रवार शाम पहली बार मंडीदीप आगमन हुआ। नगर में उनके मंगल प्रवेश को लेकर न केवल जैन धर्मावलंबी, बल्कि समूचे नगर वासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाम करीब 5 बजे अनंत चौराहे से श्रद्धालुओं ने जयघोष, धर्मध्वज एवं भक्तिभाव के साथ आचार्य श्री की भव्य अगवानी की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। शंकराचार्य नगर के वर्धमान सेवा दल द्वारा दिव्यघोष रास्ते भर दिव्यघोष का वादन किया गया। आचार्य श्री ससंघ मंगल विहार करते हुए श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, पटेल नगर पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने विनयपूर्वक आचार्य श्री का स्वागत किया। आचार्य श्री ससंघ का रात्रि विश्राम पटेल नगर जैन मंदिर में हुआ। शनिवार प्रातः 5:30 बजे आचार्यश्री मुनिसंघ भोपाल की ओर मंगल विहार करेंगे। 11 मील पर आहारचर्या संपन्न होने के बाद संघ नारायण नगर की ओर प्रस्थान करेगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का चातुर्मास भोपाल में होने जा रहा है। मंडीदीप में प्रथम मंगल आगमन और आचार्य विद्यासागर जी के पावन चरणों की स्थापना ने इस अवसर को जैन धर्मावलंबियों के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया।

## खबर संक्षेप

### परिजन को मोबाइल पर सुसाइड नोट भेज कर छात्र ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुंदर नगर में आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट उड़िया भाषा में लिखा है। उड़िया भाषा समझ नहीं आने के कारण पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर एक्सपर्ट के पास भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उड़ीसा से भोपाल के लिए निकल गए हैं। शनिवार को वह भोपाल पहुंचेंगे। उनकी मौजूदगी में छात्र का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार सच्ची स्मिथ दास (22) सुंदर नगर, अशोका गार्डन में किराए से रहता था। मूलतः उड़ीसा का रहने वाला सच्ची स्मिथ दास यहां एमपी नगर में आईआईटी की कोचिंग कर रहा था। सच्ची स्मिथ दास ने गुरुवार रात अपने परिजन को सुसाइड नोट लिखकर वाट्सएप पर भेजा। परिजन ने उसे कॉल किया, लेकिन उसका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। लिहाजा परिजन ने उसे टीचर दीपक सिंह को घर जाकर देखने का कहा। दीपक सिंह सच्ची स्मिथ दास के कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया। इस दौरान सच्ची स्मिथ सिंह का शव पंखे के हुक पर रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। तो एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे उड़िया भाषा में लिखा था। मृतक ने कागज पर सुसाइड नोट लिखकर अपने परिजन के मोबाइल पर वाट्सएप किया था।

### कांग्रेस का महासम्मेलन आज, पूर्व प्रतिपक्ष नेता अजय सिंह करेंगे चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर के धाकड़ मैरिज गार्डन में शनिवार सुबह 10:30 बजे से कांग्रेस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर मजबूत बनाना है। सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व प्रतिपक्ष नेता अजय सिंह (राहुल भैया) शामिल होकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। उनके साथ ही पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल और पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह गडरवास भी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार सहित स्थानीय वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि इस सम्मेलन में युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, छात्र संगठन, किसान कांग्रेस और पिछड़ा वर्ग संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0527 | | |
| दिन: | 468 | 81 | 245 |
| रात: | 117 | 94 | 257 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 470 | 14 | 130 |
| रात: | 245 | 19 | 225 |

### पुलिस ने किया तीन आरोपियों को गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी

# ऑटो में प्रतिबंधित मांस मिलने पर हिंदू संगठन का हंगामा, थाने का किया घेराव

**पुलिस ने उक्त मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कमल नगर में गुरुवार देर रात बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक ऑटो में प्रतिबंधित मांस और प्रतिबंधित मवेशी का वध करने वाले तीन लोगों को दबोच लिया। हिंदू संगठन की इस कार्रवाई और हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची।

पुलिस ने उक्त मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि कुल छह लोगों को आरोपी बनाए गए हैं।



करोंद चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

तीन की गिरफ्तारी कर ली गई है। बजरंग दल के विभाग संयोजक अभिजीत राजपूत ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि निशातपुरा के कमल नगर में संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। वहां प्रतिबंधित पशु का वध कर मांस बेचा जा रहा है। अभिजीत राजपूत गुरुवार देर रात कार्यकर्ताओं के साथ कमल नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा अंदर की तरफ प्रतिबंधित पशु बंधे हुए थे और मांस रखा हुआ था। वहां खड़े ऑटो में बोरी में भरकर मांस रखा गया था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को देखकर वहां मौजूद संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अजीज, आसिफ और जुबेर को हिरासत में लिया है। अजीज आसिफ कमल नगर के हैं, जबकि अहजमद सीहारे का जुबेर है। पुलिस ने अजीज, आसिफ और जुबेर को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके साथ मौजूद एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने छह लोगों को आरोपी बनाया है। थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि मांस बरामद कर जांच के लिए भेजा गया है।

### जुआ, सट्टा, गांजे की जानकारी पर मांस की नहीं

प्रतिबंधित मांस मिलने से नाराज हिंदू संगठन ने शुक्रवार दोपहर निशातपुरा थाने का घेराव कर दिया। बजरंग दल के विभाग संयोजक अभिजीत राजपूत ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस को जुआ, सट्टा, गांजा, अफीम रखने वालों की जानकारी है, लेकिन इलाके में प्रतिबंधित मवेशियों का वध करने और मांस बेचने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### औबेदुल्लागंज पुलिस ने किया नकबजनी का खुलासा

## चंद घंटों में 4 आरोपी गिरफ्तार 2 लाख रुपए के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक घर में हुई नकबजनी (चोरी) की वारदात का चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया। घटनास्थल के गहन विश्लेषण और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चार संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों में सोनू पिता मांगीलाल कुचबंदिया, समीर पिता लियाकत खां, सीजन उर्फ सीजान पिता शहजादे खां- सभी अर्जुन नगर निवासी हैं और एक विधि विरुद्ध बालक (नाबालिग) शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ पूर्व से ही चोरी, मारपीट और अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में एसडीओपी शीला सुराणा, थाना प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह, संजीव त्यागी, प्रधान आरक्षक पंकज चौधरी, ऋषभ यादव, राजू चौहान एवं रवि नरवरिया की विशेष भूमिका रही। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।



### रेलवे प्रतिनिधियों ने प्लांट का दौरा कर टीम के सदस्यों से किया संवाद

## बीएचईएल में 6 एफआरए ट्रैक्शन मोटर पर दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल, भोपाल के ट्रैक्शन सर्विसेस विभाग द्वारा 'बीएचईएल 6 एफआरए ट्रैक्शन मोटर' के संचालन और रख-रखाव (मैंटेनेंस) पर केंद्रित दो दिवसीय उच्च स्तरीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश के विभिन्न रेलवे शेडों से आए प्रतिनिधियों और बीएचईएल प्रबंधन से धर्मेन्द्र, अपर महाप्रबंधक (टीएक्सएस एवं टीएमएक्स), मनीष वर्मा, अपर महाप्रबंधक (टीएमई), विकास रावतिया, अपर महाप्रबधक (टीएमई), संजय कुमार वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (टीएमएक्स) एवं सुबोध प्रसाद, उप महाप्रबंधक (टीएमएक्स) ने प्रतिभागिता की ।



बीएचईएल भोपाल में शुक्रवार को कार्यशाला के दौरान चर्चा करते अधिकारी।

### आधुनिक बदलावों और सुधारों की जानकारी दी

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने ट्रैक्शन मोटर्स के पेचीदा तकनीकी पहलुओं, आधुनिक बदलावों और सुधारों की जानकारी साझा की। रेलवे प्रतिनिधियों ने असेंबली और मैंटेनेंस प्रणाली को करीब से समझने के लिए प्लांट का दौरा किया। वहीं मोटर की कार्यक्षमता और आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए रेलवे इंजीनियर्स और बीएचईएल टीम के बीच सीधा संवाद हुआ।

### भेल प्रबंधन ने बेहतर सर्विसेस देने वादा किया

बीएचईएल प्रबंधन ने भारतीय रेलवे को विश्वस्तरीय उत्पाद और बेहतरीन सर्विसेस देने का वादा किया। वहीं, रेलवे प्रतिनिधियों ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इससे फील्ड में ट्रैक्शन मोटरों के रख-रखाव में बड़ी मदद मिलेगी।

## शादी का प्रलोभन देकर दो युवतियों से किया दुष्कर्म

**युवतियों को पता चलने पर दर्ज करवाई एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रातीबड़ पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर साथ कंपनी में काम करने वाले युवक पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इसी युवक के खिलाफ अवधपुरी पुलिस ने भी दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दोनों युवतियों ने बताया कि आरोपी उन्हें शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती रातीबड़ इलाके में रहती हैं। मूलतः नर्मदापुरम की रहने वाली युवती एक कंपनी में काम करती थी। कंपनी में उसका सीनियर आशीष वंशकार काम करता है। साथ काम करने के कारण दोनों में दोस्ती हो गई थी। इस दौरान अशीष वंशकार ने शादी का प्रलोभन दिया और 1 जनवरी 2026 से उससे शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। इसी प्रकार आरोपी अवधपुरी में रहने वाली 22 साल की युवती को भी 4 जनवरी को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए और उसका दैहिक शोषण करने लगा। दो दिन पहले दोनों युवतियों के बीच बातचीत हुई। दोनों ने एक दूसरे को बताया कि आशीष वंशकार ने शादी का प्रलोभन दिया है। इसके बाद रातीबड़ में रहने वाली युवती रातीबड़ थाने पहुंची और आशीष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसी प्रकार अवधपुरी में रहने वाली युवती अवधपुरी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि उसने और कितनी युवतियों को झांसे में लेकर उनका दैहिक शोषण किया है।

## साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय, पार्षद प्रतिनिधि सहित 5 लोगों के मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के साप्ताहिक बाजार में पिछले कई हफ्तों से मोबाइल चोर और जेबकतरा गिरोह सक्रिय है, जिससे व्यापारियों और आम जनता में असुरक्षा का माहौल है। बीते गुरुवार को बाजार आए पार्षद प्रतिनिधि मनोज चौरसिया सहित पांच लोगों के मोबाइल चोरी होने की घटनाएं सामने आईं। मनोज चौरसिया ने मोबाइल चोरी के संबंध में थाना औबेदुल्लागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को ही बाजार में चार अन्य लोगों के भी मोबाइल चोरी होने की घटनाएं सामने आई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई सप्ताह से मोबाइल चोरी और जेब काटने की घटनाएं हो रही हैं।

### व्यापार संघ की मांग

लगातार हो रही चोरी और जेबकतरी की घटनाओं को देखते हुए व्यापार संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि इन वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### भगवान झूलेलाल चालीहा एक धार्मिक अनुष्ठान है : चांदवानी

# प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव की धूम श्रद्धालु उत्साह से कर रहे पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में थाने के सामने स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।

चालीहा महोत्सव का शुभारंभ पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने ज्योत प्रज्वलित कर किया। धार्मिक भजनों का कार्यक्रम के साथ अखा डाला गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने चालीहा साहिब पर बताया कि झूलेलाल चालीहा महोत्सव सिंधी समुदाय का 40 दिनों का एक महत्वपूर्ण और पवित्र धार्मिक अनुष्ठान है, जो भगवान झूलेलाल की आराधना को समर्पित है।



प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### जल देवता की पूजा कर सुख शांति और समृद्धि की कामना

यह व्रत हर साल जुलाई या अगस्त के महीनों में मनाया जाता है, जिसमें श्रद्धालु जल देवता की पूजा कर सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। यह त्योहार मुख्य रूप से प्राचीन काल में सिंध प्रांत पाकिस्तान के एक क्रूर शासक मीरखशाह के अत्याचारों से हिंदुओं की रक्षा करने वाले भगवान झूलेलाल की आराधना सिंधु नदी के किनारे 40 दिवस का उपवास रखा गया था। भगवान झूलेलाल को दरियालाल या जल देवता माना जाता है। इसलिए इन 40 दिनों तक नदियों या तालाबों के किनारे विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन किए जाते हैं।

### सैकड़ों धर्मप्रेमी रहे उपस्थित

इस अवसर पर भगवान झूलेलाल के भजन पेश किए गए व जयकारे लगाए गए। मंदिर सेवादारी अशोक मोतियानी, परसराम थावानी, भारती चांदवानी, मोना मोतियानी, सीमा रामनानी, वासु मोतियानी, ठाकुर लालवानी, नरेश शिवानी, विनोद कृपलानी, कन्हैयालाल, बबलू टेकचंदानी, हरीश मूलचंदानी सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे। अंत में हथप्रसादी वितरण किया गया।



## बीएचईएल में विभागीय हिन्दी ई-पत्रिका 'संप्रेषण' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के आईसीटी विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रशासनिक भवन के सभागार में विभागीय हिन्दी ई-पत्रिका 'संप्रेषण' का विमोचन किया गया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में राजेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (एसओएम) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि पूनम साहू, प्रबंधक (राजभाषा) के साथ समारोह की अध्यक्षता एचके पाटिल, अपर महाप्रबंधक (आईसीटी) द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईसीटी विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# जिंदगी एक सफर... में गूंजे 'काका' के अमर नगमे

## रवींद्र भवन में राजेश खन्ना को दी संगीतमयी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना उर्फ 'काका' की सदाबहार यादों को संगीत के माध्यम से जीवंत करने के लिए शुक्रवार को रवींद्र भवन में एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'जिंदगी एक सफर...' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश खन्ना पर फिल्माए गए कालजयी गीतों की मधुर प्रस्तुति ने ऐसा समा बांधा कि श्रोता झूमते रह गए। आयोजन की परिकल्पना डॉ. जितेंद्र झारिया ने की, जबकि वंदना सोनी इसकी आयोजक हैं।



**मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू... से जिंदगी कैसी है पहेली... तक**

इस संगीतमय शाम में दर्शकों को मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू, ये शाम मस्तानी, चिंगारी कोई भड़के, कुछ तो लोग कहेंगे, मेरा जीवन कोरा कागज, ओ मेरे दिल के चैन, जय जय शिव शंकर, प्यार दीवाना होता है और जिंदगी कैसी है पहेली... जैसे सदाबहार गीतों की सुरमयी प्रस्तुति सुनने को मिली।

### राजेश खन्ना के प्रशंसकों के लिए बनी शाम यादगार

आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल गीतों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि उस स्वर्णिम दौर को याद करने का प्रयास है, जब राजेश खन्ना की एक मुस्कान पर सिनेमाघरों में तालियों की गूंज सुनाई देती थी। संगीत प्रेमियों और राजेश खन्ना के प्रशंसकों के लिए यह शाम यादगार बनी।





**मध्यप्रदेश की श्रेया बेड़िया मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की फाइनलिस्ट**

## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है उद्देश्य...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरी पहचान केवल एक सफल मॉडल तक सीमित नहीं है, क्योंकि मेरा मानना है कि सौंदर्य तभी सार्थक है, जब वह समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बने। इसी सोच के साथ मैं पिछले तीन वर्षों से वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही हूं..., इसके लिए 'ब्यूटी विथ ए परपस' मिशन को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ा रही हूं, जिसे गति देने मैंने समाज के प्रत्येक नागरिक से सहयोग की अपील की है। मेरा उद्देश्य आर्थिक कमजोर बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना और उन्हें बेहतर भविष्य का अवसर देना है.... यह कहना है इंदौरकी श्रेया बेड़िया का, जो मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना चुकी हैं। इस अवसर पर श्रेया ने हरिभूमि से अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### शिक्षा सामजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम

श्रेया ने कहा कि मुझे बचपन से मॉडलिंग का जुनून था और अपने जुनून को नई उड़ान देने मैंने दिल्ली का रुख किया और खूब मेहनत की, तब इस मुकाम पर पहुंची हूं। मैं शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानती हूं।

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति के हाथों हो चुकी हैं सम्मानित

श्रेया के सामाजिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जस्टिस जितेंद्र कुमार महेश्वरी द्वारा सम्मानित भी किया गया है। यह सम्मान समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके सतत प्रयासों का प्रमाण है।

एनटीए द्वारा आयोजित नीट री-टेस्ट का रिजल्ट हुआ घोषित

# नीट री-टेस्ट टॉपर्स बोले- सोशल मीडिया से बनाई दूरी मेहनत और आत्मविश्वास की दम पर मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित नीट यूजी 2026 री-टेस्ट के परिणामों में भोपाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सफलता हासिल करने वाले छात्रों का कहना है कि उन्होंने तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाई, रेग्युलरली सेल्फ स्टडी की साथ ही तनाव को भगाने के लिए परिवार, शिक्षकों व दोस्तों का सहयोग लिया। उनका मानना है कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। री-टेस्ट का आयोजन 21 जून को हुआ था, जिसके परिणाम 16 जुलाई की देर रात घोषित किए गए।

### अब बनाए हैं सोशल मीडिया अकाउंट...



मुझे उम्मीद थी कि मेरी ऑल इंडिया रैंक 200 के अंदर ही आएगी। यह मेरा दूसरा प्रयास था। जिसके लिए मैं रोजाना 5-6 घंटे सेल्फ स्टडी की। शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करना मेरी सफलता का मंत्र रहा। तनाव होने पर दोस्तों से बात करता था। परीक्षा तक मैं फेसबुक और इंस्टाग्राम से पूरी तरह दूर रहा। अब मैंने सोशल मीडिया अकाउंट बनाए हैं। मेरा लक्ष्य एमबीबीएस करना है। मेरे पिता किसान हैं और माता गृहिणी हैं।

**आदर्श लोधी (ऑल इंडिया रैंक-304)**

### तनाव दूर करने के लिए मैंने माता पिता और शिक्षकों से करती थी बात...



मैं किसी विशेष रैंक की उम्मीद नहीं कर रही थी। बस इतना चाहती थी कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल जाए। नियमित अभ्यास मेरी सफलता का मंत्र रहा। शुरूआत में रोज 4-5 घंटे और परीक्षा नजदीक आने पर 8-10 घंटे सेल्फ स्टडी की। तनाव दूर करने के लिए माता-पिता और शिक्षकों से बात करती थी। मेरे पिता बैंककर्मी हैं और माता गृहिणी हैं। मैं आगे चलकर कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहती हूं।

**अरुणिमा प्रियंवदा दास (ऑल इंडिया रैंक-1058)**



### आकाश के दो स्टूडेंट्स ने नीट में पाई टॉप रैंक

**भोपाल** । आकाश इंस्टीट्यूट के दो स्टूडेंटस ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2026 में टॉप रैंक हासिल की है। जहां जबलपुर के आर्यमन सोलंकी ने आल इंडिया रैंक 46 के साथ मप्र स्टेट टापर हैं। वहीं भोपाल की अरुणिमा प्रियंबदा दास ने एआईआर 1058 हासिल की तो वहीं शहर के दूसरे टॉपर देव चौधरी हैं, जिन्होंने एआईआर 2727 हासिल की है। साथ ही दक्षिता केसरवानी के एआईआर 2382 हासिल की है। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट में टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

### सकारात्मक सोच रही मेरी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र



मैं न्यूरोसर्जन बनना चाहता हूं। यह मेरा दूसरा प्रयास था। मेरे पिता ड्राइवर हैं और माता गृहिणी हैं। सकारात्मक सोच मेरी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र रही। मैं प्रतिदिन 6 घंटे से अधिक पढ़ाई करता था। तनाव होने पर माता-पिता से बात करता था, जो हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते थे। मैं सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करता।

**तीर्थ सोनी (ऑल इंडिया रैंक-1299)**

### पहली परीक्षा और री-टेस्ट के बीच का समय रहा काफी तनावपूर्ण



मुझे उम्मीद थी कि मेरी रैंक 1000 के भीतर आएगी, लेकिन जो परिणाम मिला उससे भी मैं संतुष्ट हूं। पहली परीक्षा और री-टेस्ट के बीच का समय काफी तनावपूर्ण था। निरंतरता और यह विश्वास कि जो हो रहा है, अच्छे के लिए हो रहा है मेरी सफलता का मंत्र रहा। मैंने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी और तनाव कम करने के लिए प्रेरणादायक गीत सुने। प्रतिदिन लगभग 6 घंटे स्व-अध्ययन किया।

**दक्षिता केसरवानी (ऑल इंडिया रैंक-2382)**

### यूट्यूब पर वीडियो देख, ऑनलाइन शतरंज खेल करता था तनाव दूर




मैं अपनी रैंक से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं। मैं प्रतिदिन 3 से 5 घंटे सेल्फ स्टडी करता था और यही मेरी सफलता का आधार रहा। मेरे पिता किसान हैं और माता गृहिणी हैं। तनाव दूर करने के लिए यूट्यूब पर वीडियो देखता था और ऑनलाइन शतरंज जैसे गेम खेलता था। परीक्षा की तैयारी के दौरान मैं सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर रहा।

**देव चौधरी (ऑल इंडिया रैंक-2727)**

### नीट में सुभाष उत्कृष्ट के 23 विद्यार्थियों का चयन

**भोपाल।** शा. सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय ने एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया। नीट के परिणाम में इस वर्ष संस्था के 23 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के आदर्श लोधी ने 680, सलमान ने 640 व गीतांजलि पवार ने 603 अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## पद्मविभूषण डॉ. सोनल की नाट्यकथा 'कथा सियाराम की' आज



**भोपाल।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य जगत की प्रख्यात नृत्यांगना, राज्यसभा सदस्य (2018-2024) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. सोनल मानसिंह अपनी बहुचर्चित नाट्यकथा 'कथा सियाराम की' की प्रस्तुति लेकर भोपाल आ रही हैं। यह विशेष प्रस्तुति डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा संस्थापित नृत्य गुरुकुल कामख्या कलापीठ के गौरवशाली 50 वें वर्ष में आयोजित की जा रही है। डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा परिकल्पित एवं निर्देशित यह अनुपम नाट्यकथा संरचना भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और माता सीता के जीवन मूल्यों को शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से सजीव रूप में प्रस्तुत करेगी।

■ मानव संग्रहालय में शाम 6 बजे से आयोजन

कथा सियाराम की में राम जन्म बधाई, पुष्पवाटिका प्रसंग, सीता स्वयंवर और गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित संकटमोचन हनुमानाष्टक की नाट्यकथा के माध्यम से जीवंत प्रस्तुति दी जाएगी। यह प्रस्तुति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय ऑडिटोरियम में 18 जुलाई शनिवार को, शाम 4 बजे से दी जाएगी।

आईईएचई में प्री-मैरिटल काउंसलिंग पर विशेषज्ञों ने दिए सफल दांपत्य के मंत्र

## संवाद से सशक्त होंगे रिश्ते, खत्म होंगी दूरियां...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में शुक्रवार को मनोबल प्रकोष्ठ के द्वारा 'विशेषज्ञों के साथ संवाद : प्री-मैरिटल काउंसलिंग जागरूकता सत्र' का आयोजन संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को विवाह-पूर्व परामर्श (प्री-मैरिटल काउंसलिंग) के महत्व, स्वस्थ वैवाहिक संबंधों की आधारशिला, प्रभावी संवाद, भावनात्मक परिपक्वता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था।



### व्यावहारिक उपायों पर डाला विस्तार से प्रकाश

कार्यक्रम में कलाकुंज फाउंडेशन भोपाल की वरिष्ठ काउंसलर रुचिका जोशी ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विवाह-पूर्व अपेक्षाओं, आपसी विश्वास, प्रभावी संवाद कौशल, भावनात्मक समझ एवं परिपक्वता तथा वैवाहिक जीवन में आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक ढंग से सामना करने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संवादात्मक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न रखे। जिनका व्यख्याता ने सरल, व्यवहारिक एवं सहज भाषा में उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## विक्रमोत्सव 2026' को मिला 'गवर्नमेंट इवेंट ऑफ द ईयर' अवार्ड

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संस्कृति विभाग के महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित 'विक्रमोत्सव 2026' को बीटा अवार्ड 2026 में 'गवर्नमेंट इवेंट ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 15-16 जुलाई को देहरादून में आयोजित हिंदुस्तान 2.0 नेशनल चिंतन शिविर एवं एक्सपो के दौरान घोषित किया गया।

बीटा की टीम जल्द ही भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह सम्मान प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव भारतीय संस्कृति, विरासत और जनभागीदारी का राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। यह सम्मान मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता की राष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकृति है। इस वर्ष विक्रमोत्सव को मिला यह तीसरा राष्ट्रीय सम्मान है। इससे पहले शो ऑफ इंडिया कॉन्क्लेव 2026 में इसे कल्चरल लाइव इवेंट ऑफ द ईयर का गोल्ड और बेस्ट गवरनमेंट पार्टिसिपेशन का सिल्वर अवॉर्ड मिल चुका है।

एमसीयू में 10 दिवसीय एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

## एआई मानव बुद्धि का विकल्प नहीं, बल्कि यह ज्ञान पर आधारित तकनीक है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) में आयोजित 10 दिवसीय एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि एवं आईआईआईटी के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि एआई मानव बुद्धि का विकल्प नहीं, बल्कि ज्ञान पर आधारित तकनीक है। भविष्य में सबसे अधिक अवसर उन लोगों के लिए होंगे, जो एआई को सीखकर उसके साथ काम करना जानते हैं। एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि एआई मीडिया न्यूजरूम की कार्यप्रणाली को तेजी से बदल रहा है। इसी बदलाव को देखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रम में एआई को शामिल किया है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप डहेरिया की पुस्तक 'जनमाध्यम, युवा और मीडिया साक्षरता' का विमोचन भी किया गया।





पुस्तक जनमाध्यम, युवा और मीडिया साक्षरता का विमोचन करते अतिथि।



सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और जीवन संघर्षों से रूबरू कराते नाटक

## हिंदी विवि में 'प्रेमचंद त्रयी-वेदना के वृत्तांत' के रूप में प्रेमचंद के तीन नाटकों का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विवि में एम.ए. नाट्यकला चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कहानियों पर आधारित नाटक 'प्रेमचंद त्रयी-वेदना के वृत्तांत' का प्रभावशाली मंचन किया। इस प्रस्तुति में प्रेमचंद की तीन प्रसिद्ध कहानियां पूस की रात, सद्गति और कफन का कोलाज प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं के साथ जीवन के संघर्षों से रूबरू कराया। नाटक का निर्देशन संदीप पाटील ने किया, जबकि इन कहानियों का प्रभावशाली नाट्य रूपांतरण अमित शुक्ला द्वारा किया गया।



### आम आदमी की पीड़ा, वेदना का यर्थाथ चित्रण

यह प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद की तीन कालजयी कहानियों का केवल मंचन नहीं, बल्कि समाज की पीड़ा, असमानता, शोषण और मानवीय विडम्बना की एक सामूहिक रंग-यात्रा है। इन तीनों कहानियों को 15-15 मिनट की नाट्य संरचना में इस प्रकार संयोजित किया गया है कि प्रत्येक कथा अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखते हुए एक बड़े सामाजिक कथ्य का हिस्सा बन जाती है। जहां पूस की रात में किसान हल्कू की ठिठुरती रात में मौसम की मार के साथ एक किसान की बेबसी दिखाई तो वहीं सद्गति और कफन में भी आम आदमी की पीड़ा और वेदना का यथार्थ चित्रण किया गया।



संघ के सृजन, संघर्ष, बलिदान की कहानी

## भोपाल में महानाट्य युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार का मंचन 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र के लिए योगदान बताने वाले महानाट्य का मंचन भोपाल के रविंद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में किया जा रहा है। देश के पांच राज्यों में 53 सफल आयोजन के बाद नाटक का आयोजन राजधानी में 21 जुलाई मंगलवार को किया जाएगा। लगभग 2 घंटे की अवधि के महानाट्य युगप्रवर्तक डॉ हेडगेवार में 35 से ज्यादा कलाकार संघ की स्थापना और उद्देश्यों को अपने अभिनय से प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम नागपुर की संस्था नादब्रह्म और संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आमंत्रित किया गया है।



# न चन्नी लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, न वडिंग...कांग्रेस को मौका मिला तो पंजाब में कोई तीसरा होगा सीएम

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को पद से हटाए जाने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी शीर्ष नेतृत्व के स्पष्ट सख्त संकेतों के बाद नरम पड़ते नजर आए। उन्हें बता दिया गया पंजाब चुनाव में किसी सांसद को विधानसभा का टिकट नहीं दिया जाएगा। चन्नी और वडिंग दोनों लोकसभा के सांसद हैं। जाहिर है तय फार्मूले के हिसाब से दोनों विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नेतृत्व का इशारा बिल्कुल साफ है, जब टिकट ही नहीं मिलेगा, विधायक बनोगे नहीं तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका झगड़ा अभी से क्यों ? शीर्ष नेतृत्व ने दो टूक बता दिया है केरल की तर्ज पर विधायकों के बीच से ही नेता का चुनाव किया जाएगा। किसी नेता को कोई संशय नहीं होनी चाहिए। संगठन सर्वोपरि है। सभी अनुशासन में रहें। नेतृत्व के फरमान जारी करने के बाद पंजाब कांग्रेस में पिछले कई सप्ताह से चल रही अंदरूनी खींचतान माना जा रहा थम गई। चन्नी ने कहा कि 'हम पार्टी के सिपाही' हैं। हाईकमान जो भी निर्णय करेगा, उसे पूरी निष्ठा से स्वीकार करेंगे।

**नेतृत्व के रुख से नरमी**





### पार्टी की एकजुटता सर्वोच्च प्राथमिकता

इतना ही नहीं अब तक विधायकों, सांसदों को अपने खेमें में इकट्ठा कर ताल ठोक रहे चन्नी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह पंजाब कांग्रेस को लेकर विभाजन की तस्वीर पेश की जा रही है, वह वास्तविकता से अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा किसी नेता को नीचा दिखाने की नहीं थी, बल्कि संगठन की मजबूती के लिए अपना पक्ष रखना था। उन्होंने दोहराया कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेतृत्व पर उनका पूरा विश्वास है तथा पार्टी की एकजुटता सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही बात प्रभारी भूपेश बघेल ने पंजाब दौरे से लौट कर कही थी।

### शीर्ष नेतृत्व का असंतुष्ट नेताओं को साफ संदेश स्थिरता बनाएं रखें

दिल्ली में हुई बैठकों के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने असंतुष्ट नेताओं को साफ संदेश दिया कि सार्वजनिक बयानबाजी से पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है और अब सभी नेताओं को सामूहिक निर्णय का पालन करना होगा। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में स्थिरता बनाए रखना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### अब कांग्रेस गलती दोहराना नहीं चाहती

कांग्रेस इस बार 2021 जैसी परिस्थितियों को दोहराना नहीं चाहती। उस समय लगातार दबाव और आंतरिक संघर्ष के बीच नेतृत्व परिवर्तन हुआ था, लेकिन उसके बाद भी पार्टी को 2022 विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। इस बार कांग्रेस नेतृत्व का आकलन है कि बार-बार नेतृत्व बदलने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में अस्थिरता का संदेश जाता है। इसलिए पार्टी ने यह रणनीति अपनाई है कि विभिन्न गुटों को संगठन और चुनावी समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए, लेकिन शीर्ष नेतृत्व में बदलाव न किया जाए। यही कारण है कि राजा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखते हुए चन्नी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संतुलन साधने की कोशिश की गई है। हालांकि चन्नी ने सार्वजनिक रूप से पार्टी लाइन का समर्थन किया है, लेकिन राजनीतिक हलकों का मानना है कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। पिछले दिनों 'सारा पंजाब चन्नी दे नाल' जैसे सोशल मीडिया अभियान भी चले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि चन्नी समर्थक अपनी राजनीतिक ताकत का संदेश देना चाहते हैं। कांग्रेस नेतृत्व अब चाहता है कि पंजाब इकाई का पूरा ध्यान आाhके खिलाफ चुनावी तैयारी पर रहे।

---

## खबर संक्षेप

### सुले ने जंतर मंतर में वांगचुग से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचीं। सोनम अनशन के 20वें दिन पर हैं। सुले ने उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने की भावुक अपील की। सुले ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो विपक्ष संसद में आवाज उठाएगा।



### टीएमसी छोड़ भाजपा में आए तीनों पहुंचे रास

**नई दिल्ली।** टीएमसी के पूर्व सांसद सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक को शुक्रवार को बंगाल से भाजपा उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिया गया। नामांकन वापस लेने की समय सीमा खत्म होने के बाद तीनों नेताओं को निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने राज्यसभा सदस्य के प्रमाण पत्र सौंपे।



### ट्रेन की टक्कर से स्कूल वैन के 3 छात्रों की मौत

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार ट्रेन ने टक्कर मार दी। इसमें 3 स्कूली छात्रों की मौत हो गई जबकि 4 बच्चे घायल हो गए। गोबिंदपुर रेलवे गेट पर हादसा हुआ। हावड़ा जा रही नवद्वीप धाम एक्सप्रेस के गुजरने के कुछ ही देर बाद हुआ।



### नांदेड़ में टीचर ने 2 बच्चों समेत नदी में कुदाई कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार सुबह स्कूल टीचर ने कथित तौर पर अपनी कार गोदावरी नदी में कुदा दी। इससे टीचर और उनके 2 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पोटा बुद्रुक जिला परिषद स्कूल में तैनात सुनील मोरे कार से बेटी सारा और बेटे सुमित के साथ अमदुरा-पुणेगांव रोड परगोदावरी नदी पर बने पुल की मेटल रेलिंग से कार टकरा दी।



### राहुल दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता के घर गए

**देहरादून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर बाद दिल्ली से चार्टर्ड विमान द्वारा देहरादून पहुंचे। हवाई अड्डे से वे सीधे महानगर कांग्रेस महामंत्री आलोक मेहता के चमन विहार स्थित आवास पर गए। वहां उनके पिता और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अमर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।



---

### पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने आप और कांग्रेस पर बोला हमला

# पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार छिपे नहीं, कांग्रेस में कुर्सी की जंग चल रही

### जालंधर से किया 5,470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी ⏭ जालंधर

पीएम मोदी ने जालंधर दौरे पर 5470 करोड़ की रेल व सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां से 75 अमृत भारत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार पंजाब में नहीं है लेकिन फिर भी हम राज्य के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेव, अमृतसर-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन, करतौली पंजाब-अंबाला एक्सप्रेस ट्रेन सेवा, दौलतपुर चौक-करतौल पंजाब न्यू रेल लाइन का शुभारंभ किया। ये सेवाएं पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क को मजबूत करेंगी। पीएम मोदी मंच पर हरी पगड़ी में नजर आए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि रेलवे का जो कायाकल्प अब हुआ है। यह काम पुरानी सरकारों में हो जाना चाहिए था लेकिन पुरानी सरकारों की प्राथमिकता में ये काम ही नहीं था। उन्होंने कहा पंजाब कांग्रेस में कुर्सी की लड़ाई चल रही है।

**नियति और ईमानदारी पर उठाए सवाल**



#### आप सरकार पर जमकर बरसे

पीएम मोदी ने पंजाब की मौजूदा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार किसी से छिपे नहीं हैं। उन्होंने कहा पंजाब की सत्ता में बैठे लोग देश की राजनीति बदलने का दावा कर रहे हैं लेकिन न उनकी नियत साफ है न वो ईमानदार हैं। आप केंद्र की योजनाओं पर अपना स्टिकर लगा रही है।

#### जालंधर को स्पोर्टस हब के रूप में करेंगे विकसित

जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाने को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब के युवाओं में खेलों को लेकर जोश है। हमारी सरकार ने खेलो इंडिया योजना खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की थी। वहीं, जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। पंजाब के खेल के उत्पाद विदेशों में निर्यात हों यह हमारा लक्ष्य है जिससे पंजाब और देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

#### जींद का दूध-दही, बूरा और घेवर भूला नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि शक्तिपीठ माता जयंती का नाम और आशीर्वाद इस शहर पर बना रहता है। मेरे लिए तो जींद आना पुरानी यादों का झरोखा खोलने जैसा है। मैं बैठे-बैठे कई पुराने व परिचित चेहरे देख रहा था। कई दशक पहले मैं संगठन के काम से पहली जींद आया था। फिर आप लोगों ने मुझे जो अपनत्व व प्रेम दिया, वो आज तक मैं भूला नहीं हूं। मुर्रा भैंस का दूध-दही और घी। जींद का देसी बूरा और यहां का घेवर...ये वो यादें हैं जो जींद से जुड़ ही जाती हैं।

#### 12 वर्षों में हमने रेल नेटवर्क का 99 फीसदी बिजलीकरण किया

पीएम मोदी ने कहा कि रेलवे के बिजलीकरण की शुरुआत 1925 में हुई थी। करीब 100 साल पहले। 1925 से लेकर 2014 तक करीब 90 साल में पूरे देश के रेल नेटवर्क का करीब 30फीसदी ही बिजलीकरण हो पाया था। 70प्रतिशत क्षेत्र डीजल से चलता था। बीते 12 वर्षों में भारत के करीब 99फीसदी रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत बिजलीकरण हो गया है। इस वजह से लड़ाई होने के बावजूद भी, तेल का संकट होने के बाद भी, भारत की रेल रुकी नहीं है।

### हरियाणा के खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि अभी मैं कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा से लौटा हूं। वहां भारत ने अनेक समझौते किए हैं। लेकिन एक विषय ऐसा है, जिसपर उतनी बात नहीं हुई है। ये विषय मेरे देश के और विशेषकर हरियाणा के युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्पोर्ट्स को लेकर मेरी चर्चा हुई। इन दोनों देशों के साथ मिलकर हम स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, खिलाड़ियों की ट्रेनिंग आदि में हम बहुत काम करने वाले हैं, इससे खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा।

#### 'डबल इंजन' सरकार का आह्वान

अपने संबोधन में उन्होंने संत रविदास जी महाराज का उल्लेख किया और जालंधर में डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से अपनी मुलाकात का जिक्र कर दलित समुदाय को एक बड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई 24 फसलों पर एमएसपी और सिख संग्रहालय बनाने जैसे कार्यों का हवाला देते हुए, पंजाब में भी 'डबल इंजन' की सरकार बनाने की अपील की।

---

### केंद्र सरकार बिल लाने की तैयारी में

# 'वंदे मातरम' का अपमान करने गाने से रोकने वाले जाएंगे जेल

**संसद में आएगा बिल**



इसे भी संविधान के समान दर्जा दिया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत ' वंदे मातरम ' गाने में बाधा पैदा करना या उसका अपमान अब भारी पड़ेगा। 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में केंद्र सरकार एक ऐसा बिल लाने की तैयारी में जिसमें वंदे मातरम का अपमान करने या गाने में बाधा पैदा करने वालों को सजा मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल से पहले ही मंजूरी पा चुका 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक' तब आया है, जब गृह मंत्रालय ने दिशा निर्देश जारी कर उन सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत बजाना या गाना अनिवार्य कर दिया है, जहां राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया जाता है। जन्म और मृत्यु के देर से होने वाले रजिस्ट्रेशन को और सख्त बनाने वाला एक बिल और भी है जिसे लोकसभा में पेश किया जाना है।

#### वंदे मातरम पर भाजपा की दलील

भाजपा का कहना है कि पिछली 'सेक्युलर' सरकारों ने आजादी की लड़ाई से जुड़े 'वंदे मातरम' को उसका उचित सम्मान नहीं दिया, क्योंकि वे मुसलमानों के एक वर्ग की आपत्तियों के आगे झुक गई थीं, जिन्हें इस गीत में हिंदू प्रतीकों के इस्तेमाल पर ऐतराज था। हाल ही में ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें विपक्षी पार्टियों या अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों की राज्य सरकारों पर 'वंदे मातरम' को उचित सम्मान न देने का आरोप लगा है। फिलहाल, यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रस्तावित कानून 'अपमान' को कैसे परिभाषित करता है, क्योंकि 'वंदे मातरम' के अपमान से जुड़े कई मामले अदालतों तक पहुंच चुके हैं।

#### अपमान करना दंडनीय अपराध बन जाएगा

बहरहाल, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने के बाद राष्ट्रीय गीत का अपमान करना दंडनीय अपराध बन जाएगा। इसे गणतंत्र के अन्य महत्वपूर्ण प्रतीकों मसलन राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के समान दर्जा मिलेगा, जिनका अपमान करने पर आपराधिक कार्रवाई होती है।

---

**फिर टली जेपीसी की रिपोर्ट**

# पीएम-सीएम को पद से हटाने वाला बिल फिर रुका, वापस लिए 'असहमति' नोट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान करने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने मसौदा रिपोर्ट को अपनाने का फैसला फिलहाल टाल दिया। समिति ने माना कि इस पर व्यापक चर्चा तथा संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श की जरूरत है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने बताया कि सदस्यों की राय थी कि मसौदा रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लेने से पहले और चर्चा की जानी चाहिए। इसी कारण रिपोर्ट को अभी स्वीकार नहीं किया गया और प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में 5 सिफारिशें शामिल की थीं। यह मसौदा हाल ही में समिति के सभी सदस्यों के बीच विचार के लिए वितरित किया गया था।

#### विचार मंथन के लिए टाला फैसला

समिति की बैठक में मसौदा रिपोर्ट की प्रत्येक सिफारिश पर अलग-अलग मतदान की प्रक्रिया चल रही थी। सदस्यों ने महसूस किया कि विभिन्न पक्षों से और सुझाव लेने तथा विचार के बाद ही अंतिम निर्णय लेना उचित होगा। इसके बाद रिपोर्ट को अपनाने का फैसला टाल दिया गया। सारंगी ने कहा कि समिति ने माना कि इस पर और अधिक परामर्श की आवश्यकता है।

#### ओवैसी और सुले ने असहमति नोट वापस लिया





एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी और एनसीपी (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने असहमति नोट (डिसेंट नोट) समिति को सौंपे थे। हालांकि, जब समिति ने रिपोर्ट को अपनाने की प्रक्रिया स्थगित करने का निर्णय लिया, तो दोनों नेताओं ने अपने असहमति नोट वापस ले लिए।

### जनभागीदारी से मजबूत होगा वन संरक्षण



**राष्ट्रपति आईएफएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं**

**नई दिल्ली।** भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल वनों के प्रशासक नहीं, बल्कि भारत की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक भी हैं। समाज को वनों की सुरक्षा के कार्य में भागीदार बनाने से संरक्षण के प्रयास अधिक प्रभावी और दीर्घस्थायी बनेंगे। जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता से निपटने में वन अहम हैं।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को लगाई कड़ी फटकार


# अगर फर्ज नहीं निभा सकते तो डॉक्टर लिखना छोड़ दें

### मासूम को समय पर इलाज न देने पर भड़की सीजेआई की पीठ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 4 वर्षीय बच्ची से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में समय पर इलाज नहीं देने पर दो निजी अस्पतालों और उनके डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने दोनों अस्पतालों से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने को कहा। अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।ससीजेआई ने डॉक्टरों से कहा, अगर आप अपना फर्ज नहीं निभा सकते तो आपको अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' लिखने का कोई अधिकार नहीं है। अगर आपके पास इलाज की सुविधा नहीं थी तो आपको खुद बच्ची को दूसरे अस्पताल लेकर जाना चाहिए था। आपने उसे इसलिए नजरअंदाज किया क्योंकि वह गरीब थी?

#### पहले भी उठाए थे सवाल, पुलिस को भी सुनाई



सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में इस मामले में गाजियाबाद पुलिस की एफआईआर दर्ज करने और जांच को लेकर दिखाई गई 'अनिच्छा पर भी सवाल उठाए थे। अदालत ने इलाज से इनकार करने वाले खजान सिंह मानवी हेल्थ केयर और सेंट जोसेफ (मरियम) अस्पताल- को आरोपों पर अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

**शीर्ष अदालत ने सरकार को भी भेजा नोटिस**

अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार, संबंधित थाना प्रभारी, दोनों अस्पतालों और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किए थे। दोनों को निर्देश दिया था कि पीड़िता और उसके परिवार की पहचान उजागर न हो।

#### दो अस्पतालों ने पीड़िता को भर्ती करने से किया था इनकार

16 मार्च को बच्ची को कथित तौर पर पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। जब बच्ची वापस नहीं लौटी तो उसके पिता ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में बच्ची बेहोशी की हालत में खून से लथपथ मिली।परिजन उसे 2 निजी अस्पतालों में लेकर गए, लेकिन आरोप है कि दोनों अस्पतालों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बच्ची को गाजियाबाद के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### सीएम धामी ने किया ऐलान

# उत्तराखंड 'अग्निवीर रोजगार सेल' खोलने वाला पहला राज्य

एजेंसी ⏭ देहरादून



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया। सीएम ने बताया कि उत्तराखंड में देश का पहला 'अग्निवीर रोजगार सेल' स्थापित होगा। देहरादून में यूथ फाउंडेशन के 'युवा अग्निवीर संवाद' में सीएम ने यह जानकारी दी। सीएम ने कहा कि इस सेल के जरिए सेवामुक्त होकर लौटने वाले अग्निवीरों को राज्य सरकार की अलग-अलग योजनाओं का फायदा दिलाया जाएगा। सेल की जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की दी जाएगी जिससे कि अग्निवीरों के सामने क्या-क्या समस्याएं आ सकती हैं और कैसे उनका समाधान हो सकता है यह सुनिश्चित किया जा सके। अग्निवारों का सम्मान, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा बेहतरीन और मुफ्त ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। आयु सीमा में छूट और भर्ती में भी प्राथमिकता दी है।

पाक में बगावत के कई सुर सरकार की बढ़ी मुश्किलें

# गिलगित-बाल्टिस्तान को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से एक खास मांग की है। इस नई मांग से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, विधानसभा ने इस पहाड़ी क्षेत्र को अस्थायी प्रांत का दर्जा देने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है।

इस प्रस्ताव में क्षेत्र के लोगों को संवैधानिक और राजनीतिक अधिकार देने की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को विधानसभा सत्र में विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने अपना पूरा समर्थन दिया।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने पूरा समर्थन दिया


पीओके में प्रदर्शन करते लोग

### भारत का कड़ा रुख

दूसरी तरफ, भारत इस मामले पर हमेशा से अपना रुख साफ रखता आया है। भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं। नई दिल्ली ने पाकिस्तान के इस क्षेत्र की स्थिति बदलने के प्रयासों को हमेशा खारिज किया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के ऐसे कदमों का कोई कानूनी आधार नहीं है और इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती।

**पुराने आदेशों का दिया हवाला**

प्रस्ताव में कहा गया है कि साल 2009 के 'गिलगित-बाल्टिस्तान सशक्तिकरण और स्वशासन आदेश' ने यहां एक चुनी हुई विधानसभा बनाई थी। इससे स्वशासन को बढ़ावा मिला था। इसके बाद, साल 2018 के आदेश ने विधानसभा को कानून बनाने के अधिकार दिए। यह फैसला दिवंगत नेता सरताज अजीज की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर लिया गया था। अब विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस कमेटी की सिफारिशों को लागू करे। इससे यहां के लोगों को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में अपने प्रतिनिधि चुनने और संघीय स्तर पर प्रतिनिधित्व पाने का मौका मिलेगा।

## बलूचिस्तान में बीएलए के हमले में 45 पाक जवान मारे जाने का दावा

**क्वेटा।** बलूचिस्तान के मस्तंग जिले में पाकिस्तानी सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए है। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। उसने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान 45 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। वहीं, दर्जनों घायल हुए। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि यह हमला गुरुवार को मस्तुंग के खडकुचा इलाके में सशस्त्र समूह की फतह स्क्वाड इकाई द्वारा किया गया था। इसे समन्वित और तीव्र बताया। कहा कि सशस्त्र समूह ने कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना के कर्मियों, उनके सुरक्षाकर्मियों और बाद में घटनास्थल पर पहुंचे सैन्य सुदृढ़ीकरण को ले जा रहे बसों के काफिले पर हमला किया।


घटनास्थल पर पाक पुलिस

### सैन्य काफिले पर बढ़ते हमले

इस महीने की शुरुआत में, बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के जिवानी क्षेत्र में पाकिस्तान तटरक्षक बल के एक शिविर पर हुए हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी, जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

## 5 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी इमरान खान की पार्टी पीटीआई

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन साल से जेल में बंद हैं। इसके खिलाफ उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 5 अगस्त को पूरे पाकिस्तान में



देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। 5 अगस्त को इमरान खान को जेल में बंद होने के तीन साल पूरे हो रहे है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने अदियाला ने कहा कि विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक उनके नेता को रिहा नहीं किया जाता। इस दौरान देशभर में कई शहरों और स्थानों पर रैलियां निकाली जाएंगी। उन्होंने सरकार को पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करने की चेतावनी भी दी। बता दें, 73 वर्षीय इमरान खान मौजूदा समय में रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। इस्लामाबाद की एक निचली अदालत ने खान को 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना केस में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराने के बाद गिरफ्तार किया था।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल बस हादसे में 20 बच्चों सहित 21 की मौत


**कंपाला।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो



गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुरुवार रात कपचोरवा जिले में हुआ। किंग डेविड जूनियर स्कूल की बस शैक्षणिक भ्रमण के बाद सिपी फॉल्स से राजधानी कंपाला लौट रही थी। इसी दौरान चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क से उतरकर एक चट्टान से टकराई और पलट गई। हादसे में कई बच्चे और तीन वयस्क घायल हुए हैं।

### मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप, चेतावनी जारी

**मेक्सिको।** अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको शुक्रवार को भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा। रिक्टर



स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि मेक्सिको में आए भूकंप से प्यूर्टो माडेरो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र 10 किमी (6.21 मील) की गहराई में था।

ईरान में चाबहार पोर्ट को निशाना बनाए जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले

# अमेरिका के हमले में भारत का बनाया शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल पूरी तरह सुरक्षित

## पोर्ट के विकास को लेकर दी गई यूएस की छूट की समय सीमा भी अब समाप्त हो गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ईरान पर किए गए मिसाइल हमलों में भारत के भारी-भरकम निवेश से बनाए गए चाबहार बंदरगाह से जुड़े 'शहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल' को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। वहीं, बंदरगाह के विकास को लेकर दी गई अमेरिका की छूट की समयसीमा भी अब समाप्त हो गई है। जिसे देखते हुए मामले को आगे बढ़ाने के लिए भारत सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। जिसमें उनसे यह पूछा गया था कि क्या अमेरिका की एयरस्ट्राइक में चाबहार के शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को भी नुकसान पहुंचा है? जवाब में उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी विदेश मंत्रालय को कुछ मीडिया रिपोर्ट के जरिए मिली है। लेकिन यहां मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि टर्मिनल को अमेरिकी हमले में कोई क्षति नहीं पहुंची है और वह सुरक्षित है। बताते चलें कि अमेरिका के हमले में चाबहार बंदरगाह से जहाजों की आवाजाही के लिए मददगार यानी ट्रैफिक कंट्रोल टावर को नुकसान पहुंचा है।


अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने क्षतिग्रस्त टावर की तस्वीर को 'एक्स' पर पोस्ट किया

### भारत ने किया एक हजार करोड़ का निवेश

भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 10 साल का अनुबंध है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से नई दिल्ली ने अब तक इस कार्य के लिए कुल करीब 1 हजार करोड़ रुपए (120 मिलियन डॉलर) की धनराशि खर्च की है। जिसमें बंदरगाह के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए 250 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन भी शामिल है।

### पूर्व पीएम हसीना के प्रत्यर्पण पर विचार कर रहे

पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर किए गए बांग्लादेश के अनुरोध को लेकर उन्होंने कहा कि हमें इस मामले को बांग्लादेश से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। कानूनी और न्यायिक प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### वीजा को लेकर लोगों के मुद्दे उठाए

रणधीर ने कहा कि वीजा कार्य प्रणाली और इमीग्रेशन किसी भी संप्रभु देश की कार्यवाही से जुड़ा हुआ होता है। बावजूद इसके जब कभी भी हमें अपने देश के लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में पता चलता है जिनमें सही या प्रमाणित यात्री और छात्र भी शामिल रहते हैं। हम मामले को अमेरिकी पक्ष के समक्ष उठाते हैं, जिसका उद्देश्य भारतीयों को आ रही परेशानियों को दूर करना है।

### अफगानिस्तान, मध्य-एशिया तक सीधी पहुंच

चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है। जिसका एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक हिस्सा शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल कहलाता है। यह ईरान से होते हुए सीधे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में खुलता है। ऐसे में भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से ये काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि इसके जरिए वह अरब सागर के रास्ते पाकिस्तान को छोड़कर या उसकी परवाह किए बिना सीधे अफगानिस्तान और मध्य एशिया से न केवल जुड़ सकता है। बल्कि उनके साथ आसानी से व्यापार भी कर सकता है। मिसाल के तौर पर भारत समुद्र के रास्ते सीधे ईरान पहुंचेगा ।

### ब्रह्मपुत्र पर चीनी बांध, संवेदनशील मुद्दा

उन्होंने चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे बांध को लेकर कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। जिसमें कई बार हमने इस बाबत बने हुए अपने रुख से संबंधित पक्ष को अवगत कराया है। आज तक हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। रूस से तेल की खरीद पर शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले अमेरिका के बिल को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि हम इस पूरे घटनाक्रम पर बेहद बारीकी के साथ निगरानी बनाए हुए हैं। यूएनएससी में भारत की अस्थायी सीट को लेकर उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि परिषद के अन्य सदस्य देशों का समर्थन हमें मिलेगा।

मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल प्रोजेक्ट

# जापानी मंत्री के आरोपों को भारत ने तुरंत किया खारिज



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल परियोजना में हो रही देरी को लेकर भारत को कटघरे में खड़ा करने वाले जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा के आरोपों को नई दिल्ली ने शुक्रवार को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में बताया कि इस संबंध में भारत और जापान के बीच चल रही बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। जिसे देखते हुए परियोजना से जुड़ा पहला खंड अपने तय लक्ष्य के मुताबिक अगले साल 2027 में ही खोला जाएगा। जापान के पूर्व मंत्री के बयान को लेकर रणधीर ने कहा कि इससे जुड़ी हुई सोशल मीडिया पोस्ट से हम भी अवगत हैं। लेकिन उन्होंने जो कुछ भी कहा है वो पूरी तरह से उनकी निजी राय और बयान है। जिसका जमीनी सच्चाई और तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

### आतंकवाद पर निंदा से बौखलाया पाक

ब्रीफिंग में सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत और जापान द्वारा हालिया समय में जारी किए गए एक संयुक्त बयान में की गई निंदा से तिलमिलाए पाकिस्तान को लेकर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जापान की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। जिसमें शामिल कई मुद्दे द्विपक्षीय थे और उन्हें लेकर हमारा कुछ पक्ष भी रहा है। ऐसे में इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि संयुक्त बयान अपने आप में पूरी तरह से स्पष्ट और पर्याप्त है और इसे लेकर अन्य कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। बता दें, मामले में बुरी तरह से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने देश में जापान के राजदूत को तलब कर विरोध (डिमार्श) जताया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में हमारे कई निर्दोष नागरिक मारे गए थे। हमले के दौरान की गई बर्बरता के हम साक्षी रहे हैं और हमने भी उसे देखा था।

**भारत को मिलेगी ई-20 ट्रेन सीरीज**

उन्होंने कहा कि जापान भारत को ई-20 ट्रेन सीरीज प्रदान करेगा। जो कि 2030 के दशक की शुरुआत में ही मिल पाएंगी। क्योंकि यह आज भी विकास के चरण में ही हैं। लेकिन हम यह कह सकते हैं कि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। पहला सेक्शन 2027 में ही खोल दिया जाएगा। जिसे देखते हुए दोनों पक्षों ने भारतीय हाईस्पीड ट्रेन से संचालन शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है।

सतीश धवन स्पेस सेंटर से आज होगा लॉन्च

# पीएम मोदी का हाथ से लिखा 'वंदे मातरम' पोस्टकार्ड लेकर उड़ान भरेगा निजी रॉकेट विक्रम-1



निजी स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस करेगा प्रक्षेपित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

निजी स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि सतीश धवन स्पेस सेंटर से पीएम नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा पोस्टकार्ड, जिस पर 'वंदे मातरम' लिखा है, 18 जुलाई को कंपनी की विक्रम-1 टेस्ट फ्लाइट-1 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में स्काईरूट एयरोस्पेस ने कहा कि इस मिशन में ले जाए जाने वाले खास पेलोड में पीएम मोदी का हाथ से लिखा संदेश भी शामिल होगा। साथ ही, कंपनी की टीम, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और दुनिया भर के शुभचिंतकों के हाथ से लिखे नोट भी इसमें शामिल होंगे। ये यादगार चीजें 'मिशन आगमन' का हिस्सा हैं, जिसे कंपनी ने कई हाथों से आगे बढ़ाया गया और लाखों लोगों द्वारा साझा किया गया एक उत्सव है। यादगार चीजों के अलावा, विक्रम-1 में कॉस्मोसर्व, डी-क्यूब्ड और स्काईरूट के अपने स्कोप से टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन पेलोड ले जाए जाएंगे। साथ ही, इसमें कॉसमॉस डायमंड्स का बनाया आर्टवर्क 'कॉस्मिक ब्लूम' और एक माइक्रो-आर्ट पेलोड भी होगा।

## इजराइल की संसद भंग, अक्टूबर को होंगे आम चुनाव

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद (कनेसेट) शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर भंग हो गई। अब देश में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होंगे। संसद के भंग होने से



पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने कई अहम और विवादित विधेयकों को पारित कराया। इनमें अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स (हारेदी) समुदाय के पुरुषों की सैन्य भर्ती पर रोक से जुड़ा कानून और न्यायपालिका में सरकार का दखल बढ़ाने वाले प्रावधान शामिल हैं। हालिया जनमत सर्वेक्षणों में पूर्व पीएम नफ्ताली बेनेट और अन्य विपक्षी दलों को बढ़त मिलती दिख रही है।

सोमवार को लेंगे स्टारमर की जगह

## एंडी बर्नहम होंगे यूके के नए पीएम लेबर पार्टी के नए नेता भी चुने गए

एजेंसी ▶▶ लंदन

शुक्रवार को मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी ने घोषणा की कि एंडी बर्नहैम को पार्टी का नया नेता चुन लिया गया है। वह सोमवार को कीर स्टारमर की जगह लेंगे और आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड किंगडम के अगले पीएम बनेंगे।



निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर की जगह लेने के लिए हुए इस नेतृत्व चुनाव में बर्नहैम एकमात्र उम्मीदवार थे। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में 403 लेबर सांसदों में से 379 का समर्थन और नामांकन हासिल किया, जो इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सीमा से कहीं अधिक था। ब्रिटेन की गृह सचिव और लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की अध्यक्ष शबाना महमूद ने लंदन में आयोजित एक विशेष पार्टी सम्मेलन में यह आधिकारिक घोषणा की।

चुनाव के एकतरफा होने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल एक ही सांसद नामित था, इसलिए इसमें कोई सस्पेंस नहीं था। सोमवार को निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर औपचारिक रूप से सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके तुरंत बाद, किंग चार्ल्स तृतीय एंडी बर्नहैम को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे।

भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को मिली नई मजबूती

# नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ यूएस एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर

## 4 में से 2 और हेलिकॉप्टर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में भारतीय नौसेना को एक और अत्याधुनिक एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर मिला है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने इसे दोनों देशों की रक्षा साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इसे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए अच्छी खबर करार दिया।



भारत में अमेरिकी दूतावास ने 'एक्स' पर बताया कि लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एक और एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर भारतीय तट पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह यह हेलिकॉप्टर कोच्चि में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था और इस सप्ताह दो अन्य हेलिकॉप्टर भी पहुंचने वाले हैं। दूतावास ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।

**24 हेलिकॉप्टरों की खरीद की डील**

भारत ने अपनी नौसैनिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका से 24 एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर खरीदने का समझौता किया है। इन हेलिकॉप्टरों की चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति की जा रही है। भारतीय नौसेना इन्हें मुख्य रूप से युद्धपोतों पर तैनात करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, पनडुब्बियों की निगरानी और समुद्री सीमाओं की रक्षा मजबूत होगी।

रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स का हवाई युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026' का आयोजन

# भारतीय वायुसेना के 4 राफेल विमान अभ्यास के लिए पहुंचे ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की एक टुकड़ी युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026' में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। 'पिच ब्लैक 2026' युद्धाभ्यास 20 जुलाई से 7 अगस्त तक उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) के डार्विन, टिंडल और एंबरली बेस पर आयोजित होगा। इस युद्धाभ्यास में 20 देशों के करीब 100 जेट एयरक्राफ्ट और 2,500 से अधिक जवान हिस्सा लेंगे। भारतीय वायुसेना ने चार राफेल और दो सी-17 एयरक्राफ्ट के साथ 120 से अधिक वायु योद्धाओं को युद्धाभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है।

**मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी मजबूत होगी**

*20 जुलाई से 7 अगस्त तक होगा आयोजन*

*20 देशों के 100 एयरक्राफ्ट हिस्सा ले रहे*


ऑस्ट्रेलिया के एयरबेस पर भारतीय वायुसेना

कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह तैनाती मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त अभियान क्षमता को बेहतर बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अगले तीन हफ्तों में हमारे वायु योद्धा दूसरे देशों के अपने साथियों के साथ उड़ान भरेंगे। इसका मकसद आपसी तालमेल को बेहतर बनाना, कॉम्बैट फ्लाइंग स्किल्स को निखारना, रिश्तों को मजबूत करना और हमेशा कायम रहने वाले संबंध बनाना है।

**वायुसेना जटिल हवाई अभ्यास में भाग लेगी**

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी इंडो-पैसिफिक और यूरोप के देशों की वायु सेनाओं के साथ मिलकर जटिल हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी। इससे आपसी तालमेल को बेहतर बनाने, ऑपरेशनल जानकारी का आदान-प्रदान करने और बहुपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने का मौका मिलेगा। 'पिच ब्लैक' अभ्यास का आयोजन 1983 से डार्विन में निरंतर हो रहा है।

### फिनलैंड और स्वीडन पहली बार अभ्यास में भाग ले रहे

इस साल के आयोजन में जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के एफ-35 लाइटनिंग-2 लड़ाकू विमान और इंडोनेशिया के टी-50आई गोल्डन ईगल विमान पहली बार शामिल होंगे, जबकि फिनलैंड और स्वीडन भी पहली बार अपने जवानों के साथ इसमें हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास में अमेरिका, जापान, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, भारत, सिंगापुर, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन के विमान शामिल होंगे। साथ ही, न्यूजीलैंड, फिजी, कनाडा, ब्रुनेई, मलेशिया, फिनलैंड और स्वीडन के सैन्यकर्मी भी इसमें हिस्सा लेंगे।

# रोहित के संन्यास को लेकर अटकलें तेज, लार्ड्स में खेलेंगे आखिरी वनडे ?

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक, रोहित शर्मा के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। 19 जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा और आखिरी मैच रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित के माता-पिता, गुरुनाथ शर्मा और पूर्णिमा शर्मा, अपने बेटे के करियर के इस संभावित आखिरी मैच को देखने के लिए लंदन पहुंच गए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस रविवार लॉर्ड्स में रोहित आखिरी बार भारतीय जर्सी में खेलते हुए दिख सकते हैं।



## सिलेक्टर्स नहीं कर रहे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने पिछले हफ्ते रोहित शर्मा से मुलाकात की और टीम इंडिया की लंबी अवधि की योजनाओं पर चर्चा की। सिलेक्टर्स ने साफ कर दिया कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार नहीं कर रहे हैं और यह उनकी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज हो सकती है। सिलेक्शन कमेटी अब युवा खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहती है, जिसमें यशस्वी जायसवाल को भविष्य के ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर अहम भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है।



## रोहित के माता-पिता पहुंचे लंदन

*इसी बीच, रोहित शर्मा के माता-पिता लंदन पहुंच गए हैं और उनके लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर आखिरी वनडे देखने के लिए मौजूद रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा या बयान नहीं आया है कि यह वाकई रोहित शर्मा का आखिरी मैच होगा या नहीं।*

## पहले ही दो फॉर्मेट से विदाई ले चुके हैं

रोहित शर्मा पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट के दो फॉर्मेट से विदाई ले चुके हैं। 29 जून 2024 को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने के तुरंत बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके बाद, मई 2025 में उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अब, वह लॉर्ड्स में अपने 50-ओवर के करियर का समापन कर सकते हैं।

## रोहित का वनडे करियर

रोहित शर्मा के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2007 में अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक वह टीम इंडिया के लिए 287 वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन वनडे वर्ल्ड कप कभी भी भारत के लिए नहीं जीत सके। साल 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा तो विराट कोहली थे, लेकिन रोहित उस टीम से बाहर रहे थे। इसके चलते रोहित का हमेशा से सपना रहा कि वह भारत के लिए एक बार वनडे वर्ल्ड कप हर हाल में जीतना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज में हंसिका ने जीता रजत

**बुडापेस्ट।** अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हंसिका लांबा ने 'पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोजमा इस्तवान मेमोरियल सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। हंसिका ने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास के खिलाफ 2-7 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए वापसी करके 10-7 से जीत हासिल की। लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले में हंसिका यूक्रेन की मजबूत प्रतिद्वंद्वी नतालिया क्लीवचुत्स्का को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'प्वाइंट्स' (वीपीओ) के आधार पर 0-5 से हार गईं, जिससे उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## चैंपियंस को मिलेगा अनोखा सम्मान

# विजेता को पहली बार पहनाई जाएंगी 'चैंपियनशिप रिंग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।



### 2026 पीस का लिमिटेड एडिशन

*फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।*

### ऐसी होगी रिंग की डिजाइन

रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।

# यमाल ने फाइनल से पहले अकेले की रिकवरी ड्रिल

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल को लेकर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले फैंस की चिंता बढ़ गई है। यमाल ने अर्जेंटीना के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान अकेले ट्रेनिंग की। उन्हें लेकर चोट की थोड़ी चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि स्पेनिश फ़ुटबॉल फेडरेशन ने तुरंत इन चिंताओं को कम करते हुए कहा कि इस युवा स्टार के रविवार को अर्जेंटीना के ख़िलाफ होने वाले बड़े मुक़ाबले के लिए फिट होने की उम्मीद है।

उम्मीद है कि जब स्पेन अपने दूसरे वर्ल्ड कप खिताब के लिए खेलेगा, तब यमाल उपलब्ध होंगे। यह अलग से ट्रेनिंग सेशन यमाल के लिए एक मुश्किल सेमीफ़ाइनल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शाम का ज़्यादातर समय फ्रांस के फ़ुल-बैक लुकास डिग्ने और थियो हर्नांडेज से जूझते हुए बिताया था। हालांकि मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस डे ला फ़ुएंटे ने जोर देकर कहा कि बार्सिलोना के इस युवा खिलाड़ी को कुछ नहीं हुआ है, फिर भी 90 मिनट के एक और जबरदस्त खेल के बाद उन्हें आमतौर पर होने वाले दर्द और चोटों का सामना करना पड़ रहा था।



### चोट की चिंताओं को स्पेन ने किया कम

स्पेन ने साफ कर दिया है कि वे टूर्नामेंट के सबसे बड़े गेम से पहले कुछ भी किस्मत पर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि यमाल और पोरो दोनों रविवार के फ़ाइनल से पहले पूरी ट्रेनिंग पर लौट आएंगे और अलग सेशन टीम के रिकवरी शेड्यूल का हिस्सा होगा, न कि किसी नई चोट की चिंता का हिंट है। फ्रांस के खिलाफ जीत के बाद डे ला फ़ुएंते ने माना कि टोटेनहम के डिफेंडर को चोट लगी थी, तो पोरो का मामला थोड़ा और गंभीर लगने लगा।

### पाक स्पिनर नवाज डोपिंग के आरोप में निलंबित

दुबई। पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है। उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि उसका खेल में प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं था। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ा इलाज पूरा करने पर नवाज की सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी।


**MADHYA PRADESH POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
Office of Chief Engineer (EHT-Maintnence)
Block No. 3, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur

**TENDER NOTICE**

**Tender Notice No. CE(EHT-Maint.)/E-Tender/MT-286/462 Dtd. 13.07.2026**
Tender No. MT-286 (T. ID-2026_MPPTC_520430_1) :- Online tenders are invited for Construction of RR masonry revetment wall at various 13 Nos. tower loc. of various 10 Nos. 400/220/132 kV EHV lines through work contract under EHT-Maint., Division, Ratlam & Barwaha as per tender specifications. All Material like cement, sand, metal, RR stones, PVC pipes, water, etc.
Tender Cost - Rs. 2,360/- and due date of opening is 25.08.2026
For further details, please visit our website **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/126957/2026 **CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.)**

**//SAVE ENERGY//**


## स्थानीय खेल समाचार

### भोपाल की टीम ने 3 स्वर्ण समेत 13 पदक जीते

# दूसरे दिन तेजस, अर्णव ने जीते स्वर्ण पदक, मौली-हिमांशी ने रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इंदौर में आयोजित 54वीं सब जूनियर और मिनी ग्रुप राज्य तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन भोपाल की टीम ने 3 स्वर्ण, 9 रजत, 1 कांस्य पदक कुल 13 पदक प्राप्त किए। इनमें तेजस बाथम ने ग्रुप -3 में 100 मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक में स्वर्ण, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और मीटर फ्री स्टाइल में रजत प्राप्त किए।

अर्णव चौधरी ने बालक -2 में 50 फ्रीस्टाइल में स्वर्ण जीता, मौली आहुजा ने 200 फ्रीस्टाइल और हिमांशी लीलानी ने 100 मी बटरफ्लाई में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं ऋषभ कौशिक ने 200 ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा रिले स्पर्धा में 1 स्वर्ण, 4 रजत भोपाल टीम ने अर्जित किए।



## दो दिन में 5 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य पदक जीते

इससे पहले प्रतियोगिता के पहले दिन भोपाल की टीम ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक प्राप्त किए। धवित पाठक और तीशा पंथी ने ग्रुप -4 में 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण, तेजस बाथम और ईशान सिंह सेंगर ने रजत, मौली आहुजा ने 100 बेक, 400 फ्रीस्टाइल में कांस्य, अरनब चौधरी, किमाया तिवारी ने अपने ग्रुप में 1-1 कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके अलावा रिले स्पर्धा में 3 रजत, 1 कांस्य पदक भोपाल टीम ने अर्जित किए। इस तरह दो दिन में भोपाल के कुल 5 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य पदक हो चुके हैं। शनिवार को प्रतियोगिता का अंतिम दिन है।



## जैकेट का शेष

### उनका जवाब - भाजपा-कांग्रेस ...

दोनों दलों से संतुष्ट नहीं रहता है। पहले ये जगह बहुजन समाज पार्टी भरा करती थी लेकिन जब से बसपा से लोगों का मोह भंग हुआ है तबसे आजाद समाज पार्टी ने ये स्थान ले लिया। सेवढ़ा में तो 30 हजार वोट सिर्फ 16 दिन में आ गए थे।

- **प्रश्नः लेकिन पिछले चुनाव में तो आजाद समाज पार्टी को सिर्फ 450 वोट ही मिले थे, अब ऐसा क्या होगा ?**

**उत्तरः** कांग्रेस से निराश और भाजपा से नाराज लोगों को तीसरे विकल्प की आवश्यकता थी। मजबूत लीडर की जरूरत थी। मजबूत लीडर के रूप में चंद्रशेखर आजाद उस काम को कर रहे हैं। तीसरे विकल्प के रूप में तमिलनाडु का उदाहरण हमारे सामने है। देश और प्रदेश की राजनीति करवट ले रही है। विकास के विकल्प के रूप में हमारी पार्टी खड़ी है।

- **प्रश्नः ढाई साल पहले हुए चुनाव में आजाद समाज पार्टी का वो कद, वो प्रभाव क्यों नहीं दिखा ?**

**उत्तरः** उस समय हमारी पार्टी के दतिया प्रत्याशी ने चुनाव जैसा लड़ना था वैसा नहीं लड़ा था। उस समय हम पूरे दतिया जिले को छोड़कर एक जगह सेवढ़ा में ही ध्यान दे रहे थे। 40 प्रतिशत क्षेत्र में भी नहीं जा पाया लेकिन मुझे 30 हजार वोट मिले, मैं 10 हजार वोट से हारा था। दतिया में न मैं न अन्य कोई कार्यकर्ता प्रचार के लिए गया था। हमको नरोत्तम मिश्रा को हराना था उसमें हम सफल रहे।

- **प्रश्नः कांग्रेस से बगावत के बाद आपने दतिया छोड़ सेवड़ा से क्यों चुनाव लड़ा था ?**
- **उत्तरः** सेवड़ा में 2008 में पहली बार चुनाव लड़ा था, 8 हजार वोट आए थे। 2013 में 16 हजार वोट मिले। 2018 में कमलनाथ औ दिग्विजय सिंह के मनाने पर चुनाव नहीं लड़ा था तो कांग्रेस जीत गई थी। 2023 में फिर आजाद समाज पार्टी से लड़ा। सेवड़ा से मैं हमेशा चुनाव लड़ते आया हूं, दतिया से कभी चुनाव लड़ने का मन ही नहीं बनाया। लोकसभा चुनाव से पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष और हमने तय कर लिया था कि जिला मुख्यालय यानी दतिया से चुनाव लडूंगा। अब आगे यही से चुनाव लड़ता रहूंगा।
- **प्रश्नः आप में ऐसा क्या हैं जिसके आधार पर आप कह रहे हैं कि आई एम द बेस्ट ?**

**उत्तरः** मैं अपने दोनों प्रतिद्वंदियों की तुलना करूं तो आशुतोष तिवारी पहचान के मोहताज हैं। मैंने 10 गांवों में प्रचार के दौरान उनके बारे में पूछा एक ने भी हाथ नहीं उठाया। कांग्रेस के घनश्याम सिंह साल 2008 में चुनाव लड़े थे और तीसरे स्थान पर आए थे ऐसे में आप उनकी ख्याति या स्वीकार्यता को समझ सकते हैं। जहां तक मेरी बात है तो बिना कोई चुनाव जीते मैं आज तक छह बार किसानों के लिए जेल जा चुका हूं।

- **प्रश्नः क्या इस चुनाव में आप सरकार को हल्के में ले रहे हैं ?**

**उत्तरः** जब मैं समाजवादी पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष हुआ करता था तब मेरे नेतृत्व में किशोर समरीते नाम के एक विधायक बने थे। भाजपा की ही सरकार थी। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह की 27 सभाएं हुई थीं। फिर भी हम 5,500 वोट से चुनाव जीत गए थे। वो ट्रेंड चला गया कि जिसकी सरकार उसकी उप चुनाव में जीत। पूरे देश में भी देखेंगे तो 50-50 प्रतिशत का परिणाम आने लगा है।

- **प्रश्नः नरोत्तम मिश्रा के मैदान में नहीं होने से आप कितने खुश हैं ?**

**उत्तरः** दतिया में हारने के बाद भी नरोत्तम मिश्रा का प्रभाव और खौफ कम नहीं हुआ था। लोगों को लग रहा था कि हारने के बाद नरोत्तम और ज्यादा सक्रिय हो गए। जैसे दांतों के बीच जीभ जकड़ी रहती है वैसे दतिया की जनता नरोत्तम से जकड़ी हुई थी। इस बात से आजाद कराने की जो इच्छा शक्ति थी और उनकी दमनकारी सोच को खत्म करने की जो इच्छाशक्ति थी उसमें मजा ज्यादा था। भले ही वो कांग्रेस के राजेंद्र भारती से हार गए थे लेकिन दतिया में तो विधायक के रूप में वो ही काम कर रहे थे, इसलिए मैं उनको हारा हुआ नहीं मानता था, दतिया ने भी हारा हुआ नहीं माना था।

- **प्रश्नः** राजेंद्र भारती की आपने हमेशा मदद की इस बार क्या आपको उनसे मदद मिल रही है?
- **उत्तरः** मैं उम्मीद करता हूं कि उनसे मदद मिलेगी क्योंकि हमारा उद्देश्य एक ही है। उनके 80 प्रतिशत से अधिक समर्थक हमारा साथ दे रहे हैं। नरोत्तम मिश्रा के भी एससी और ओबीसी समर्थक अब स्वतः हमारा साथ दे रहे हैं।
- **प्रश्नः क्या घनश्याम सिंह आपके लिए चुनौती हैं ?**

**उत्तरः** घनश्याम सिंह कितनी भी ताकत लगा लें, कितना भी मजबूत दिखा दें लेकिन कांग्रेस का जो गुब्बारा है वो एक छोटी से नोंक से भाजपा फोड़ देगी। सत्ता का उपयोग, दुरूपयोग, सदुपयोग जो कुछ भी आप कह लें। संसाधनों का शासन का प्रशासन का वो सिर्फ घनश्याम सिंह के वोट को तोड़ने के लिए होगा क्योंकि हमारा वोट तो मरने को तैयार है, लेकिन झुकने को तैयार नहीं है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रं 04 ( यांत्रिक विभाग )**

क्रमांक 07/यां.वि./26 भोपाल, दिनांक - 16.07.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2026_UAD _521040_1 | CONSTRUCTION OF NALAH, DRAIN AND ROADCROSS IN FRONT MAQBARA MASJID GANGORE KI BAODI WARD 17 ZONE 04 | 4.21 | 28 Jul 2026 | 05.30 PM |
| 2 | 2026_UAD _521749_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD, DRAIN AND ROADCROSS FROM MUNNE BHAI SHOP TO RK TRADERS AT KABADKHANA WARD 16 ZONE 04 | 6.18 | 30 Jul 2026 | 05.30 PM |
| 3 | 2026_UAD _521127_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD FROM WASEEM HOTEL TO ALEEM BHAI HOUSE AT GANGORE KI BAODI ROAD QAZI CAMP WARD 17 ZONE 04 | 13.12 | 13 Aug 2026 | 05.30 PM |
| 4 | 2026_UAD _521750_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN, ROADCROSS AND CC ROAD BEHIND EHLE HADEES MASJID AREA AT NEW KABAD KHANA WARD 16 ZONE 04 | 20.88 | 14 Aug 2026 | 05.30 PM |
| 5 | 2026_UAD _521132_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN AND C.C. ROAD AT TAZIYE WALI GALI NEAR NALAH AT WARD 16 ZONE 04 | 10.36 | 17 Aug 2026 | 05.30 PM |

नियम व शर्ते - निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत mptenders.gov.in जानकारी पर देखी जा सकती है। 2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

नि.क्र. : 463/026/027

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 04 नगर निगम, भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)**

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320 Email - eephedbet@mp.nic.in

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1833 / लेखा/का.यं./ लोस्वायांवि. खंड / बैतूल / दिनांक 15.07.2026

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विकासखंड चिचोली एवं भीमपुर के विभिन्न ग्रामों में पूर्व से स्थापित हैण्डपंपों का संचालन एवं संधारण (एक वर्ष) कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| स. क्रं | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 35/2026-27 Dt. 15.07.2026 | 2026_ PHED_ 520301_1 | चिचोली | 14.50 | 29000 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली |
| 2 | 36/2026-27 Dt. 15.07.2026 | 2026_ PHED_ 520302_1 | भीमपुर | 18.10 | 36200 | 2000 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय | 15.07.2026 | 11.00 | बजे से |
| ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | 24.07.2026 | 17.30 | बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | 27.07.2026 | 11.00 | बजे से |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
बैतूल (म.प्र.)

G-15825/26

" स्वच्छता ही सेवा "

## खबर संक्षेप

### लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अनुभवों का साझा करना अत्यंत

**भोपाल।** निर्वाचन सदन मप्र में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन का आयोजन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान एवं भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में देश के सभी राज्य और अमेरिका, नेपाल, मॉरिशस सहित कई देशों के निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि, विशेषज्ञ एवं अधिकारी ऑनलाइन शमिल हुए। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने, निर्वाचन प्रबंधन में नवाचार, मतदाता सहभागिता, तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं निर्वाचन से जुड़ी वैश्विक सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर विचार-विमर्श किया।

### लगभग 10 वर्ष बाद जेल विभाग के 40 अधिकारियों को पदोन्नति

**भोपाल।** मप्र शासन के पदोन्नति संबंधी निर्णय के अनुपालन में जेल विभाग में लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को गति देते हुए लगभग 10 वर्ष बाद विभाग के 40 अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। शासन के निर्देशों के पालन में जेल मुख्यालय की ओर से सहायक जेल अधीक्षक के पद पर कार्यरत अधिकारियों को उप जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जेल मुख्यालय में आयोजित समारोह में महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं डॉ. वरुण कपूर ने पदोन्नत अधिकारियों को नई रैंक प्रदान की। समारोह के दौरान महानिदेशक जेल डॉ. वरुण कपूर द्वारा पदोन्नत अधिकारियों सुश्री ज्योति तिवारी, हरीश आर्य, दिलीप नायक एवं राकेश कुमार मिहोरिया की वर्दी पर अशोक चिन्ह लगाकर उन्हें उप जेल अधीक्षक की नई रैंक प्रदान की गई। इस अवसर पर महानिदेशक जेल डॉ. वरुण कपूर ने बधाई दी।

### 11 नंबर व 12 नंबर स्टॉप, लिली टॉकीज और जवाहर चौक क्षेत्र में नहीं हुई सफाई

# 90 नालों में आधे पर मकान-दुकानें चल रहा कारोबार, सफाई कागजों में

### अतिक्रमण के कारण मशीनें और कर्मचारी नालों के अंदर तक पहुंच ही नहीं पाते


11 नंबर स्टॉप क्षेत्र में नाले पर बने भवन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश से पहले नगर निगम ने शहर के 80 प्रतिशत नालों की सफाई पूरी होने का दावा किया था, लेकिन पहली ही तेज बारिश ने इन दावों की पोल खोल दी। कई इलाकों में नाले जाम हो गए, जिससे सड़कें और कॉलोनियां पानी में डूब गईं। पड़ताल में सामने आया कि शहर के कई बड़े नालों की सफाई सिर्फ कागजों में हुई है, जबकि हकीकत में नालों पर वर्षों से अतिक्रमण बना हुआ है।

**पहली बारिश में नगर निगम के दावों की खुली पोल**

शहर के करीब 90 बड़े नालों में से लगभग आधे पर दुकानें, मकान और अन्य निर्माण खड़े हैं। 11 नंबर, 12 नंबर स्टॉप, लिली टॉकीज और जवाहर चौक जैसे इलाकों में बड़े नालों के ऊपर पक्के निर्माण होने से सफाई करना मुश्किल हो गया है। कई जगह नाले पूरी तरह ढंक चुके हैं, जिससे बारिश का पानी आसानी से नहीं निकल पाता।

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि इन नालों की कई वर्षों से ठीक से सफाई नहीं हुई। सफाई कर्मचारी सिर्फ औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं, क्योंकि अतिक्रमण के कारण मशीनें और कर्मचारी नालों के अंदर तक पहुंच ही नहीं पाते। रहवासियों का यह भी कहना है कि दुकानों का कचरा सीधे नालों में डाला जाता है, जिससे बारिश के दौरान नाले चोक हो जाते हैं और बस्तियों में पानी भर जाता है। जोन 11 और 12 के एएचओ विशाल महेश्वरी ने कहा कि इसकी जांच करा कर कर्रवाई की जाएगी।


जवाहर चौक पर नाले पर बनी इमारत।

### मक्के की बोरियों में छिपाकर ले जा रहा 20 क्विंटल गांजा जब्त

**भोपाल।** रीवा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 क्विंटल 30 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मक्के की बोरियों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही गांजे की खेप के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में ट्रक सहित करीब 4 करोड़ 61 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत, उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान और पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा एवं उनकी टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर मनगवां बाईपास स्थित ग्राम आंबी ओवरब्रिज के नीचे घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान मक्के की बोरियों के बीच छिपाकर रखा गया गांजा मिला।

### लोगो के विरोध के बीच करना पड़ी बंद

## रवींद्र भवन के पास शिफ्ट हुई पॉलिटेक्निक की शराब दुकान


शराब दुकान हटाने का विरोध करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमएलबी गर्ल्स कॉलेज के पास चल रही शराब दुकान को पॉलेटेक्निक चौराहे से हटाकर शुक्रवार को रवींद्र भवन के पास नाले किनारे शिफ्ट किया गया है, लेकिन नई जगह पर भी स्थानीय रहवासियों, महिलाओं, कांग्रेस नेताओं और छात्र संगठनों के विरोध के चलते दुकान बंद करानी पड़ी।

विरोध को लेकर शराब दुकान को शुक्रवार रवींद्र भवन के पास शिफ्ट किया गया था। दुकान खुलने की सूचना मिलते ही स्थानीय महिलाएं, रहवासी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि यहां से एमएलबी गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं, महिलाएं और आम नागरिक बड़ी संख्या में गुजरते हैं, जबकि सामने राजभवन, रवींद्र भवन और अन्य सरकारी दफ्तर हैं। विरोध बढ़ने पर पुलिस ने समझाइश दी, लेकिन प्रदर्शन जारी रहने से ठेकेदार ने दुकान बंद कर दी।

### बाल आयोग की राज्यस्तरीय कार्यशाला

## बाल संरक्षण प्रणाली को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा शुक्रवार को मप्र काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया। पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन में बाल कल्याण समिति की भूमिका विषय पर इस कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कोठारी, महानिदेशक, मप्र काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल तथा सुधा विजय सिंह भदौरिया, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला न्यायालय, भोपाल, आयोग की सदस्य सोनम निनामा एवं अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। डॉ. अनिल कोठारी ने वर्तमान समय में बाल संरक्षण प्रणाली को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकी संसाधनों एवं डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग से वाल संरक्षण तंत्र को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है।

## पेंशनर्स कल्याण संघ ने वितरित किया चिकित्सालय में भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ द्वारा हमीदिया चिकित्सालय में चिकित्सारत रोगियों के परिजनों को प्रेरणा सेवा ट्रस्ट के माध्यम से भोजन सेवा प्रदान की गई। बतों हो कि पेंशनर्स संघ द्वारा प्रतिमाह यह सेवा उस माह के जन्मदिन धारकों की सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की वृद्धि की कामनाओं के लिए प्रदान की जाती है। आज की सेवा संगठन के माह जुलाई के जन्मदिन धारकों एवं रिंकू दास व बीबी साहू के विशेष आर्थिक सहयोग से संपन्न हुई। भोजन सेवा वितरण कार्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष आरके शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष पीसी मालवीय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर पंडित, भोपाल के अध्यक्ष अवधेश दुबे, सदस्य कन्हैया लाल गोदानी व सहयोगियों ने मिलकर पूर्ण की।

### ड्राइवर को नोट गिरने का झांसा देकर जालसाज ने की ठगी

## दस, बीस रुपए के नोट गिराकर टीचर की कार से तीन हजार रुपए चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर चौराहा पर थाने से चंद कदमों की दूरी पर एक जालसाज ने कार में बैठे ड्राइवर को नोट गिरने का झांसा देकर कार में पीछे वाली सीट पर रखा बैग चुरा लिया। बैग में तीन हजार रुपए की नगदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार मुस्कान आसुदानी पति संजय आसुदानी (42) आराधना नगर, कोटरा सुल्तानाबाद में रहती हैं और संत हिरादाराम नगर गर्ल्स स्कूल में टीचर है। उन्होंने बताया कि वह साथी टीचर रश्मि को लेकर डीआईजी बंगला चौराहा आई थी। उन्होंने अपना बैग कार में पीछे वाली सीट पर रख दिया। कार में ड्राइवर राजेश चौहान था। ड्राइवर कार से उतरकर मेडिकल स्टोर्स गया और वहां से कार की तरफ लौट रहा था। तभी अज्ञात बदमाश ने कार से कुछ दूरी पर दस और बीस रुपए के नोट गिरा दिए।

## भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री व प्रदेश प्रभारी ने किए मां पीतांबरा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को दतिया में मां पीतांबरा देवी के दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।



### मंत्री कुशवाह ने कार्यकताओं की जनसमस्याएं सुलझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।



## डबल मर्डर की पिस्टल को तालाब में ढूंढने वाले गोताखोरों को सीपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में फिलेमोन दंपती की हत्या में इस्तेमाल पिस्टल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से वीआईपी रोड बड़े तालाब से बरामद की थी। अहम साक्ष्य पिस्टल की गहरे पानी में तलाश करने वाले तीन गोताखोरों को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित किया है। गोताखोरों को 5-5 हजार रुपए का नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर उनके सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि हत्यारे प्रॉपर्टी डीलर श्रीकांत ने अपने भाई



शशिकांत के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। जब हत्याकांड ने तूल पकड़ लिया तो श्रीकांत की पत्नी और बेटे ने उक्त पिस्टल बड़े तालाब में फेंक दी। श्रीकांत ने रिमांड के दौरान पिस्टल बड़े तालाब में फेकने की बात स्वीकारी थी। इसके बाद पुलिस की टीम वीआईपी रोड पहुंची और गोताखोर मोहम्मद इमरान, मधुकर सेन और मजहर की मदद से तालाब से बाहर निकाली। तालाब में पानी ज्यादा होने और मलमा होने के कारण गोताखोरों को पिस्टल बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### एमपी एग्रो संचालक मंडल की 203वीं

## एमपी एग्रो का 504 करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज़ डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से वर्ष 2026-27 में निगम की विभिन्न विकास गतिविधियों पर 504 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

इस आशय का प्रस्ताव उद्यानिक एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में एमपी एग्रो कार्यालय के सभागार में संचालक मंडल की 203 वीं बैठक में पारित किया गया। मंत्री कुशवाहा ने कहा कि निगम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण कृषि यंत्रों तथा सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत विकास योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए

### बिट्ठन नगर सोसाइटी पर केस का इंतजार

## रोहित में बीस साल से प्लॉट का इंतजार, न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में हाउसिंग सोसाइटियों में फर्जीवाड़े को लेकर फिर शिकायत सामने आई हैं। विठ्ठल नगर और रोहित हाउसिंग सोसाइटी के पीड़ित सदस्यों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। रोहित सोसाइटी की सदस्य प्रीति सक्सेना ने बीस साल में प्लॉट नहीं देने और बिट्ठल नगर सोसाइटी के सदस्यों ने छह महीने पहले एफआईआर के आदेश पर भी अमल नहीं होने का आरोप लगाया।

विठ्ठल नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्य राजकुमार जैन ने बताया कि 22 जनवरी को उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं ने एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए थे, लेकिन छह माह बाद भी कार्रवाई अधूरी है। वहीं, रोहित समिति की सदस्य प्रीति सक्सेना ने बताया कि वर्ष 1983 से 2006 के बीच सदस्य बनने और विकास शुल्क सहित पूरी राशि जमा करने के बावजूद करीब 20 वर्षों से प्लॉट नहीं देने की शिकायत दर्ज कराई। अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि हाउसिंग सोसाइटियों से जुड़ी शिकायतों की जांच कर निराकरण के लिए सहकारिता विभाग को हिदायत दी गई है। जरूरत पड़ने पर शिविर लगाकर भी सुनवाई कराई जाएगी।

### अभा ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं मंजू

## लोगों को संस्कार, संस्कृति के प्रति जागरूक कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेगी महासभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रजि. अपना विस्तार करेगी। शुक्रवार को त्यागी पवन दास महाराज की अगुवाई में गुफा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रेखा तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से फिल्म प्रोड्यूसर मंजू गौतम को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। इस दौरान विप्र बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दीं।

**समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगी मंजू**

इस मौके पर मंजू गौतम ने कहा कि महासभा लोगों को संस्कार और संस्कृति के प्रति जागरूक कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेगी। ब्राह्मण समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। इस अवसर पर सविता मालवीय, संजना रिछारिया, विकास ओझा, रोहित दुबे, पीयूष मिश्रा, आनंद तिवारी, रामदयाल तिवारी, सुमन अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930